* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सफलता के 9 वर्ष

9 YEARS

रांची 21 जून, 2024, शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 241, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

संदर्भः कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक

# किसानों की ऋणमाफी को लेकर सीएम गंभीर

## अधिकारियों को किसानों की एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करने का भी दिया निर्देश

- किसानों को समय पर खाद-बीज करायें उपलब्ध : चंपाई सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लाभ अन्नदाताओं को मिले, इसे निश्चित तौर पर सुनिश्चित करें। किसानों की समृद्धि से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को किसानों को खाद-बीज और कृषि उपकरण समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गयी कृषि ऋण माफी योजना के तहत दो लाख रुपये तक का ऋण माफ करने की दिशा में कदम उठाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिन किसानों का कृषि ऋण बकाया है, उनके एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करें। इसके साथ मृतक लाभुकों का सही तरीके से सत्यापन करने के बाद ऋण माफी की राशि का भुगतान किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कार्यों में टाइम फैक्टर काफी मायने रखता है। ऐसे में किसानों के बीच समय पर खाद-बीज का वितरण करने के साथ अन्य कृषि से जुड़ी सामग्रियां उपलब्ध करायी जायें, ताकि वे इसका पूरा सदुपयोग कर सकें।

**खाद बीज की उपलब्धता से जुड़ी जानकारी डिस्प्ले हो:** चंपाई ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लैम्प्स -पैक्स के माध्यम से किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में सभी लैम्प्स-पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी डिस्प्ले होनी चाहिए, ताकि किसानों को सुलभता से इसकी जानकारी मिल सके।

**जल स्तर का आकलन कर बोरिंग हो:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अलग-अलग क्षेत्र में जल स्तर में काफी भिन्नताएं हैं। किसी इलाके में ग्राउंड वाटर लेवल काफी नीचे है, तो कहीं यह थोड़ा ऊपर है। ऐसे में किसी भी क्षेत्र में बोरिंग वहां के भूमिगत जल स्तर को देखते हुए किया जाना चाहिए, ताकि यह असफल साबित नहीं हो।

**बैठक में थे मौजूद:** बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, निबंधक, सहयोग समितियां सूरज कुमार, निदेशक कृषि कुमार ताराचंद, निदेशक पशुपालन किरण पासी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### कृषक संगठन तथा समूह से संवाद करें

चंपाई ने कहा कि सरकार की कृषि से जुड़ी योजनाएं तभी सफल होंगी, जब किसानों को उसका पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं को लेकर किसानों, कृषक समूहों और कृषक संगठनों से संवाद करें। उनसे उनकी समस्याओं की जानकारी लें। अगर सरकार की किसी योजना में कोई त्रुटि है, तो उसे जानने का प्रयास करें, ताकि समय पर उन त्रुटियों को दूर कर किसानों तक उसका लाभ पहुंचाया जा सके।

### पशुधन योजना के लिए तालमेल बना कर कार्य करें

चंपाई ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। ऐसे में यह योजना इस तरह से क्रियान्वित हो कि किसानों को सुलभता के साथ पशु धन मिल सके। इसके लिए जरूरी है कि पशु के साथ शेड और अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायें। इसके लिए कृषि विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निदेशालय समन्वय बना कर काम करें।

## बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाइकोर्ट ने रद्द किया

पटना (आजाद सिपाही)। पटना हाइकोर्ट ने बिहार सरकार के आरक्षण सीमा बढ़ाये जाने के फैसले को गुरुवार को खारिज कर दिया। राज्य सरकार ने शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में एससी-एसटी और ओबीसी-इबीसी को 50 से बढ़ा कर 65 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। इसे हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी थी। पटना हाइकोर्ट में चीफ जस्टिस केवी चंद्रन की बेंच ने गौरव कुमार और अन्य की याचिकाओं पर 11 मार्च को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। इधर, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी। इधर, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सरकार को आरक्षण विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट नहीं गयी, तो हम जायेंगे।

## अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार हुए अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिल गयी है। जमानत याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट में गुरुवार (20 जून) को लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। जज न्यायबिंदु की वेकेशन बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) और केजरीवाल की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपये के बेल बांड पर जमानत दी है। केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में थे। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। जमानत पर 21 दिन बाहर रहने के बाद 2 जून की शाम 5 बजे केजरीवाल ने तिहाड़ में सरेंडर किया था। इडी इस मामले में हाइकोर्ट में अपील करेगी।

पीएम श्रीनगर पहुंचे, डल झील के किनारे आज योग करेंगे

# जम्मू कश्मीर जल्द बनेगा राज्य चुनाव की हो रही तैयारी : मोदी

- 'युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव' कार्यक्रम में शामिल
- 1500 करोड़ की योजना का शिलान्यास किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जम्मू कश्मीर दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी श्रीनगर में 'युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान 1500 करोड़ के 84 प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया। इसके अलावा कृषि और इससे जुड़े सेक्टर्स के विकास के लिए 1800 करोड़ रुपये का एलान किया। इसके साथ ही शासकीय सेवाओं के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपें। प्रधानमंत्री श्रीनगर के एसकेआइसीसी में योग दिवस के मुख्य समारोह का नेतृत्व करेंगे।

**विश्व मंच पर एक बार फिर चमकेगा श्रीनगर:** प्रधानमंत्री ने कहा कि शुक्रवार को श्रीनगर में योग दिवस का मुख्य समारोह होगा, जिसे देश ही नहीं दुनिया भर में देखा जायेगा। विश्व मंच पर एक बार फिर श्रीनगर चमकेगा। इससे यहां के पर्यटन कारोबार को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था, उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वो दिन भी जल्द आयेगा, जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्ज्वल बनायेगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं। जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे।

**सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार गिर चुकी है:** मोदी ने कहा कि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार गिर चुकी है। अब सही मायने में जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान लागू हुआ है और जिन्होंने इसे अब तक लागू नहीं किया है, वो इसके दोषी हैं। आज लाल चौक में शाम तक रौनक रहती है। अब डल झील के किनारे स्पोर्ट्स कारों का शो हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा।



### आज करेंगे योगासन

प्रधानमंत्री 21 जून को योग दिवस पर सुबह 6.30 बजे से कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत एसकेआइसीसी के बैकयार्ड में डल झील के किनारे योग आसन करेंगे। इस दौरान करीब सात हजार लोग उनके साथ योग करेंगे। कुछ लोगों को विभिन्न आसनों की ट्रेनिंग दी गयी है।




2,3 BHK FLAT AVAILABLE
FOR SALE
At Bootymore & Tatisilwai
(Residential & Commercial)
On Road, Project Near & Smart Point Booty More, Ranchi
Contact Now
8521980977

आयुर्वेदिक क्षारसूत्र एवं अग्नि कर्म द्वारा सफल ईलाज शुरु
AVOID SURGERY
• PILES
• FISTULA
• FISSURES &
• PILONIDAL SINUS
आयुर्वेद की युक्ति रोग से मुक्ति
PILES CURE CENTER
& SHIVAY AYURVEDA CHIKITSALYA
सम्पर्क करें
9162732562, 7004764956
Near Madan Dhaba, Kokar, Ranchi

Ranked No. 1 Institute of Eastern India (By India Today Survey 2020)
GOAL Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
CELEBRATING 26th YEARS OF EXCELLENCE
गोल के छात्रों की बड़ी सफलता : मेहनत और लगन ने रचा इतिहास




Once again Most of the NEET 2024 Toppers of Jharkhand and Bihar are from GOAL INSTITUTE
The wait is over Now ! be the part of a Winning Team



DHANBAD CENTRE NEET RESULT - 2024 & many more...
ADMISSION OPEN
Goal's Result Oriented Classroom & Distance Learning Programs
FOUNDATION | TARGET | ACHIEVER | FRESHER | PRE - FOUNDATION | TEST & DISCUSSION PROGRAM
FACILITIES: LIBRARY, HOSTEL, TRANSPORT, SEPARATE BATCH FOR BOYS & GIRLS
GOAL Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute
Memco More, Dhaiya, Dhanbad (Jharkhand)
Ranchi : 504, 5th Floor, R.S. Tower, Lalpur, Circular Road, Ranchi | Mob.: 7564900041/42/43
9334098595
9308057050

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 68,000 रु./10 ग्राम
चांदी 96,000 रु./प्रति किलो



# जातीय सर्वेक्षण के लाभ हैं, तो नुकसान भी

## ■ लाभः योजनाओं के माध्यम से कमजोर वर्ग का होगा उत्थान
## ■ नुकसानः सर्वेक्षण के आधार पर आरक्षण देने में फंसेगा पेंच
## ■ आर्थिक सर्वेक्षण कराना भी जरूरी, मिटेंगी विषमताएं
## ■ पटना हाइकोर्ट के फैसले के बाद झारखंड को सावधानी से उठाना होगा कदम

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड सरकार ने राज्य में जातीय सर्वेक्षण कराने का फैसला कर आसन्न विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा मुद्दा उछाल दिया है, लेकिन फैसले के अगले ही दिन पटना हाइकोर्ट ने बिहार के जातीय सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर आधारित आरक्षण के फैसले को रद्द कर दिया है, उससे यह साबित होता है कि यह मुद्दा दोधारी तलवार जितना खतरनाक है। बिहार के जातीय सर्वेक्षण के बाद कांग्रेस ने जिस तरह इसे बड़ा मुद्दा बना लिया था और झारखंड सरकार ने इस दिशा में कदम उठाया है, उससे झारखंड में एक बार फिर जाति आधारित राजनीति के जोर पकड़ने की संभावना बनने लगी है। यूपी-बिहार के साथ झारखंड में जाति आधारित राजनीति का यह बड़ा स्वरूप उभर कर सामने आया है और अब सभी दल इस गंगा में डुबकी लगाना चाह रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा चुनाव से पहले जहां जातीय आंकड़ों को लेकर भाजपा को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की थी, तो वहीं भाजपा ने पलटवार किया था कि कांग्रेस देश को धर्म और जाति में बांटना चाहती है। यहां सवाल है कि जाति की राजनीति का किसी राज्य को कितना लाभ या नुकसान हो सकता है। यदि इस कसौटी पर जातीय सर्वेक्षण कराने के मुद्दे को कसा जाये, तो यह कहा जा सकता है कि इसका लाभ कम, नुकसान अधिक होता है। झारखंड पर भी यही बात लागू होती है। बिहार में जातीय सर्वेक्षण के बाद आरक्षण की सीमा बढ़ायी गयी, तो पटना हाइकोर्ट ने उसे अवैध बता कर उसे रद्द कर दिया है। सच यही है कि जातीय जनगणना के लाभ हैं, तो नुकसान भी हैं। जातीय राजनीति से तात्कालिक लाभ की उम्मीद की जा सकती है, लेकिन लंबी अवधि में यह देश और समाज के लिए नुकसानदेह ही साबित होगी। इसलिए बोतल में बंद इस जिन्न को बाहर निकालने में हड़बड़ी नहीं दिखानी चाहिए। क्या है जातीय सर्वेक्षण की राजनीति और झारखंड को इससे क्या हासिल होनेवाला है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

अपनी छठी विधानसभा के चुनाव के लिए वोट करने के मुहाने पर खड़े झारखंड में चंपाई सोरेन सरकार ने जातीय सर्वेक्षण कराने का फैसला किया है। हालांकि यह काम कब शुरू होगा और इसके आगे क्या होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन इतना जरूर है कि विधानसभा चुनाव में इस बार जातीय राजनीति का मुद्दा केंद्र में होगा। पिछले साल बिहार जातीय जनगणना कराने वाला पहला राज्य बना था और बाद में वहां आरक्षण की सीमा को बढ़ा कर 65 प्रतिशत तक कर दिया गया था, लेकिन अब पटना हाइकोर्ट ने इस फैसले को गलत करार देकर इसे रद्द कर दिया है। इसलिए झारखंड में जातीय सर्वेक्षण के फैसले के बाद अब सवाल उठने लगा है कि इसका अंतिम परिणाम क्या होगा।

### क्या कहा है पटना हाइकोर्ट ने

पटना हाइकोर्ट ने बिहार में सरकारी नौकरी और उच्च शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में जाति आधारित आरक्षण बढ़ा कर 65 प्रतिशत करने वाले कानून को रद्द कर दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार ने जाति आधारित सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर ओबीसी, इबीसी, दलित और आदिवासियों का आरक्षण बढ़ा कर 65 फीसदी कर दिया था। आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों (सवर्ण) को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को मिला कर बिहार में नौकरी और दाखिले का कोटा बढ़ कर 75 प्रतिशत पर पहुंच गया था। कोर्ट ने बिहार पदों और सेवाओं में रिक्तियों का आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 और बिहार (शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में) आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 को अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत समानता खंड का उल्लंघन बताते हुए रद्द कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार ने 2023 में बिहार विधानमंडल द्वारा लाये गये संशोधनों को चुनौती देनेवाली याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया।

### झारखंड में क्या हो सकता है

झारखंड में चंपाई सोरेन सरकार ने भी जातीय सर्वेक्षण कराने का फैसला किया है। सर्वेक्षण कराने पर विवाद नहीं है। विवाद तब सामने आयेगा, जब उसके आधार पर आरक्षण देने की घोषणा की जायेगी। यदि जातीय सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण की सीमा बढ़ायी गयी, तो क्या वह न्यायिक समीक्षा में सही ठहर सकेगी। अब तो पटना हाइकोर्ट का फैसला न्यायिक नजीर बन गया है। ऐसे में सवाल



यह उठ रहा है कि आखिर झारखंड में जातीय सर्वेक्षण से क्या हासिल होगा और सर्वेक्षण के बाद क्या होगा।

### राजनीतिक मुद्दा बनेगा जातीय सर्वेक्षण

कांग्रेस और क्षेत्रीय दल जाति आधारित राजनीति की शुरुआत पिछले साल ही कर चुके हैं। भाजपा को इससे हिचक इसलिए है, क्योंकि इससे जाति आधारित राजनीति को बल मिलने के साथ आरक्षण की नयी मांग सामने आने का अंदेशा है। सच जो भी हो, यह अच्छा है कि झारखंड सरकार राज्य में जातीय सर्वेक्षण कर आंकड़े जुटा लेगी। लेकिन यह भी सच है कि जातीय सर्वेक्षण के साथ-साथ लोगों की आर्थिक स्थिति जानना भी जरूरी है, क्योंकि उसे जानकर ही क्षेत्र विशेष के लिए आर्थिक उत्थान की कारगर योजनाएं शुरू की जा सकती हैं। आर्थिक स्थिति का आकलन निर्धनता निवारण की योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सहायक होता है, लेकिन यही बात जातीय सर्वेक्षण के बारे में नहीं कही जा सकती। इसलिए झारखंड में जातीय सर्वेक्षण के साथ यदि आर्थिक सर्वेक्षण भी हो, तो वह अधिक उपयोगी हो सकता है। लेकिन अब जिस तरह से इसका राजनीतिक इस्तेमाल होने लगा है, यह साफ हो गया है कि जातीय सर्वेक्षण को पक्ष-विपक्ष राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करेगा।

### जातीय सर्वेक्षण के अपने खतरे हैं

सैद्धांतिक रूप से तो देश के सामने यह स्पष्ट होना ही चाहिए कि किस जाति के कितने लोग हैं, क्योंकि सामाजिक विकास की कई योजनाएं इसी आधार पर संचालित होती हैं कि कहां, किस जाति की कितनी संख्या है। जाति भारतीय समाज की एक सच्चाई है और उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। जाति का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से भी महत्व है, लेकिन जातीय सर्वेक्षण के खतरे भी हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि विभिन्न राज्यों में जातियों का आकलन करने के नाम पर जातिवाद की राजनीति को नये सिरे से धार दी जा सकती है। इस बात की अनदेखी नहीं की जा सकती कि अपने देश में जातियों को गोलबंद करके किस तरह वोट बैंक की राजनीति की जाती है। देश में कई दल ऐसे हैं, जो जाति विशेष की राजनीति करते हैं। इन दलों ने विभिन्न जातीय समूहों को गोलबंद करके तरह-तरह के समीकरण बना रखे हैं। भले ही जातियों के आधार पर राजनीति करने वाले दल सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का दावा करते हों, लेकिन सच यह है कि वे जातिगत आधार पर लोगों का ध्रुवीकरण करते हैं और चुनावों के समय उसका लाभ उठाते हैं। इस तरह की राजनीति न केवल समाज को बांटने का काम करती है, बल्कि कई बार विभिन्न जातियों के बीच वैमनस्य भी पैदा करती है।

### जातीय सर्वेक्षण के क्या फायदे हैं

अगर बात करें जातीय सर्वेक्षण के फायदों के बारे में, तो बता दें कि इसको लेकर नेताओं के अपने-अपने तर्क हैं। जातीय सर्वेक्षण की मांग करने वालों का कहना है कि जातीय जनगणना से हमें यह पता चल सकेगा कि झारखंड में कौन जाति अभी भी पिछड़ेपन की शिकार है।

यह आंकड़ा पता चलने से पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ देकर उन्हें सशक्त बनाया जा सकता है। इसके अलावा यह भी तर्क दिया जाता है कि जातीय सर्वेक्षण से किसी भी जाति की आर्थिक, सामाजिक और शिक्षा की वास्तविक का पता चल पायेगा। इससे उन जातियों के लिए विकास की योजनाएं बनाने में आसानी होगी।

### जातीय सर्वेक्षण के नुकसान भी हैं

ऐसे भी लोग हैं, जो चाहते हैं कि जातीय सर्वेक्षण नहीं होना चाहिए। उनका मानना है कि जातीय सर्वेक्षण से कई तरह के नुकसान हो सकते है। जैसे यदि किसी समाज को पता चलेगा कि देश में उनकी संख्या घट रही है, तो उस समाज के लोग अपनी आबादी बढ़ाने के लिए परिवार नियोजन अपनाना छोड़ सकते हैं। इससे आबादी में तेजी से इजाफा होगा। इसके अलावा जातीय सर्वेक्षण से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ने का खतरा भी रहता है। साल 1951 में भी तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने यही बात कह कर जातीय सर्वेक्षण के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही देश की बड़ी पार्टियां हैं और उनका लगभग पूरे देश में वर्चस्व है। इनके वोटर किसी खास जाति के नहीं हैं। इसके उलट देश में कई ऐसी पार्टियां हैं, जो किसी खास जाति की राजनीति ही करती हैं। ऐसे में जातीय सर्वेक्षण से देश में जाति की राजनीति जोर पकड़ सकती है। इससे क्षेत्रीय दलों को तो फायदा होगा, लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों को ही नुकसान उठाना पड़ सकता है। जाति आधारित राजनीति का दूसरा बड़ा नुकसान यह है कि वैश्विक मंच पर अग्रिम पंक्ति में स्थान हासिल करने के लिए जाति और वर्ग विहीन समाज की स्थापना एक अहम शर्त है, लेकिन यदि देश में इस दिशा में काम नहीं होगा, तो विश्वगुरु बनने की हमारी आकांक्षा धरी की धरी रह जायेगी। इसलिए इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किये जाने की जरूरत है।

---

जाति आधारित जनगणना कराने के फैसले का स्वागत

## सरकार ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव पारित करेः ब्रह्मदेव प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** चंपई सोरेन ने सरकार झारखंड में जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला किया है, जो स्वागत योग्य है। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश इसका स्वागत करता है और यह पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच का लगातार संघर्ष और आंदोलन का प्रतिफल है। चंपई सरकार से पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच यह मांग करता है कि जल्द से जल्द जाति आधारित जनगणना करा कर ओबीसी को आरक्षण बढ़ाते हुए ट्रिपल टेस्ट कराकर निकाय चुनाव कराया जाये, ताकि ओबीसी समाज को राजनीतिक भागीदारी मिल सके। विधानसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व मंच यह मांग करता है कि जाति आधारित जनगणना करा कर ओबीसी समाज को आरक्षण



बढ़ाने का प्रस्ताव कैबिनेट से पारित कराया जाये, जिससे कि ओबीसी समाज का राजनीतिक, शैक्षणिक, आर्थिक सामाजिक भागीदारी जनसंख्या के अनुपात में मिल सके।

साथ ही शिक्षा संस्थानों में, सरकारी नौकरियां में, उच्च शिक्षण प्रस्थानों में ओबीसी को आरक्षण जनसंख्या के अनुपात में देने का प्रस्ताव पारित कराया जाये। साथ ही ओबीसी समाज के छात्र-छात्राओं के लिए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक निःशुल्क ओबीसी छात्रावास का निर्माण कराया जाये।

यदि विधानसभा चुनाव के पूर्व आचार संहिता लगने से पहले उपरोक्त मांगों को सरकार अपने कैबिनेट में प्रस्ताव पारित नहीं कराती है, तो पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच सरकार को जिला मुख्यालय से लेकर विधानसभा तक घेरेगा और सरकार का विरोध करेगा। केवल जाति आधारित जनसंख्या की गणना करने से काम नहीं चलेगा। जब तक हक और अधिकार नहीं मिल जाता है, तब तक मंच पूरे प्रदेश में लगातार आंदोलन जारी रखेगा और सरकार का विरोध करेगा।

---

## झारखंड कांग्रेस की समीक्षा बैठक स्थगित

**रांची (आजाद सिपाही)।** 21, 23 और 24 जून को होनेवाली चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक स्थगित कर दी गयी है। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि देश में हुए नीट पेपर लीक के मामले में राज्यव्यापी प्रदर्शन का आयोजन 21 जून को किया गया है। उसे देखते हुए समीक्षा बैठक स्थगित की गयी है तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में झारखंड के लिए बैठक आयोजित की गयी है, जिसमें झारखंड से वरीय नेता भाग लेंगे। इसी वजह से 23 एवं 24 जून को विभिन्न लोकसभा के लिए होनेवाली समीक्षा समिति की बैठक स्थगित की गयी है। सोनाल शांति ने बताया कि समिति अब 29 जून को रांची लोकसभा, 30 जून को चतरा लोकसभा के लिए चतरा एवं लातेहार में 1 जुलाई को लोहरदगा एवं 2 जुलाई को खूंटी तथा 3 जुलाई को धनबाद लोकसभा में समीक्षा बैठक करेगी।

---

## जातीय जनगणना और जजा भाषा-साहित्य अकादमी की स्थापना का निर्णय क्रांतिकारीः बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना कराने का सरकार का निर्णय सराहनीय है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये, कम है। जनगणना से प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर सरकार के द्वारा प्रभावी नीति बनाने में सहायता मिलेगी। इससे सामाजिक न्याय और अधिकार से वंचित झारखंड की



जाति को विशिष्ट सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उनका शैक्षणिक-आर्थिक विकास संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भेजे गये पत्र में श्री तिर्की ने सरकार के इस बहुप्रतीक्षित निर्णय की प्रशंसा की। कहा कि इसके बाद न केवल किसी भी दृष्टि से वंचित-उपेक्षित जातियों के लोगों का शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक विकास संभव हो सकेगा, बल्कि झारखंड में एक वैसे समाज के निर्माण में सहायता मिलेगी, जहां सभी के मध्य परस्पर सामंजस्य हो और सभी एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे। कहा कि इस निर्णय के साथ ही झारखंड में जनजातीय भाषा-साहित्य अकादमी की स्थापना का निर्णय भी बहुप्रतीक्षित है और इसका इंतजार झारखंड गठन के बाद से ही था। अफसोस है कि किसी सरकार ने इस दिशा में पहल नहीं की। इससे झारखंड को एक वैसी नवीन पहचान मिलेगी, जिसके लिए झारखंड का गठन किया गया था।

---

## मंत्री सत्यानंद भोगता चार दिवसीय दौरे पर पहुंचे चतरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंत्री सत्यानंद भोगता गुरुवार को चार दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे। इस दौरान मंत्री चतरा जिला डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में अयोजित जिला स्तरीय विकास योजनाओं की समीक्षा की। मंत्री को उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। बैठक में विकास योजनाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, आवास, पशुपालन, मत्स्य, विधवा



पेंशन, वृद्धा पेंशन, बिजली-पानी समस्याओं की समीक्षा की। कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार करते हुए बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। साथ ही कई योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन किया। नशामुक्त वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपायुक्त रमेश घोलप, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, जिप अध्यक्ष ममता देवी, उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, भोला साहू, चंद्रिका यादव, विनय कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 33.4 °c | 21.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |






## 11वीं जेपीएससी परीक्षा का रास्ता साफ

# हाइकोर्ट ने पीटी के मॉडल आंसर को चुनौती देनेवाली याचिका की खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेपीएससी 11वीं के प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) में जेपीएससी द्वारा जारी संशोधित मॉडल आंसर को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद जेपीएससी की दलील को सही मानते हुए याचिका खारिज कर दी। 22 जून से 11वीं जेपीएससी की परीक्षा शुरू हो रही है। ऐसे में अब इस परीक्षा का रास्ता साफ हो गया। मामले में प्रार्थी प्रियंका अनुज, जया कुमारी, सिद्धार्थ सौरभ, सहित पांच याचिका दाखिल की गई थी। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की। जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पीटी परीक्षा के बाद जेपीएससी ने 11वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का मॉडल आंसर प्रकाशित किया था, जिसके बाद जेपीएससी द्वारा मॉडल आंसर को लेकर अभ्यार्थियों से आपत्ति भी मांगी गई थी। आपत्ति मिलने के बाद जेपीएससी द्वारा सुधार कर संशोधित मॉडल आंसर निकाला गया था।

इस संशोधित मॉडल आंसर में एक और बार सुधार किया गया था। जो प्रार्थी परीक्षा में असफल हो चुके हैं, उनके द्वारा संशोधित मॉडल आंसर पर बेबुनियाद बात की जा रही है, इसलिए उनकी याचिका खारिज की गई। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक की कोर्ट में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स, सुभाषिश रसिक सोरेन ने याचिका दाखिल कर पीटी परीक्षा का संशोधित मॉडल आंसर को गलत बताया।

# राजधानी के लोग कब तक प्रदूषित हवा, पानी झेलते रहेंगे : हाइकोर्ट

## लगता है राज्य में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नाम की कोई चीज नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने बड़ा तालाब के पानी के प्रदूषित होने एवं लालपुर में नल से गंदे पानी की सप्लाई होने पर कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने मौखिक कहा है कि राजधानी रांची के लोग कब तक प्रदूषण, पानी और हवा की परेशानियां झेलते रहेंगे। लगता है कि राज्य में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नाम की कोई चीज नहीं है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची में पेयजल स्रोतों के जल संरक्षण को लेकर जनहित याचिका वर्ष 2011 से चल रही है। सरकार की ओर से कई शपथ पत्र दाखिल कर राजधानी वासियोंको स्वच्छ पानी देने एवं गर्मी जैसे मौसम में पानी की किल्लत नहीं होने का दावा किया जाता रहा है। लेकिन यह दावा हर साल फेल हो जाता है। रांची में पेयजल समस्या से निपटने के लिए सरकार को लॉन्ग टर्म प्रोग्राम बनाने की जरूरत है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि कई राज्यों में जल स्रोतों को वर्षों से बेहतर




बनाया रखा जाता है, लेकिन रांची में बड़ा तालाब , कांके डैम जैसे जल स्रोत की सफाई का दावा किया जाता है, लेकिन हर छह माह के बाद फिर वही पानी में गंदगी की समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में विशेषज्ञ से राय लेकर रांची के बड़ा तालाब सहित अन्य जल स्रोतों के पानी को वर्षों तक शुद्ध बनाये रखने की पहल की जानी चाहिए।

**कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए प्रधान सचिव :** कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को कोर्ट ने निर्देश दिया कि वह पेयजल समस्या दूर करने के लिए लॉन्ग टर्म प्रोग्राम पर फोकस करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई में नगर विकास विभाग के सचिव को भी सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इसके अलावा रांची नगर निगम के प्रशासक को भी उस दिन फिर से उपस्थित रहने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि पेयजल स्वच्छता विभाग, रांची नगर निगम और नगर विकास विभाग के आपसी तालमेल से ही रांची शहर को पानी और हवा के प्रदूषण एवं ट्रैफिक जैसी समस्याओं पर नियंत्रण किया जा सकता है।

**अगली सुनवाई 26 जून को :** कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 26 जून निर्धारित की है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान लालपुर स्थित अप्सरा होटल के पीछे न्यू कॉलोनी में सप्लाई पानी के गंदा होने की जानकारी देते हुए उसे तुरंत दुरुस्त करने का आदेश दिया। इस पर पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव ने कहा कि सीवरेज का गंदा पानी नल में पेयजल के साथ आ जा रहा है, जिसे जल्द ठीक कर लिया जायेगा।

### वाटर हार्वेस्टिंग की रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

**मामले की सुनवाई के दौरान रेनवाटर हार्वेस्टिंग में शामिल रहनेवाले रांची नगर निगम के प्रतिनिधि के रूप में शामिल तीन अभियंता भी कोर्ट के आदेश से कोर्ट में हाजिर हुए। कोर्ट ने उन्हें अधिवक्ताओं की कमेटी की रिपोर्ट में साइन करने का निर्देश देते हुए अधिवक्ताओं की कमेटी को मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की रिपोर्ट जल्द दाखिल करने का निर्देश दिया है। रांची में जलस्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैमो की साफ सफाई एवं उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई।**

# मुख्यमंत्री चंपाई से मिले पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और प्रदीप यादव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गुरुवार झारखंड मंत्रालय में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो और विधायक प्रदीप यादव ने मुलाकात की। इस अवसर पर संयुक्त रूप से मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य में जाति आधारित जनगणना कराये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दिये जाने के निर्णय पर बधाई दी। साथ ही आभार व्यक्त किया।

## कल्पना सोरेन से मिले कार्यकर्ता



रांची (आजाद सिपाही)। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से गुरुवार को कांके रोड स्थित आवास पर विभिन्न ज़िलों से आये पार्टी के कार्यकर्ताओं ने की। कार्यकर्ताओं ने इसे मुलाकात बताया।

# झारखंड सचिवालय सेवा के अफसरों का प्रदर्शन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के सभी पदाधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में दूसरे दिन भी झारखंड सचिवालय में काला बिल्ला लगा कर काम किया और विरोध प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट भवन, नेपाल हाउस सचिवालय सहित एफएफपी भवन, एमडीआइ भवन स्थित कार्यालय में सचिवालय सेवा के अधिकारियों ने सरकार की उदासीनता पर रोष जाहिर किया।

ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग सहित अन्य विभागों में भी सचिवालय सेवा के प्रशाखा पदाधिकारी से लेकर संयुक्त सचिव स्तर तक के पदाधिकारी ने विरोध प्रदर्शन किया। सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने कहा कि यह प्रदर्शन पिछले 15 दिनों से चल रहे आंदोलन का हिस्सा है, जिसमें पदाधिकारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार से गुहार लगा रहे हैं।

इस अवसर पर झारखंड सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद और महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने कहा, हमारी मंशा कार्य में बाधा पहुंचाने की नहीं है, परंतु कार्मिक विभाग के कुछ पदाधिकारी, जो लगातार संघ के सदस्यों के हितों के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं, के कारण संघ के पदाधिकारियों में रोष व्याप्त है। अगर सरकार इसके बाद भी कोई सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो संघ बाध्य होकर उग्र प्रदर्शन भी करेगा।

### मुख्य मांगें

- संयुक्त सचिव और उप सचिव के अतिरिक्त पदों का सृजन।
- सेवा के पदाधिकारियों की प्रोन्नति में कार्मिक विभाग का संकल्प संख्या 3286, दिनांक 04.04.2014 को पूर्णतः लागू करना।
- झारखंड सचिवालय सेवा के प्रशाखा प्रदाधिकारी, अवर सचिव तथा उच्चतर पदों पर शीघ्र प्रोन्नति।
- सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों को नियमित नियुक्ति के माध्यम से शीघ्र भरना।

झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाला

## हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई पूरी हो गयी। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। गुरुवार को राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने अपनी बहस पूरी की। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की। इस संबंध में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया। आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।**

# दुबलिया में 318 करोड़ की लागत से इंटर स्टेट बस टर्मिनल बनाने की तैयारी, कंपनी की तलाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने रांची रिंग रोड के पास दुबलिया में आइएसबीटी (इंटर स्टेट बस टर्मिनल) बनाने का विचार तय कर रखा है। इसके लिए 318.57 करोड़ रुपये का बजट भी तय किया गया है। 38 एकड़ जमीन पर बनने वाले आइएसबीटी की यह योजना 2022 की ही है, पर अब तक इसके निर्माण के लिए योग्य कंपनी की तलाश जारी है। अब एक बार फिर जुडको ने इसके लिए पहल करते हुए टेंडर निकाला है। 22 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। 23 जुलाई को इसे खोला जायेगा।

**राजधानी को जाम मुक्त करने की तैयारी :** जुडको की मानें तो राजधानी को जाम मुक्त करने के लिए आइएसबीटी बनाने का प्लान है। झारखंड से सटे राज्यों



छत्तीसगढ़, बिहार, ओड़िशा और अन्य राज्यों के बीच आवागमन के लिए कांटाटोली बस स्टैंड से वर्तमान में गाड़ियां चलती हैं। आइएसबीटी होने से इन राज्यों से गाड़ियां सीधे रिंग रोड से बस टर्मिनल में पहुंचेंगी। इससे कांटाटोली बस स्टैंड से गाड़ियों की सेवाएं बंद होंगी और ट्रैफिक समस्या से निजात भी मिलेगी। दुबलिया बस टर्मिनल से कांटाटोली के बीच सिटी बस सर्विस मिलेगी, ताकि यात्रियों को टर्मिनल तक आने-जाने में सहूलियत हो।

गौरतलब है कि राजधानी में बस टर्मिनल (आइएसबीटी) बनाने की कोशिश 2008 से जारी है। 2008 में नामकुम के सरवल में इसे तैयार करने का प्लान बना। विरोध हुआ। 2010 में आरआरडीए ने कांके के सुकुरहुटू में इसके लिए विचार किया। 2021 में इसके लिए स्वीकृति दी गयी। 2023 में इस पर काम भी शुरू हो गया। सरकार ने इसी दौरान दुबलिया में टर्मिनल बनाने की घोषणा की। 2022 में इसके लिए स्वीकृति दी गयी। इसके बाद जुडको ने 2022 में टेंडर निकाला, पर इसे रद्द करना पड़ा। मई 2023 में भी टेंडर निकला, पर कोई कंपनी नहीं आयी और जुलाई में इसे भी रद्द कर दिया। अब फिर से टेंडर जारी कर आवेदन मांगा गया है।

## माननीयों की वेतन वृद्धि पर बाबूलाल का सरकार से सवाल

# खुद के इंतजाम के लिए किस बटुये से आते हैं पैसे

### कौन से पेड़ से होती है धनवर्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक में सीएम, मंत्री, सचेतक, विधायकों को मिलनेवाली राशि, सुविधाओं में बढ़ोत्तरी का भी निर्णय हुआ। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाया है। बढ़ोत्तरी को लेकर अपनी आपत्ति भी जाहिर की। सोशल मीडिया के जरिये कहा कि सरकार के पास पैसों की कमी सिर्फ गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए है। जहां गठबंधन सरकार के पास महिलाओं को चूल्हा खर्च देने के नाम पर 2000 रुपये तक नहीं हैं। जहां बेरोजगारी भत्ता देने में सरकार की रूह कांप उठती है। जहां किसानों की दो लाख तक कर्ज माफी करने में सरकार के पास पैसे नहीं बचते हैं, जहां गरीबों की थाली में दो वक्त की रोटी मुहैया कराने में पैसे की कमी हो जाती है। उसी गठबंधन सरकार के लिए खुद के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है। बाबूलाल ने लिखा है कि झारखंड की आम जनता के भविष्य और जीवन यापन के लिए सरकार के पास दो आना भी नहीं है। ये कैसी सरकार है जिसकी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने में सांसें फूलने लगती हों। छात्रों के लिए नौकरी का विज्ञापन निकालने में हाथ थरथराने लगते हों। मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने में जिनका खजाना खाली हो, महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में जिनके पैरों के नीचे को जमीन खिसक जाती हो। गरीबों के बेहतर जीवन यापन की गारंटी देने में जिनकी कलम चलनी बंद हो जाती हो। किसानों के साथ न्याय करने में जिनके पसीने छूटने लगते हों। झारखंड की जनता जानना चाहती है कि जब बात खुद के इंतजाम की आती है, तो इतने पैसे सरकार के किस बटुये में आ जाते हैं। सरकार के आंगन में लगा वह कौन सा पैसों का पेड़ है, जो सत्ताधारियों-जन प्रतिनिधियों के लिए ही धन की वर्षा करता है और सभी के वेतन में इजाफा कर दिया जाता है।

# जातिगत जनगणना से हर वर्ग के विकास का द्वार खुलेगा: प्रदीप यादव

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना से हर वर्ग के विकास का द्वार खुलेगा। चंपाई सोरेन सरकार ने जातिगत जनगणना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे राज्य अब जितनी भागीदारी उतनी हिस्सेदारी मिलेगी। प्रदीप यादव गुरुवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कैबिनेट के सदस्यों सहित कांग्रेस और गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने राहुल गांधी को भी धन्यवाद दिया कि उन्होंने ने इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया। प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर लगातार इसे लेकर सरकार से बात कर रहे थे। प्रदीप यादव ने कहा कि यह निर्णय राज्य के दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, वंचितों, अल्पसंख्यक और मूलवासियों को राज्य के विकास में भागीदार बनायेगा। भाजपा ने साजिश के तहत जिस तरह एक बड़े हिस्से को अधिकार से वंचित रखा था। भाजपा नेताओं को चाहिए कि वह केंद्र सरकार पर पूरे देश में जगणना के लिए दबाव बनायें। झारखंड सरकार का यह निर्णय देश में संदेश देगा कि कांग्रेस और गठबंधन की सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह गंभीर है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष शहजदा अनवर, अमल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सोनल शांति भी उपस्थित थे।

# आर्मी की कैंटीन की तर्ज पर पुलिस के बनेंगे स्मार्ट कार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के जवानों के लिए खुशखबरी है। झारखंड पुलिस भी अपने जवानों के लिए स्मार्ट कार्ड बनाने की तैयारी में है। सेना की कैंटीन की तरह झारखंड पुलिस के जवानों को भी कैंटीन में कम दामों पर सामान मिलेंगे। राज्य के 40 हजार पुलिसकर्मियों को स्मार्ट कार्ड से फायदा होगा।

अब झारखंड पुलिस के जवान पुलिस कैंटीन में स्मार्ट कार्ड के जरिये भी खरीदारी कर पायेंगे। स्मार्ट कार्ड पर खरीदारी सिर्फ पुलिस और फिर उसका पारिवारिक सदस्य ही कर सकता है। जीएसटी में 50 प्रतिशत तक की भी छूट । इस संबंध में आइजी मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को पत्र भेजा है। लिखे पत्र में कहा



गया है कि राज्य के सभी पुलिसकर्मियों को केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार की कैंटीन का कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है। यह कार्ड किसी भी कैंटीन में वैध होगा। कैंटीन से सामान खरीदते समय स्मार्ट कार्ड लेकर आना जरूरी होगा। इसी कार्ड के आधार पर सामान मिलेगा। इसमें सामान खरीदने की सीमाएं और रेट दोनों तय होगी। उनको उतना ही सामान मिलेगा, जितना केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार तय करेगा।

## रोटरी क्लब कोडरमा ने किया जोनल मीट कार्यक्रम का आयोजन




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** स्थानीय शिव वाटिका में रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा जोनल मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सत्र 2024 –25 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन विपिन चचान और जिला की फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चचान भी उपस्थित थी। उल्लेखनीय रहे कि जिला 3250 के अंतर्गत जोन 8 में मुख्यता तीन क्लब आते हैं जो असिस्टेंट संगीता शर्मा के नेतृत्व सेवा के क्षेत्र में अपना कार्य करेंगे। रोटरी क्लब कोडरमा रोटरी क्लब नवादा और रोटरी क्लब हजारीबाग जागृति इस क्षेत्र में आते हैं। यह जोनल मीट सभी अध्यक्ष सचिव, जोनल चेयर्स के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर था। सत्र शुरू होने से पहले सत्र की तैयारी को लेकर यह विशेष आयोजन किया गया। जिसकी मेजबानी रोटरी क्लब कोडरमा की पूर्व अध्यक्ष और सत्र 2024 25 की असिस्टेंट गवर्नर रो संगीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन आने वाले सत्र 2024–25 के अध्यक्ष रो अमित कुमार ने किया। रो संगीता शर्मा ने सभा को जोनल मीट के उद्देश्य एवं कार्य प्रणालियों से अवगत कराया। रोटरी क्लब ऑफ नवादा के अध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद ने भी अपने विचारों को रखा और कहा कि रोटरी के माध्यम से जन सेवा के कार्यों को और मजबूती दी जायेगी। रोटरी क्लब हजारीबाग की अध्यक्ष रोटेरियन मंदिरा गुप्ता ने कहा कि आने वाले दिनों में जोनल के हम सभी साथी मिलकर रोटरी के विजन को आगे बढ़ायेंगे। आने वाला सत्र एक बेहतरीन सत्र होगा आने वाली सत्र की जिला की प्रथम महिला रो शिल्पी चाचन ने भी सभा को संबोधित करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी धन्यवाद ज्ञापन रोटरी क्लब आफ कोडरमा के पूर्व अध्यक्ष जय कुमार गंगवाल ने किया, रोटरी क्लब के सेक्रेटरी नवीन जैन ने कहा कि आने वाले सत्र में असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा के नेतृत्व में रोटरी कोडरमा सेवा के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम करेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश जैन, माला दारूका, संतोष सिन्हा, विकास सेठ, रितु सेठ, नवीन आर्य, आरती आर्य, धर्मेंद्र प्रसाद, सुशील छाबड़ा, सिमरनजीत सिंह आदि का योगदान रहा। मौके पर हजारीबाग रोटरी क्लब के जोनल टेक ऑफिसर अमित रंजन, रीता लाल, सुरेश प्रसाद, डीके गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, डॉ. प्रोफेसर ओमप्रकाश साहू, कुमार रंजन आदि रोटेरियन उपस्थित थे।

## एसबीएम के आर्थो वार्ड की ऑपरेशन मशीन खराब



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल जो पहले हजारीबाग का सदर अस्पताल हुआ करता था, परंतु जब से यह शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल बना है स्थिति और बद से बदतर हो गयी है। लोगों को उम्मीद तो बहुत हुई थी कि अभी अस्पताल मेडिकल कॉलेज हो गया है परंतु अस्पताल लोगों को उम्मीद पर खरा नहीं उतर पा रहा है। हालत यह है कि अस्पताल की ऑर्थो वार्ड के ऑपरेशन थिएटर की एक मशीन लगभग 20 दिनों से खराब है और इसके कारण कई ऑपरेशन लंबित पड़े हुए हैं मरीज परेशान है पर देखने वाला कोई नहीं है । इसकी खबर जब भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद को लगी तो वह जांच करने अस्पताल पहुंचे और ऑर्थो वार्ड में जाकर मरीजों का हाल–चाल भी जाना। तत्पश्चात मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि एक मशीन के कारण 20 दिन से इस वार्ड में ऑपरेशन बंद है। हालात बद से बदतर है और अस्पताल प्रबंधन इस पर कोई काम नहीं कर रहा है। उन्होंने इस पूरे मामले के लिए सरकार को भी दोषी ठहराया है। वही इस पूरे मामले में उन्होंने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुप्रीटेंडेंट डॉक्टर विनोद कुमार से वार्ता की और जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की बात उनसे कहीं। अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट डॉ विनोद कुमार ने आश्वासन देते हुए बताया की ऑपरेशन थिएटर की जो मशीन खराब है वह आर्डर कर दी गयी है। शनिवार तक वह मशीन हजारीबाग पहुंचने की संभावना है। अगर मशीन हजारीबाग पहुंच जाती है तो अगले दिन से ऑपरेशन फिर से स्टार्ट हो जायेगा। उन्होंने बताया की फिल्म सिर्फ मशीन के उसे पाट्र्स का हजारीबाग पहुंचने में हो रहा है अगर वह हजारीबाग पहुंचती हो तो जल्द से जल्द ऑपरेशन शुरू कर दिया जायेगा अब देखना यह है कि ऑर्थो वार्ड किया मशीन कब हजारीबाग पहुंचती है और कब हजारीबाग से भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती मरीजों को राहत मिल पाता है।

## मंत्री बनने के बाद पहली बार अन्नपूर्णा देवी पहुंची हजारीबाग, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कोडरमा से सांसद और वर्तमान में केंद्र सरकार में महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी मंत्री बनने के बाद गुरुवार को पहली बार हजारीबाग पहुंची। हजारीबाग परिषदन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव ने भी उनसे मुलाकात की और पुष्प गुच्छ दे कर उनका स्वागत किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने ह्यूमन ट्रैफिकिंग पे राज्य सरकार के साथ मिल कर काम करने की बात कही तो वही राज्य में महिला बाल विकास के लिए काम करने वाले डिपार्टमेंट में खाली पड़े पदों को राज्य सरकार से बात कर भरने की भी बात कही है। वही विधानसभा चुनाव पे बात करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा की अभी दिल्ली में भाजपा प्रदेश भाजपा और केंद्रीय समिति के बीच वार्ता हुई है और आने वाले समय में यह पता चल जायेगा की क्या कुछ निर्णय लिया गया है। वही आजसू के सवाल पे उन्होंने कहा की ये भाजपा की बैठक थी उसमे दूसरे घटक दल के बारे में बात नही हुई है। इचाक थाना क्षेत्र परासी गांव के करौंजा मुहल्ले के शमशान घाट में रात के अंधेरे में दो शव को जलाने और इचाक के परासी से पति–पत्नी के गायब होने के मामले पर पूछे जाने पर कहा की आपलोग से मामले की जानकारी मिली है, एसपी से बात करेंगे की क्या सत्यता है। इस घटना में जो भी दोषी होंगे वे बचेंगे नहीं उनपर कार्रवाई होगी। स्वागत करने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, भैया अभिमन्यु, हरीश श्रीवास्तव, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, सुनील मेहता, प्रणव वर्मा भुनेश्वर पटेल, सेफालि गुप्ता, कुमकुम देवी, रमेश हेंब्रम, महेंद्र राम, मूलचंद साव, ग्रामीण विकास समिति के सचिव सुनील कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

# कोचिंग संचालक दंपति 6 दिन से लापता, आक्रोश

**करोंजा टोला के श्मशान घाट में शव जलने के मामले का भी नहीं हो पाया खुलासा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के इचाक बाजार पोस्ट ऑफिस स्थित दिल्ली कोचिंग सेंटर के संचालक दंपति 14-15 जून की रात रहस्यमई तरीके से गायब हो गये, वहीं दूसरी ओर कोचिंग सेंटर से डेढ़ किलोमीटर दूर परासी श्मशान घाट में उसी रात दो अज्ञात लाश गुपचुप तरीके से जलाये जाने की मामला तुल पकड़ते जा रहा है। घटना के बाद से पूरे प्रखंड के जनता में आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों का कहना है घटना के 6 दिन बाद भी कोचिंग सेंटर संचालक दंपति का कुछ पता नहीं चलना और करोंजा टोला में गुप चुप तरीके से शव जलाने के मामला का पर्दा फांस नहीं कर पाना पुलिस की कमजोरी है। दंपति इचाक बाजार पोस्ट ऑफिस के समीप दिल्ली कोचिंग सेंटर चलाते थे और वहीं रहते थे। राहुल प्रसाद मेहता और उनकी पत्नी पूजा यादव 14- 15 जून की रात से रहस्य में ढंग से लापता हो गये थे।

### विद्यार्थियों ने लगायी खोजबीन की गुहार

कोचिंग के विद्यार्थियों ने इचाक थाना में आवेदन दिया और पुलिस से शिक्षक दंपती के सकुशल वापसी की गुहार लगायी। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा आवेदन मिला है। साथ ही कोचिंग संचालक के पिता ईश्वर महतो ने भी थाना में आवेदन दिया है इसमें पुत्र राहुल कुमार और बहू पूजा यादव को 15 जून की शाम से लापता होने की बात कही गयी है। आवेदन में कहा है कि लापता दंपती इचाक बाजार के अपने भवन में विद्यार्थियों को ट्यूशन पढ़ाते थे।

**गुरुवार को श्मशान घाट से पुलिस ने चूड़ी, कड़ा और चाकू बरामद किया था:** परासी गांव में किसी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है तो रात में किसका शव जलाया गया। घटना को लेकर इचाक पुलिस भी हरकत में आई और बुधवार को शव जलाये गये स्थान पर जाकर जांच की। श्मशान घाट से लड़की की जली हुई चूड़ी, कंगन और युवक का पहनने वाला लोहा का कड़ा, खून से सन्ना हुआ चाकू बरामद किया गया। श्मशान घाट से बरामद सामग्री की जांच करने में पुलिस जुटी है। लापता दंपती का मोबाइल नंबर का लोकेशन की सीडीआर जांच की जा रही है। इधर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी मामले पर कहा की एसपी से बात कर घटना की जानकारी लूंगी। इस घटना में जो भी दोषी होंगे वो बचेंगे नहीं।

### एक्शन मूड में दिखे सांसद मनीष जायसवाल, अधिकारियों संग की बैठक

## पेयजल और रोड निर्माण से जुड़ी समस्या दूर करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** सांसद का शपथ लेने से पूर्व ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल जनसमस्याओं के समाधान के लिए एक्टिव और एक्शन मोड में नजर आये। गुरुवार की सांसद मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव संग जिले के बरही अनुमंडल के जल समस्या और राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण से उत्पन्न समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागों के आलाधिकारियों से सर्किट हाउस में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान भीषण गर्मी में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विशेषकर बरही और चौपारण में जल्द से जल्द जलापूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। विभिन्न पंचायतों में संचालित जल नल योजना की त्रुटियों को जल्द दूर करके पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी करने की बात कही। राज्य सरकार द्वारा प्रति पंचायत में निर्धारित पांच चापाकलों के निर्धारित स्थलों पर नियमानुसार लगाने की बात कही। बरही अनुमंडल क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निजात के लिए खराब जलमीनर का तत्काल मरम्मती, खराब चापानल का मरम्मती, बंद पड़े जलापूर्ति योजना को चालू करने और गांवों में एसएलडब्लूएल के अंतर्गत बनाये गये सोख्ता, गड्ढा, नाडेप का शीघ्र भुगतान करने को निर्देशित किया गया। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित खपरियावां स्कूल खराब चापानल को यथाशीघ्र बनवाने का निर्देश दिया। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, मनोज कुमार मुंडारी, सहायक अभियंता बरही अनुमंडल निखिल कुमार, जेई, चौपारण, बरही और पदमा के विमल कुमार, जिला समन्वयक मनीष कुमारसहित अन्य लोग मौजूद रहें। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल, मनोज यादव, राकेश रंजन, आरती कौशल, प्रीति गुप्ता, उदय राणा, राजदेव यादव, सुनीता देवी, अर्चना हेमरोम, ममता कुमारी, संतोष सिंह, पप्पू रजक, खीरु यादव, राजेन्द्र कुशवाहा, कैलाश पासवान, मोहन साव, तुलसी यादव, अमित साहु, रमेश ठाकुर, बिजय यादव, गुरुदेव गुप्ता, राजकुमार भुइंया, नरेश पासवान, इंदर देव ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहें ।

### सिस्टम पर हावी तस्कर: क्या सिस्टम को मैनेज कर होती है तस्करी?

## फिर शुरू हुआ चरही, चुरचू और आंगो में कोयले का अवैध कारोबार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चरही।** कोयला तस्करी के लिए हजारीबाग जिला खूब चर्चा में है। रांची में आयोजित एक बैठक में सीएम चंपाई सोरेन ने कोयला तस्करी पर अफसरों को फटकार लगायी थी। बावजूद इसके इसका असर हजारीबाग में देखने को नहीं मिल रहा है। हल्ला हंगामा शांत होने के बाद एक फिर कोयले का अवैध कारोबार शुरू हो गया है। अवैध कारोबार शुरू होने से फिर एक बार कोयला तस्कर कोयला आधारित क्षेत्र में घूमने लगे हैं और कोयला भंडारण कर बाहर की मंडियों में भेजना शुरू कर दिया है। यह जानकारी हजारीबाग के पुलिस सूत्रों ने दी।



**तीन दिन तक बंद रहा कोयला तस्करी, फिर हुआ शुरू:** सूत्रों ने बताया कि राजधानी से दबाव पड़ने के बाद तस्करी पर विराम लगा था, लेकिन मामला ठंडा पड़ते ही कोयला तस्करी शुरू हो गयी है। तस्करी पर तीन दिन तक रोक लगा रहा। लेकिन मामला जैसे ही शांत पड़ा तस्कर पाने काम में जुट गये। कोयला तस्करों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके कारण फिर से काम चालू हो गया है।

**व्यवस्था मैनेज कर अवैध कारोबार करने का दावा!:** इधर सूत्रों ने बताया कि अवैध कारोबारी पूरी व्यवस्था को मैनेज कर कारोबार करने का दावा कर रहे हैं। उस दावे में सच्चाई भी दिख रही है। क्योंकि कारोबार हो रहा है, लेकिन कारोबार रोकने वाले मौन है। इसके कारण ही कोयला तस्कर अपना काम कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि पूरी रात तय स्थान पर अवैध कोयले का भंडारण होता है। रात में ही ट्रकों के माध्यम से कोयला बाहर भेजा जा रहा है। इतनी गतिविधि होने के बाद भी किसी का ध्यान नहीं जाना ही कई गड़बड़ियों की ओर इशारा करता है। हालांकि पर्दे के पीछे रहकर बड़े खिलाड़ी खेल रहे है। इसका खुलासा आजाद सिपाही जल्द करेगा।

### आंगो, करगी और चनारों से शुरू हुआ कारोबार

इधर कारोबार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि चरही थाना क्षेत्र कोयला तस्करों का सेफ जोन माना जाता है। इसके कारण सबसे पहले चरही इलाका में ही काम शुरू होता है। अवैध कारोबार करने के मामले इससे भी ज्यादा सुरक्षित चूरचू और आंगों को माना गया है। क्योंकि पूरा इलाका जंगली है। इसके कारण लोगों की आवाजाही का कम होना भी है। इसके चलते कारोबार में कोई परेशानी नहीं होती है। फिलहाल चरही थाना क्षेत्र चनारों, चूरचू थाना क्षेत्र करगी और आंगों में कोयला तस्करी का हरी झंडी मिला है।

## पानी, बिजली और सफाई की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन

**प्रशासन की लचर व्यवस्था के खिलाफ उठी जनता की आवाज**

**बिजली पानी और साफ सफाई का निदान नहीं तो बंद करेंगे टैक्स: शालिनी**

आजाद सिपाही संवाददाता






**झुमरीतिलैया।** झुमरीतिलैया शहर में पानी, बिजली और सफाई की समस्याओं को लेकर जिला परिषद की पुयरव अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने समर्थको के साथ गुरुवार को विद्युत कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। धरने के दौरान शालिनी गुप्ता ने कहा कि झुमरीतिलैया में पानी, बिजली और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली की 23 घंटे की निर्बाध आपूर्ति नहीं हो रही है और 1 घंटे का मेंटेनेंस कार्य भी समय पर नहीं किया जा रहा है। बिजली की कटौती से न केवल जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। शालिनी गुप्ता ने बताया कि 2014-15 में 60-70 लाख रुपये का टैक्स वसूला जाता था, जो अब बढ़कर 6-7 करोड़ रुपये हो गया है। इसके बावजूद सुविधाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन गंभीर समस्याओं का समाधान नहीं करता है, तो जनता टैक्स देने की व्यवस्था पर पुनर्विचार करेगी। कई वार्डों में पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है। कहीं पाइपलाइन नहीं बिछाई गयी है और जहां बिछाई गयी है, वहां पानी नहीं पहुंच रहा है। सप्लाई पानी का कनेक्शन शुल्क भी बढ़ा दिया गया है, जिससे जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। नगर परिषद पानी का मासिक शुल्क लेती है, जबकि सप्लाई पीएचडी करती है, जिससे जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वार्डों में स्ट्रीट लाइट्स बंद पड़ी हैं। शहरवासी बढ़ते टैक्स के बावजूद भी कूड़े-करकट, जाम और पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। धरना स्थल पर बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधांशु ने ज्ञापन पर विभागीय कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, उन्होंने आगे कहा की शहर में 23 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी और मेंटेनेंस केवल 1 घंटे में पूरा किया जायेगा। नगर परिषद कार्यालय में हुई बैठक में शालिनी गुप्ता और हर्षवर्धन ने तीनों कंपनियों के कर्मियों के साथ मिलकर 28 वार्डों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और मॉनिटरिंग हेतु टोल फ्री नंबर जारी करने का प्रस्ताव रखा। 1 जनवरी 2025 से पेयजल आपूर्ति नगर परिषद को सौंप दी जायेगी। धरना प्रदर्शन को प्रेम पाण्डेय, बालगोविन्द मोदी, प्रवीण वर्णनवाल, यशपाल सिंह गोल्डन, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश सलूजा, चांद आलम, सीताराम शर्मा, नवनीत ओझा, विशाल भदानी, धीरज कुमार, सुषमा सुमन, प्रो राखी भदानी, ब्यूटी सिंह सहित कई वक्ताओं ने सम्बोधित किया। मौके पर निवर्त्तमान वार्ड पार्षद अरुण चंद्रवंशी, बसंत सिंह, गंन्दोरी रजक, प्रदीप सुमन, एके सिंह,विशाल भदानी,भारत बक्शी, राजीव सिन्हा, यशपाल सिंह, शशि सलूजा, जिला परिषद प्रतिनिधि मंटू तिवारी, संजू जैन, पप्पू खट्टीक, सोनू मोदी,सोनू मोदी, प्रहलाद मोदी, धीरज कुमार,राजीव शुक्ला, मनोज मोदी, अविनाश चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, दिनेश शर्मा सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड स्थित सेंट रॉबर्ट +2 उच्च विद्यालय सिंदूर में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का विधिवत समापन किया गया। जिसमें प्रखंड स्थित उत्क्रमित हाई स्कूल, प्लस टू उच्च विद्यालय और नेताजी सुभाष चंद्र आवासीय विद्यालय के अंडर 15 बालक और अंडर 17 बालक–बालिका के 10 टीमों के फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा आयोजित यह खेल प्रतियोगिता भारत का सबसे पुराना अंतरराष्ट्रीय स्कूली खेल टूर्नामेंट है जहां खिलाड़ियों को ग्रामीण स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक में पहचान बनाने का मौका मिलता है। सभी खिलाड़ियों से परिचय उपरांत प्रतियोगिता का उद्घाटन टूर्नामेंट अंडर 15 बालक वर्ग में डिस्ट्रिक्ट सीएमएसओई विद्यालय और मध्य विद्यालय सेंट रॉबर्ट बालक के बीच खेला गया। मध्य विद्यालय सेंट रॉबर्ट बालक विद्यालय विजेता बना और डिस्ट्रिक्ट सीएमएसओइ विद्यालय उपविजेता। अंडर 17 बालक वर्ग में आश्रम विद्यालय, भेलवाड़ा ने हिंदू +2 उच्च विद्यालय को 2–1 से हराकर विजेता बने, जबकि अंडर 17 बालिका में एक ही टीम के भाग लेने के कारण सेंट कोलंबा कॉलेजिएट हाई स्कूल की टीम विजेता के रूप में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जेबीकेएसएस की प्रखंड स्तरीय बैठक



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस की प्रखंड इकाई केरेडारी की एक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में केरेडारी प्रखंड के सभी पंचायत के लोग शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदीप कुशवाहा और संचालन अनिल कुमार मुंडा के द्वारा किया गया। इस बैठक में संगठन को आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती से हरेक गांव–गांव व हर एक बूथ–बूथ तक लोगों को जागरूक करने का और बूथ स्तर पर महिला, पुरुष, नौजवान और बुद्धिजीव वर्ग तक मजबूती के साथ कमेटी बनाने का विचार विमर्श और निर्देश दिया गया। इस बैठक में केंद्रीय संगठन सचिव विकाश महतो ने बताया कि जेबीकेएसएस में सभी समुदाय के लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पेटो पंचायत मुखिया के पुत्र राजेश कुमार को केंद्रीय सचिव विकाश महतो ने माला पहना कर स्वागत किये। राजेश कुमार ने अपने कई साथियों के साथ जेबीकेएसएस का दमन थामा और कहा कि मैं इस पार्टी के लिए तन–मन–धन से काम करने का भरोषा दिलाया। इस मौके पर जेबीकेएसएस संगठन मंत्री राजकिशोर चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष सत्यम कुमार, प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार, सचिव महेश रजक, प्रभारी यशवंत कुमार और सक्रिय सदस्य संजय पासवान, ख्याली साव, प्रेम साव, विजय कुमार, मनोज कुमार राणा, हीरामन महतो, दिलीप कुमार महतो, कार्तिक महतो, मुकेश कुमार महतो, अंगद महतो, जितेंद्र कुमार महतो, चेतलाल कुमार महतो, मोहन कुमार महतो, कामेश्वर महतो, मुकेश महतो, अनिल महतो, हुलश महतो, देवलाल महतो, नारायण रजक, अमर मेहता, बैजनाथ महतो, दीवानी कुमार महतो, निरंजन यादव, रितेश यादव, अर्जलाल महतोसहित कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## झामुमो की बैठक 23 जून को

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि प्रखंड कमेटी की बैठक 23 जून रविवार को 10 बजे दिन जयनगर प्रखंड मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में रखा गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा पदाधिकारी और सदस्यों से आग्रह है की समय पर पहुंचने का कष्ट करें। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, केंद्रीय समिति के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा, प्रखंड कमेटी का विस्तार और पंचायत कमेटी का विस्तार, प्रखंड कमेटी की सहमति से अन्य बिंदुओं पर चर्चा किया जायेगा।

## खेल विभाग का जागरूकता कार्यक्रम



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मादक पदार्थों का दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु जिला खेल विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्रम में कोडरमा जिला अंतर्गत संचालित डे- बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के बालिकाओं के द्वारा लोगों को मादक पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता एवम प्रचार प्रसार हेतु प्रभात फेरी और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने लोगों से अपील कि मादक व नशीली पदार्थों का सेवन ने करें। इसके इस्तेमाल से परिवार और समाज पर गहरा असर पड़ता है।

## दुष्कर्म आरोपी को 16 वर्ष सश्रम कारावास

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना कांड संख्या 13/24 और सत्रवाद 52/24 में लकड़ी चुनने गयी। बिरहोर महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किये जाने के मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला और सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को आरोपी संजय बिरहोर (उम्र 40 वर्ष, पिता मंगर विरहोर, ग्राम जिओरायडीह, थाना–डोमचांच) को आईपीसी की धारा 376 (2)(एन) का दोषी पाते हुए 16 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5 हजार जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनजीटी लागू होने के बावजूद बड़कागांव में नदियों से उत्खनन अवैध बालू कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस ने बुधवार रात्रि को हजारीबाग रोड स्थित घाटी से और गुरुवार की सुबह बड़का गांव मार्केट क्षेत्र के पास से एक–एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। वही एक दिन पहले थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने अपने दलबल के साथ संघन छापामारी करते हुए अवैध तीन बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया था। विगत एक सप्ताह में पुलिस ने तकरीबन 7 से 8 बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। ग्रामीणों को जागरुक करते थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने लोगों से कहा कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक बड़का गांव में ही नहीं बल्कि पूरे देश में एनजीटी लागू है। किसी भी नदी से बालू का उत्खनन करना गैर कानूनी है। पकड़े जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई के साथ सजा का प्रावधान है।

## स्वास्थ्य केंद्र अब 50 बेड का बनेगा: अंबा प्रसाद



पतरातू (आजाद सिपाही)। स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू का भवन 30 बेड के स्थान पर 50 बेड का बनेगा। विधायक ने इस मामले को लेकर विधानसभा में कई बार मामला उठाया। निवेदन समिति की बैठकों में रखा, स्वास्थ्य सचिव, भवन निर्माण विभाग के सचिव और उपायुक्त रामगढ़ से मुलाकात करके सुविधा अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन को 30 बेड के स्थान पर 50 बेड स्वास्थ्य केंद्र बनवाने की पहल की। जिसके बाद अंततः भवन निर्माण विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान की। पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 50 बेड का अस्पताल बनाने में लगभग 12 करोड़ 68 लाख 78 हजार की लागत आयेगी। ज्ञात हो कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भवन निर्माण में अनियमितओं का हवाला देकर निर्माण कार्य को रोक दिया गया था। जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पहुंचकर इस संबंध में एनओसी दिलवाने का कार्य किया। विधायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अब पतरातू प्रखंड वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। पुराना भवन काफी जर्जर स्थिति में था जिसके लिए लगातार प्रयास कर रही थी कि 30 बेड की क्षमता को बढ़ाकर 50 बेड का किया जाये अब किये गये प्रयासों का सुखद परिणाम देखने को मिल रहा है। जल्द ही निविदा प्रक्रिया निष्पादित करते हुए निर्माण कार्य को धरातल पर उतारने का कार्य किया जायेगा।

## 22 को आजसू मनायेगा बलिदान दिवस



गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय झिंझरी टांड़ में गुरुवार को आजसू प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अंगद महतो और संचालन प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी आंदोलन की उपज है। रामगढ़ में पार्टी ने विकास की लंबी लकीर खिंची है। जिससे जिला का पहचान विकसित जिला में आता है। आगे कहा कि आगामी 22 जून को दुलमी प्रखंड कार्यालय में स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रखंड से सेकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर बिंदेश्वर महतो, जलेश्वर महतो, मुन्ना कुशवाहा, युगल किशोर भागतिया, भूषण महतो, राजेश कुमार महतो, टुनका महतो, काली महतो, भीम महतो, तेजनाथ महतो आदि उपस्थित हुए।

## भाकपा माले ने मनाया प्रतिवाद दिवस



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भाकपा माले केंद्रीय कमेटी के तत्वावधान में गुरूवार को माले प्रखंड सचिव कॉमरेड नरेश बड़ाइक और मनोज मांझी के नेतृत्व में अरुंधती राय और डॉ शेख शौकत हुसैन के ऊपर यूएपीए लादे गये मुकदमे के खिलाफ भाकपा माले का देश व्यापी प्रतिरोध कार्यक्रम के तहत हुरुमगढ़ा. भुरकुंडा में प्रतिवाद दिवस मनाया गया। इस दौरान दमनकारी कानूनों को खत्म करो, सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करो, अरुंधती राय और डॉ शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमे को रद्द करो आदि के नारा भी बुलंद किया गया। मौके पर माले के प्रखंड सचिव नरेश बड़ाइक ने कहा कि केंद्र की भाजपानीत मिली-जुली सरकार का गठन होते ही अरुंधती राय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए लगाने की अनुमति देकर नइ सरकार ने अपनी तानाशाही की मंशा को उजागर कर दिया है। कार्यक्रम में कॉमरेड नरेश बड़ाइक सहित मनोज मांझी, सोहन बेदिया, ब्रह्मदेव मुर्मू, मनोज मुर्मू, सुरज मुर्मू, मनोज टुड्डू, राजेश सोरेन, श्याम हैम्ब्रम, कमल सोरेन, महेश मुर्मू, पिंटू मुर्मू, विशाल मरांडी, दशाराम हेम्ब्रम, महादेव मुर्मू, पन्नालाल मुर्मू, अमित मुर्मू सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तार के संपर्क में आने से मजदूर की मौत

गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय जांगी के छत में ग्यारह हजार वोल्ट तार के संपर्क में आने से रोला गांव निवासी सेंट्रिंग मिस्त्री सुमंत कुमार 35 वर्ष की मौत घटना स्थल में हो गयी। घटना के सम्बंध में बताया गया कि उक्त विद्यालय में किचन का निर्माण कार्य किया जा रहा था। छत में सेंट्रिंग करने के दौरान वह ग्यारह हजार तार का संपर्क में आ गया। आनन फानन में उसे अन्य मजदूरों ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी मृतक के घर पहुंचे। यहां उन्होंने घटना पर दुख जताया। साथ ही परिजनों से मिलकर हर संभव मदद करने का आस्वासन दिया। सांसद समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार को लापरवाही पर जमकर फटकार लगाया। साथ ही उचित मुआवजा देने का निर्देश दिया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के छोटे-छोटे बच्चे है। गांव में शोक की लहर है।

### केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री का भाजपाइयों ने किया स्वागत

# झारखंड में मजबूत सरकार बने, इसके लिए पार्टी कर रही हैं मंथन: अन्नपूर्णा

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का रांची से कोडरमा जाने के क्रम में भाजपा जिला समिति के द्वारा शहर के में रोड स्थित सुभाष चौक पर भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को भाजपाइयों ने बुके देकर और माला पहनकर स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि 2024 में होने वाली झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी निरंतर मंथन कर रही है। इसी उद्देश्य के साथ आने वाले चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीट आए और राज्य में सरकार बनायें।

**स्वागत करने में ये थे शामिल:** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रणंजय कुमार उर्फ कुन्टू बाबू, इलारानी पाठक, महेंद्र प्रजापति, उमेश शर्मा, सत्यजीत सिंह, लक्ष्मी देवी, शीतल सिंह, मिन्ता देवी, कीर्ति गौरव, राजेश ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, प्रवीण कुमार सोनू, मणिशंकर ठाकुर, जगदीश शर्मा, मनोज जायसवाल, शिवकुमार गुप्ता, ब्रजेश पाठक, अभिषेक चौधरी, अजित गुप्ता, धीरज सिंह, जीतू यादव, गुरजीत सिंह, प्रफुल्ल त्रिपाठी सहित कई भाजपाई शामिल थे।

## रामगढ़ में आनंद साईं दरबार के स्थापना दिवस की तैयारी पूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का तीन दिवसीय स्थापना दिवस की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम 24 जून से आरंभ होगा। समारोह की तैयारियों को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक 19 जून को मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता नंदकिशोर प्रसाद और संचालन मनोज मंडल ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी अरुण कुमार महतो द्वारा किया गया। जबकि बैठक में मुख्य रूप से मंदिर प्रबंधन समिति के अमित कुमार सिन्हा मौजूद थे।

**कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन:** बैठक में अमित सिन्हा ने बताया कि आनंद साईं दरबार के 14वें स्थापना दिवस समारोह के तहत 24 जून की शाम 4 बजे पालकी यात्रा का आयोजन किया जायेगा। 25 जून को प्रातः 9 बजे हवन और पूजन का आयोजन होगा। वहीं 26 जून को अपराहन 12: 30 बजे से अटूट भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

बैठक में शैलेंद्र ठाकुर, रोहित कुमार गुप्ता, मल्लिका दत्ता, शरद सिन्हा, अजीत जयसावल, अजीत कुमार, विनोद जायसवाल और सुभाशीष, सुबोध सिन्हा, कृष्णा ठाकुर, अरविंद अग्रवाल, विनोद साव, राजेश प्रसाद, जीतू अग्रवाल, विनोद जायसवाल, शशि पांडे, अरूण महतो और शैलेन्द्र ठाकुर, शैलेन्द्र ठाकुर, शीतल, अरविंद कुमार अग्रवाल, सविता देवी, बसंत कुमार, मालती देवी, गुंजन देवी, शैलेन्द्र ठाकुर, दीपू अग्रवाल, रोहित कुमार गुप्ता, अरूण कुमार महतो, शशि पांडे, अशोक शर्मा, अनिल साव, सुमित कुमार, पंकज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## जरजरा में झंडागड़ी कार्यक्रम का आयोजन



उरीमारी (आजाद सिपाही)। जरजरा स्थित सरना स्थल में दिन गुरुवार को 15वां झंडागडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अखाड़ा में हेंजरा पाहन के द्वारा पुजा अर्चना की गयी। तत्पश्चात महीलाओं के द्वारा डाड़ी से कलश में जल लेकर सरना स्थल पहुंचे। जिसके बाद सरना स्थल में प्रार्थना सभा, भजन कीर्तन हुआ। अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर धर्मगुरु संजीत बेदिया ने कहा की गांव की सुख समृद्धि और खुशियाली के लिए सरना पुजा किया जाता है। जल जंगल जमीन कि रक्षा करना हम सभी का उद्देश्य है। इस दौरान आस-पास गांव के सैकड़ों श्रद्धालु सरना स्थल कार्यक्रम में भाग लिये। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंसस किशोर कुमार बेदिया, सुजीत बेदिया, संतोष बेदिया, राजेश बेदिया, मनीत बेदिया, देवन बेदिया, जगरनाथ बेदिया, फुलचंद बेदिया, धनलाल बेदिया का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर गांव सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## पंचायत समिति ने ग्रामीणों के सहयोग से बनायी तीन किलोमीटर सड़क

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दंतार पंचायत के अंतर्गत कदवा गांव में पंचायत समिति सदस्य संतोष भारती के नेतृत्व में श्रमदान कर और जेसीबी की सहयोग से संतोष भारती के घर से राजू यादव के घर तक तीन किलोमीटर रोड का निर्माण किया गया। इस दौरान श्री भारती ने बताया कि कदवा जाने के लिए पगडंडी का सहारा लेना पड़ता था। खासकर मरीज को लाने ले जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों ने सड़क की मांग को लेकर स्थानीय सांसद, मंत्री और मुखिया से भी सहयोग मांगा परंतु किसी ने भी ग्रामीणों की मांग पर ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणो ने एक बैठक कर आपसी सहयोग कर चंदा इकट्ठा किया और शारीरिक मेहनत कर तीन किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया गया।इस कार्य में पंचायत समिति सदस्य संतोष भारती, वार्ड सदस्य सुमन देवी ,विगनी देवी,राजू यादव ,राजेश भारती,प्रमोद भारती धर्मेंद्र भारती,राजू भारती, शनीचर यादव सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थें।

## डीएवी बरकाकाना ने चलाया स्वच्छता पखवाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता




बरकाकाना। डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल, एनटीएस बरकाकाना में 16 जून से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा नामक एक पाक्षिक जागरूकता अभियान की शरूआत की गयी। अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों के साथ साथ क्षेत्र के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और व्यक्तिगत स्वच्छता को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन कक्षा षष्ठ् और सप्तम के छात्रों द्वारा स्वच्छता की शपथ के साथ किया गया। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद और सीसीए प्रभारी प्रमिला सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता ईश्वरत्व की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। अभियान के दौरान छात्रों ने स्कूल परिसर को नो प्लास्टिक जोन और नो स्पिटिंग जोन की तख्तियों से सजाया। यह पहल छात्रों को पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए की गयी थी। आयोजन ने छात्रों में स्वच्छता के प्रति एक नई जागरूकता पैदा की और उन्हें स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

## आजसू ने शुरू किया वृक्षारोपण कार्यक्रम

रामगढ़। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार मानसून प्रवेश करते ही रामगढ़ विधानसभा में पौधा लगाने का कार्यक्रम शुरू की गयी। इसकी शुरूआत रामगढ़ शहर के वार्ड नं 4 मां मनसा देवी मंदिर के प्रांगण में आम, पीपल, कठहल, गुलमोहर विभिन्न प्रकार के पौधा लगाकर की गयी। मौके पर आजसू नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल ने कहा कि हम सभी लोगों का कर्तव्य है कि अपने अपने घर मौहल्ला में एक एक पेड़ जरूर लगायें। जिससे आने वाले समय के लिए वातावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। मौके पर सकल्प लिया गया कि रामगढ़ विधानसभा में दस हजार पौधा लगाने का लक्ष्य है। मौके अरूण अग्रवाल, नीरज मंडल, कुलदीप वर्मा, संजय चौधरी, दिनेश कुशवाहा, राज महतो, टिंकू कुशवाहा, संतोष मुंडा, बिनोद लाला सहित कई लोग मौजूद थे।

## एसबीआइ खाता से 26 लाख अवैध निकासी

कुजू (आजाद सिपाही)। भारतीय स्टेट बैंक कुजू शाखा के खाता से 26 लाख 13 हजार रुपये अवैध निकासी को लेकर मांडू प्रखंड के पुंडी गांव निवासी सेवानिवृत्ति सीसीएल कर्मी 60 वर्षीय सोहराई महतो पिता रोगन महतो ने रांची के सीआईडी के पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी को आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि भारतीय स्टेट बैंक कुजू शाखा के खाता नंबर 11437111034 से 26 लाख 13 हजार रुपये अवैध निकासी की गई है। उन्होंने बताया कि उनके अकाउंट में उनका जिओ मोबाइल संख्या 6201854619 लिंक था। जिसका 7 फरवरी से इनकमिंग और आउटगोइंग बंद होने पर कुजू स्थित जिओ कार्यालय जाकर पता किया। जहां पता चला कि मेरा नंबर पोर्ट कर एयरटेल कंपनी में ट्रांसफर कर दिया गया है। जिस पर एयरटेल कस्टमर सर्विस ने बताया कि सरिता देवी के नाम से एक्टिव किया गया है। उन्होंने कहा है कि मेरी अनुमति के बिना मेरा नंबर किसी और नाम से एक्टिव कर दिया गया और स्टेट बैंक से 23 मार्च को एटीएम कार्ड निर्गत किया गया और योनो एप बना लिया गया। जबकि मैं एटीएम कार्ड के लिए कभी अप्लाई नहीं किया और ना ही कोई यूपीआइ चलाता हूं, न हीं कभी ओटीपी कहीं शेयर किया।

# मादक पदार्थों पर रोकथाम को लेकर कार्यशाला

**डीसी ने मादक पदार्थों के निषेद के लिए जागरूकता रथ को किया रवाना**

**नशे के दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं और अन्य लोगों को करें जागरूक: डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। छतरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में गुरुवार को डीसी चंदन कुमार अध्यक्षता में मादक पदार्थों पर रोक के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनुपमा मिंज ने डीसी व अन्य को 19 से 26 जून तक चलाए जाने वाले मादक पदार्थों पर रोक के लिए जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी दी। साथ ही 26 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस की तैयारियों पर भी जानकारी दी। अभियान के दौरान नशे में गिरफ्त लोगों को संरक्षण करने का प्रयास किया जायेगा और उन सभी लोगों के प्रवास की व्यवस्था के लिए उपाय भी किये जायेंगे।

### नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का निर्देश

कार्यशाला में डीसी चंदन कुमार ने 26 जून तक चलाये जा रहे अभियान को और भी प्रभावी तरीके से चलाने और ज्यादा से ज्यादा युवाओं व अन्य लोगों को कार्यक्रमों से जोड़ते हुए उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि शैक्षणिक स्थलों, स्कूल कॉलेज आदि के 100 मी के दायरे में नशीली पदार्थ की बिक्री करना दंडनीय अपराध है। इस संबंध में डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप से जांच अभियान चलाने कोटपा सहित अन्य नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिये।

**डीसी ने अधिकारी और कर्मियों को दिलाई शपथ :** कार्यशाला के दौरान डीसी ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मियों को खुद नशा ना करने और दूसरों को नशा के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने की शपथ दिलायी। साथ ही सभी ने नशा मुक्ति के लियर हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया।

**जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किसी ने किया रवाना :** कार्यशाला के उपरांत डीसी चंदन कुमार ने नशे पर रोक लगाने के उद्देश्य से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जा जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति रोक लगाने के लिए जागरूक करने का काम करेगी। कार्यशाला में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता कुमारी अंजली, जिला खनन पदाधिकारी निशांत कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीत टोप्पो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज विभिन्न प्रखंड के सीडीपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।


**भारतीय खाद्य निगम / FOOD CORPORATION OF INDIA**
**क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर / REGIONAL OFFICE, BHUBANESWAR**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना / Notice Inviting e-Tenders**

सहायक महाप्रबंधक (सीई) भा खा नि, क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर निम्नलिखित कार्यों के लिए http://eprocure.gov.in/eprocure/app पर द्वि बोली प्रणाली के तहत भारतीय खाद्य निगम की ओर से ऑनलाइन प्रतिशत दर पर निविदाएं आमंत्रित करता है।

The Assistant General Manager (CE) FCI, Regional Office, Bhubaneswar invites on behalf of Food Corporation of India online percentage rate tenders under two bid systems at https://eprocure.gov.in/eprocure/app for following works.

NIT NO. CE- 01/ 2024-25. Name of Work- **Providing Cement Concrete Road along with drains at FSD Balijhori.** Estimated Cost Rs. 11,40,05,381/- (Rupees Eleven Crore Forty lakhs Five thousand Three hundred and Eighty one Only). Earnest Money- **Rs. 22,80,110/-** (Rupees Twenty-two lakhs Eighty thousand One hundred and Ten Only), Period of Completion **365 Days**. Last time and date of submission of bid: **11/07/2024 upto 2:00 pm.**

NIT NO. CE- 02/ 2024-25. Name of Work- **Providing Cement Concrete Road along with drains at FSD Jaleswar.** Estimated Cost Rs. 3,55,32,608/- (Rupees Three Crore Fifty-five lakhs Thirty two thousand Six hundred and Eight Only). Earnest Money- **Rs. 7,10,655/-** (Rupees Seven lakhs Ten thousand Six hundred and Fifty-five Only), Period of Completion **270 Days**. Last time and date of submission of bid: **11/07/2024 upto 2:00 pm.**

NIT NO. CE- 03/ 2024-25. Name of Work- **Providing Cement Concrete Road along with drain at FSD Dungripalli.** Estimated Cost Rs. 2,48,92,143/- (Rupees Two crore Forty-eight lakhs Ninety two thousand One hundred and Forty three Only). Earnest Money- **Rs.4,97,845/-** (Rupees Four lakhs Ninety-seven thousand Eight hundred and Forty five Only), Period of Completion **180 Days**. Last time and date of submission of bid: **11/07/2024 upto 2:00 pm.**

बोली प्रपत्र एवं अन्य विवरण www.eprocure.nic.in के वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।
The bid forms and other details can be obtained from the website www.eprocure.nic.in.
नोट : किसी भी विवादित स्थिति में भूल अंग्रेजी पाठ ही मान्य होगा।



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1262 Dated 10.06.2024.
1. MANGAL DEO ORAON @ MANGALDEV ORAON @MANGAL DEV ORAON ,S/o- Late Soma Oraon,resident of Vill -KDH Miners' Colony P.o- Dakra Colliery P.s- Khalari Dist- Ranchi Jharkhand-829210 do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows: 1. That I am a CCL Employee working under IWSS,Filter Plant, N.K.AREA.G.M.UNIT at the Post of ASST. FOREMAN, having PIS No- 14330948. 2. That my wife is being known by the name of Palho Oraon, Palho Orain and Palho Devi. All these names belongs to my wife. 3. That in my service Sheet there are some mistakes in the name/ date of birth of my family members which do not match with the documents possessed by my sons. 4. That I was unknown about such mismatching/mistake and when I came to know the realities .I do hereby apply for correction in the name/ date of birth recorded in my service Sheet. 5. That I want that the real and actual name and date of birth of my said family members should be recorded in my Service Sheet as per the documents possessed by them which reads as under:-

| S.No. | Name in CCL | Relation | D.O.B. in CCL | Correct ( Name/D.O.B) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Palho Oraon | Wife | 21 Yr. 1989 | Name - Palho Orain 01-01-1970 |
| 2. | Sandeep Oraon | Son | 02 Yr. 1989 | Name - Sandeep Kumar Oraon 15-08-1989 |
| 3. | Sunita Oraon | Daughter | 1.5 Yr. 1992 | Name - Sunita Kumari 20-05-1992 |
| 4. | Santosh Oraon | Son | 2.5 Yr. 1995 | Santosh Kumar Oraon 01-09-1995 |

.6. That this affidavit is sworn for rectification in the name / date of birth of said sons and to be recorded in my service sheet as per the documents possessed by them
.7. That para 1 to 6 are correct and genuine to the best of my knowledge and belief if found wrong or concealing the fact I shall be fully responsible for the same.Sworn and signed this affidavit at Ranchi on : 10.06.2024 The deponent has been identified by



**Government of Jharkhand**
**Civil Surgeon Cum Cmo Simdega**
**Department of Health, Medical Education & Family Welfare**

**Very Urgent Short Tender Notice**

**E Tender Notice No.: 01/24-25 Date: ....................**

Procurement Cell In charge on Behalf of Civil Surgeon, Simdega, Jharkhand Invites Tender from eligible bidders for entering into rate contract for including supply of Medicines & Other Essential Items. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website www.simdega.nic.in / www.jharkhandtender.gov.in and Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date.

| Sl. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply of Medicines & Other Essential Items. |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 20.06.2024 |
| 3 | Last date of receipt of Bids from intended bidders | On 05.07.2024 latest by 12.00 P.M. |
| 4 | Pre-Bid Meeting for discussion on various technical issues regarding term & conditions, specification Etc | 25.06.2024 **By 11:00 AM** |
| 5 | Date/Time for receipt of bids on website | **20.06.2024 to 05.07.2024 By 12:00 PM** |
| 6 | Hard Copy of Technical Bid should be Submitted In Office of Civil Surgeon-cum-CMO Simdega | Last Dated of Hard Copy Documents Submission Time: 1130 AM Dated 05.07.2024 Last Dated of Online Submission of Tender: 12.00 PM Dated 05.07.2024 |
| 7 | Bid Opening Date | 06.07.2024 **By 12:30 PM** |

**Note:** The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

**Procurement In charge**
**PR.NO.327073 Simdega(24-25):D** **Civil Surgeon-cum-CMO Simdega**



**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार के सचिव कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड रॉची द्वारा निर्गत राज्यादेश संख्या 05 दिनांक 13/06/2024 के आलोक में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अर्न्तगत आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है-

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य विवरणी | भौतिक लक्ष्य | अनुदान की राशि प्रति इकाई (रूपये में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना | उत्कृष्ट मत्स्य कृषकों/मत्स्य बीज उत्पादकों/हैचरी संचालकों को पुरस्कार सम्मान | 2 (सं0 में) | 30000/- | मत्स्य पालकों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कार स्वरूप सम्मानित करने हेतु अधिकतम 30000/- रूपये मात्र प्रोत्साहन राशि उनके बैंक खाते में DBT के माध्यम से दी जाएगी। चयनित लाभुक को पुरस्कार के रूप में 12 Paddle Wheel Areator अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिन्डर क्रय करने के उपरांत अनुदान की राशि देय होगा। |

उपरोक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 06/07/2024 है एवं योजना से संबंधित चयन अहर्ताएँ एवं अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है। लाभुकों का चयन जिला स्तरीय सुरक्षित जमा निर्धारण समिति से किया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 327120 Fish(24-25)#D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 जून, 2024
www.azadsipahi.in



# तानाशाहों की तिकड़ी

24 साल के अंतराल के बाद हुई रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन की उत्तर कोरिया यात्रा ने न सिर्फ चौंकाया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय हलकों में चिंता भी बढ़ायी है। इस यात्रा से दोनों देशों की करीबी बढ़ने के स्पष्ट संकेत मिले ही हैं, लेकिन ज्यादा बड़ा सवाल यह है कि इस करीबी से किस तरह के तात्कालिक और दूरगामी नतीजे सामने आ सकते हैं। पुतिन की यह यात्रा अंतरराष्ट्रीय हलकों में बन रही इस धारणा को गलत साबित करने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है कि वह विश्व मंच पर अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। यात्रा ऐसे समय हुई है, जब कुछ ही दिन पहले इटली में जी7 देशों की शिखर बैठक हुई और उसके बाद स्विट्जरलैंड में यूक्रेन शांति सम्मेलन में 80 देशों ने साझा बयान के रूप में किये गये शांति प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किये। हालांकि भारत अपने स्वतंत्र और संतुलित रुख को बरकरार रखते हुए उस प्रस्ताव से अलग रहा। उत्तर कोरिया पहुंचने पर पूतिन का जैसा भावपूर्ण स्वागत हुआ और जिस तरह से किम जोंग उन खुद एयरपोर्ट पर उन्हें रिसीव करने के बाद उनके साथ एक ही गाड़ी में गेस्ट हाउस गये, उसे देखते हुए साफ है कि दोनों तरफ से आपसी करीबी को रेखांकित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी गयी। यूक्रेन युद्ध जिस तरह से लंबा खिंचता दिख रहा है, उसमें उत्तर कोरिया के सहयोग की रूस को सख्त जरूरत भी है। हालांकि दोनों पक्ष हथियारों के आदान-प्रदान की खबरों का खंडन करते हैं, लेकिन दोनों ने कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप समझौता किया है, जिसमें पूतिन के ही मुताबिक किसी भी एक देश पर हमला होने की सूरत में द्विपक्षीय सहयोग का वादा है। लंबे समय से विश्व मंच पर अलगाव झेल रहे उत्तर कोरियाई शासक किम जोंग उन के लिए भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक स्थायी सदस्य रूस की करीबी काफी मायने रखती है। अतीत में रूस नॉर्थ कोरिया के अवैध हथियार कार्यक्रम की संयुक्त राष्ट्र समर्थित जांच और उस पर लगे प्रतिबंधों का समर्थन कर चुका है, लेकिन यूक्रेन युद्ध से उपजी जरूरतों और पश्चिमी देशों से बढ़ती दूरी के मद्देनजर उसके रुख में बदलाव आया है। मार्च में नॉर्थ कोरिया द्वारा सुरक्षा परिषद प्रतिबंधों के उल्लंघन की स्वतंत्र जांच से जुड़े प्रस्ताव को रूस ने वीटो कर दिया। ऐसे में रूस की ओर से मिलने वाली तकनीकी सहायता उत्तर कोरियाई तानाशाह के मंसूबों को कैसी दिशा देगी, यह सवाल सबके मन को मथ रहा है। ध्यान रहे, अब तक चीन उत्तर कोरिया के समर्थन में खड़ा नजर आने वाला एकमात्र प्रमुख देश रहा है। हालात की मजबूरियों में ही सही, पर तानाशाहों का जैसा गठजोड़ उभरता दिख रहा है, उस पर सतर्क नजर रखने की जरूरत है।

**ार्च में नॉर्थ कोरिया द्वारा सुरक्षा परिषद प्रतिबंधों के उल्लंघन की स्वतंत्र जांच से जुड़े प्रस्ताव को रूस ने वीटो कर दिया। ऐसे में रूस की ओर से मिलनेवाली तकनीकी सहायता उत्तर कोरियाई तानाशाह के मंसूबों को कैसी दिशा देगी, यह सवाल सबके मन को मथ रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**योग-सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का पिता कहा जाता है। महर्षि पतंजलि के योग को ही अष्टांग योग या राजयोग कहा जाता है। चित्त वृतियों का निरोध कर आत्मकेंद्रित हो ध्यान लगाना योग है।योग के उक्त आठ अंगों में ही सभी तरह के योग का समावेश हो जाता है। भगवान बुद्ध का आष्टांगिक मार्ग भी योग के उक्त आठ अंगों का ही हिस्सा है।**

# योग : चित्त वृत्ति निरोधः



**डॉ तपन कुमार शांडिल्य**



पतंजलि योग के आदि गुरु हैं। लगभग 200 ई.पू. में महर्षि पतंजलि ने योग को लिखित रूप में संग्रहित किया और योग-सूत्र की रचना की। योग-सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का पिता कहा जाता है। महर्षि पतंजलि के योग को ही अष्टांग योग या राजयोग कहा जाता है। चित्त वृतियों का निरोध कर आत्मकेंद्रित हो ध्यान लगाना योग है।योग के उक्त आठ अंगों में ही सभी तरह के योग का समावेश हो जाता है। भगवान बुद्ध का आष्टांगिक मार्ग भी योग के उक्त आठ अंगों का ही हिस्सा है। हालांकि योग सूत्र के आष्टांग योग बुद्ध के बाद की रचना है।

**अष्टांग योग :** इसी योग का सर्वाधिक प्रचलन और महत्व है। इसी योग को हम अष्टांग योग के नाम से जानते हैं। अष्टांग योग अर्थात योग के आठ अंग। दरअसल पतंजलि ने योग की समस्त विद्याओं को आठ अंगों में श्रेणीबद्ध कर दिया है।

**ये आठ अंग हैं-** (1) यम (2)नियम (3)आसन (4) प्राणायाम (5)प्रत्याहार (6)धारणा (7) ध्यान और (8)समाधि। उक्त आठ अंगों के अपने-अपने उप अंग भी हैं। वर्तमान में योग के तीन ही अंग प्रचलन में हैं- आसन, प्राणायाम और ध्यान।

**200 ई.पू. रचित महर्षि पतंजलि का 'योगसूत्र' योग दर्शन का प्रथम व्यवस्थित और वैज्ञानिक अध्ययन है।**

**योग सूत्र :** 200 ई.पू. रचित महर्षि पतंजलि का 'योगसूत्र' योग दर्शन का प्रथम व्यवस्थित और वैज्ञानिक अध्ययन है। योगदर्शन के चार विस्तृत भाग हैंः- जिन्हें इस ग्रंथ में पाद कहा गया हैः- समाधिपाद, साधनपाद, विभूतिपाद तथा कैवल्यपाद।

प्रथम पाद का मुख्य विषय चित्त की विभिन्न वृत्तियों के नियमन से समाधि के द्वारा आत्म साक्षात्कार करना है। द्वितीय पाद में पांच बहिरंग साधन- यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार का विवेचन है। तृतीय पाद में अंतरंग तीन धारणा, ध्यान और समाधि का वर्णन है। इसमें योगाभ्यास के दौरान प्राप्त होने वाली विभिन्न सिद्धियों का भी उल्लेख हुआ है, किंतु ऋषि के अनुसार वे समाधि के मार्ग की बाधाएं ही हैं। चतुर्थ कैवल्यपाद मुक्ति की वह परमोच्च अवस्था है, जहां एक योग साधक अपने मूल स्त्रोत से एकाकार हो जाता है।

**योग एक श्लिष्ट शब्द है। यह शब्द बहुअर्थी है। इसके अनेक अर्थ है।योग का एक अर्थ जोड़ना है, दूसरा अर्थ संजोना है। मानस में इसका प्रयोग तुलसी ने इस अर्थ में किया है। वन गमन के प्रसंग में कौशल्या सीता को लक्ष्य करके राम से कहती हैं- पलंग पीठ तजि गोद हिंडोरा। सिय न दीन्ह पग अवनी कटोरा।**

योग एक श्लिष्ट शब्द है। यह शब्द बहुअर्थी है। इसके अनेक अर्थ है।योग का एक अर्थ जोड़ना है, दूसरा अर्थ संजोना है। मानस में इसका प्रयोग तुलसी ने इस अर्थ में किया है। वन गमन के प्रसंग में कौशल्या सीता को लक्ष्य कर-के राम से कहती हैं-

पलंग पीठ तजि गोद हिंडोरा।
सिय न दीन्ह पग अवनी कटोरा।
जीवन मूरी जिमि ओगवत रहेऊ।
दीप बाती नहीं डालना कहेंगे।
सिय वन बसही तात केही भांती।
चित्र लिखित कपि देख डेराती।
मानस सलिल सुधा प्रति पाली।
जियई की लवण पयोधि मरावी।

योग का तीसरा अर्थ उपाय या तौर तरीका है। तुलसी के शब्दों में योग युक्ति तप और मंत्र तभी फलीभूत होते हैं जब वे एकांत में किये जायें-

जोग जुगुति तप मंत्र प्रभाऊ।
पलंग तबाही जब करिअ दुराऊ।

योग का चौथा और सर्वाधिक महत्वपूर्ण अर्थ है चित्त वृतियों का निरोध। योग दर्शन (शास्त्र) के दूसरे ही सूत्र में योग की परिभाषा देते हुए महर्षि पतंजलि ने कहा हैं- योगाश्चित्त वृत्तिनिरोधः। अर्थात योग चित्त की वृत्तियों का संयमन है। चित्त वृत्तियों के निरोध के लिए महर्षि पतंजलि ने द्वितीय और तृतीय पाद में जिस अष्टांग योग साधन का उपदेश दिया है, उसका संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार हैः-

**(1) यम :** कायिक, वाचिक तथा मानसिक इस संयम के लिए अहिंसा, सत्य, अस्तेय चोरी न करना, ब्रह्मचर्य जैसे अपरिग्रह आदि पांच आचार विहित हैं। इनका पालन न करने से व्यक्ति का जीवन और समाज दोनों ही दुष्प्रभावित होते हैं।

**(2) नियम :** मनुष्य को कर्तव्य परायण बनाने तथा जीवन को सुव्यवस्थित करते हेतु नियमों का विधान किया गया है। इनके अंतर्गत शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय तथा ईश्वर प्रणिधान का समावेश है। शौच में बाह्य तथा आन्तर दोनों ही प्रकार की शुद्धि समाविष्ट है।

**(3) आसन :** पतंजलि ने स्थिर तथा सुखपूर्वक बैठने की क्रिया को आसन कहा है। परवर्ती विचारकों ने अनेक आसनों की कल्पना की है। वास्तव में आसन हठयोग का एक मुख्य विषय ही है। इनसे संबंधित हठयोग, प्रतीपिका घरेंड संहिता तथा योगाशिखोपनिषद् में विस्तार से वर्णन मिलता है।

**(4) प्राणायाम :** योग की यथेष्ट भूमिका के लिए नाड़ी साधन और उनके जागरण के लिए किया जाने वाला श्वास और प्रश्वास का नियमन प्राणायाम है। प्राणायाम मन की चंचलता और विक्षुब्धता पर विजय प्राप्त करने के लिए बहुत सहायक है।

**(5) प्रत्याहार :** इंद्रियों को विषयों से हटाने का नाम ही प्रत्याहार है। इंद्रियां मनुष्य को बाह्यभिमुख किया करती हैं। प्रत्याहार के इस अभ्यास से साधक योग के लिए परम आवश्यक अन्तर्मुखिता की स्थिति प्राप्त करता है।

**(6) धारणा:** चित्त को एक स्थान विशेष पर केंद्रित करना ही धारणा है।

**(7) ध्यान:** जब ध्येय वस्तु का चिंतन करते हुए चित्त तद्रूप हो जाता है तो उसे ध्यान कहते हैं। पूर्ण ध्यान की स्थिति में किसी अन्य वस्तु का ज्ञान अथवा उसकी स्मृति चित्त में प्रविष्ट नहीं होती।

**(8) समाधि :** यह चित्त की अवस्था है जिसमें चित्त ध्येय वस्तु के चिंतन में पूरी तरह लीन हो जाता है। योग दर्शन समाधि द्वारा ही मोक्ष प्राप्ति को संभव मानता है।

**समाधि की भी दो श्रेणियां हैं :** संप्रज्ञात और असंप्रज्ञात। सम्प्रज्ञात समाधि वितर्क, विचार, आनंद और अस्मितानुगत होती है। असंप्रज्ञात में सात्विक, राजस और तामस सभी वृत्तियों का निरोध हो जाता है। योग भारत के ऋषि मुनियों की आध्यात्मिक उपलब्धि है, जिस पर भारत को नाज और ताज है। योग के अंतरराष्ट्रीय महत्व स्वीकार करते हुए यूनेस्को ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा की है। योग दिवस पर हमारा संदेश होगा- करें योग भगायें रोग।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** कपाली में बीते दिनों कटहल तोड़ने को लेकर मिल्लत नगर रहमत आलम मस्जिद के समीप मारपीट कर हत्या करने के मामले का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। सरायकेला-खरसावां जिला के एसपी के निर्देश पर चांडिल एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन कर पुलिस ने कारवाई करते हुए घटना में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में अहमद अली, भतीजा मोहम्मद बरकत अली, मोहम्मद रहमत अली, मोहम्मद रहीम और मोहम्मद हैदर शामिल है। अपराधियों के पास से हत्या में प्रयुक्त लोहे का पाइप और तीन एंड्रॉयड फोन पुलिस ने बरामद कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वही मामले में शामिल अन्य अभियुक्त कांग्रेस नेत्री रुकैया खातून, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरवर आलम और पोचा नसीम सहित अन्य 11 के भूमिका पर पुलिस जांच कर रही है। कपाली ओपी प्रभारी ने बताया गिरफ्तार अभियुक्त अहमद अली का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

# नि:शुल्क सेवा शिविर में पेंशन के लिए भरवाया गया फार्म

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार के निर्देश पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू के नेतृत्व में कल्याण नगर मुर्गा पाड़ा के समीप नि:शुल्क सेवा शिविर लगाया गया। गुरूवार को शिविर में विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड व महिलाओं के लिए पेंशन फार्म भरवारा गया। शिविर में लगभग 42 फॉर्म भरवा गया। सभी फर्म को डॉ अजय कुमार के द्वारा सीओ ऑफिस में जमा कराया जाएगा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने बताया 23 जून को कल्याण नगर क्षेत्र में मेडिकल कैंप व सेवा शिविर लगाया जाएगा। शिविर में 7 डॉक्टर पूरे चेकअप से लेकर मोतियाबिंद ऑपरेशन, शुगर टेस्ट, ब्लड टेस्ट, अन्य चिकित्सा के लिए लोगों का स्वस्थ जांच कर सुझाव भी देंगे। साथ ही विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन अन्य सुबिधा सेवा शिविर में उपलब्ध होगा।

# आजसू पार्टी का स्थापना दिवस 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जायेगा आजसू का स्थापना दिवस : चंद्रगुप्त सिंह




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस 22 जून को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बलिदान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को अलग अलग विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गयी। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस बताया बैठक के लिए जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के लिए चंद्रगुप्त सिंह,पश्चिम विधानसभा में मुन्ना सिंह और चंदेश्वर पांडे, जुगसलाई विधानसभा में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहित,बहरागोड़ा में फनी भूषण महतो,पोटका में दमन टुडु, घाटशिला में बुद्धेश्वर मुर्मु को बैठक के लिए जिम्मेदारी सोपा गया। पटमदा में बैठक के दौरान पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने बताया 1986 के 22 जून को झारखंड अलग राज्य निर्माण के उद्देश्य से आजसू छात्र संघ गठन का किया गया था। अलग राज के लिए आज छात्र संघ ने काफी कुबार्नी दी है। जेल भी गया है। आजसू संगठन के कुवार्नी से आज झारखंड राज्य अलग हुआ है। श्री सहिस ने कहा कि स्थापना दिवस के दिन सभी विधानसभा क्षेत्र में आजसू पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं के द्वारा पौधारोपण किया जायेगा। श्री सहिस ने कहा पार्टी ने युवाओ के कंधो पर एक जबावदेही तय कर दिया गया है। उसे पूरा करने का संकल्प लेना होगा। तभी पार्टी को मजबूती मिलेगी और सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के हाथों को मजबूती मिलेगी। वही जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के सिदगोड़ा 28 नंबर में बैठक के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि 22 जून को आजसू पार्टी के स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसको लेकर अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में बैठक चल रही है। बैठक मे चंद्रगुप्त सिंह ने कहा पार्टी के निर्देशित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक हैं। और आप अपने कार्य क्षेत्र मे पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन पहुचाने की जरूरत है। चन्द्रगुप्त सिंह ने कहा पार्टी चुनावी मूड मे हैं। पूर्वी विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष और पदाधिकारियों को पार्टी मजबूती के साथ क्षेत्र के सभी युवाओ को एकजुट रहना होगा। पार्टी के नीति और सिद्धांतों से अवगत होकर सभी थाना क्षेत्रो मे जन मुद्दों के साथ आंदोलन करना हैं। पार्टी की मजबूती के लिए अनुशासित ढंग से युवाओं को चुनावी म्हाकुंभ में अग्रणी भूमिका निभाना होगा। कन्हैया सिंह ने बताया युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ही पार्टी सुप्रीमो ने हर विधानसभा मे 1हजार युवाओ के साथ सभी विधानसभा मे संकलपित होकर कार्य करने का निर्देश दिए है। इसके लिए पार्टी द्वारा निर्देशित प्रभारियों को दायित्व सौपा गया। उन्हें ईमानदारी पूर्वक कार्य करना होगा। आसन्न विधानसभा के चुनाव मे अपनी मजबूती के लिए अभी से ही कमर कस लेना होगा। पार्टी के मूल विषयो के साथ कार्य करें ताकि केंद्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूती मिल सके। बैठक मे केंद्रीय नेतागण,सभी जिला के पदाधिकारीगण, सभी प्रखंडो के पदाधिकारीगण, अनुसंगी इकई के सभी पदाधिकारीगण, मंडल के सभी पदाधिकारीगण समेत अन्य मौजूद रहे।

# डीआरएम ने किया विभिन्न रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण




घाटशिला (आजाद सिपाही)। डीआरएम केआर चौधरी ने खड़गपुर डिवीजन के घाटशिला, ढालभुमगढ़, चाकूलिया, रखमाइंस, गलुडीह और आसानबोनी रेलवे स्टेशनों का गुरुवार को निरीक्षण किया। बताया गया कि डीआरएम रूटीन सेफ्टी इंस्पेक्शन के लिए घाटशिला पहुंचे थे। डीआरएम के निरीक्षण में इंजीनियरिंग की पूरी टीम मौजूद थी। डीआरएम ने घाटशिला स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण लिया। उन्होंने कार्यों की प्रगति को देखा तथा मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया। डीआरएम ने भीषण गर्मी के दौरान स्टेशन में पेयजल एवं अन्य यात्री सुविधाओं का भी जायजा लिया। रूटीन सेफ्टी इंस्पेक्शन के क्रम में डीआरएम केआर चौधरी ने कुछ स्थानों पर इंटरलॉक्ड लेवल क्रासिंग गेट और ब्रिज का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किया। डीआरएम के दौरे को लेकर घाटशिला स्टेशन में विशेष तैयारी की गयी थी। डीआरएम काफी समय तक घाटशिला स्टेशन पर रुके हुए थे। डीआरएम की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था आरपीएफ की ओर से की गयी थी। इस अवसर पर दक्षिण-पूर्व रेलवे खड़गपुर डिवीजन के सीनियर डीसीएम आलोक कृष्णा समेत कई अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# घाटशिला कॉलेज में नशा मुक्ति पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में 192 छात्रों ने लिया हिस्सा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाटशिला।** हमारे देश में नशे की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। युवा पीढ़ी नशे का ज्यादा शिकार हो रही हैं। इसे रोकने के लिए बहुत प्रयास किया जा रहा हैं। नशे के विरोध में आवाज को मजबूती देने के उद्देश्य से घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी के निर्देशन में आठ दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तीसरे दिन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन प्रोफेसर इंदल पासवान और डॉ कंचन सिंहा के संयोजन में किया गया। इसमें डॉ एस के सिंह, डा संदीप चंद्र, चिरंतन महतो, डा सिंगों सोरेन, रुचि अस्मिता आदि का विशेष सहयोग रहा। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में घाटशिला कॉलेज के 192 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इनमें सर्वश्रेष्ठ पांच स्लोगन का चयन पुरस्कार के लिए किया गया। इनमें मिहिर भक्त का लिखा स्लोगन 'जन जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना देश,' को प्रथम, नितु राऊत का लेखा स्लोगन द्वितीय तथा दिप्ती गोप का लेखा स्लोगन को तृतीय स्थान मिला। इसके अलावा सुमित्रा मुर्मू एवं सुरेश चंद मुर्मू के स्लोगन को प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। नशा मुक्ति पर आयोजित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के उद्देश्य के संदर्भ में प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने बताया कि स्लोगन अर्थात नारा की शक्ति अचूक होती है, जो लोगों के हृदय पर सीधा प्रभाव डालती है। लोकप्रिय नारे समाज में परिवर्तन की क्षमता रखते हैं। इसका असर बहुत जल्दी होता है। मालूम हो कि नशा मुक्ति पर यह आठ दिवसीय आयोजन झारखंड सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, रांची के निर्देश पर घाटशिला कॉलेज में किया जा रहा है। इसका समापन 26 जून को विश्व नशा मुक्ति दिवस पर समारोह पूर्वक किया जायेगा।

## रंका में सेविका सहायिका का चयन, तिथि निर्धारित

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड बाल विकास परियोजना अंतर्गत कतिपय कारणों से सेविका सहायिका के रिक्त पड़े पदों पर ग्राम सभा के माध्यम से चयन समिति के द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार 9 आंगनबाड़ी केंद्रों में चयन किया जाना है। जिसमें 3 जुलाई को ग्राम गासेदाग-2 सहायिका अनुसूचित जनजाति और मझिगावां-1 सेविका ओबीसी, 4 जुलाई को खूरा सहायिका अनुसूचित जनजाति और मानपुर-1 सहायिका अल्पसंख्यक, 5 जुलाई को खपरो-1 सहायिका अल्पसंख्यक और सोनपुरवा सेविका ओबीसी, 6 जुलाई को गौरगाड़ा ओबीसी सेविका और अनहर सेविका अनुसूचित जाति तथा 8 जुलाई 2024 को अनहर अनुसूचित जाति सहायिका का चयन किया जायेगा। इस चयन समिति में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चयन समिति के अध्यक्ष, महिला पर्यवेक्षिका चयन समिति के संयोजिका, ग्राम पंचायत के मुखिया, महिला स्वास्थ्य परिदर्शिका या एएनएम, संबंधित क्षेत्र के स्कूल के प्रधानाध्यापक को सदस्य के रूप में रखा जाना है। इस चयन ग्राम सभा में जिला प्रशासन के प्रतिनिधि पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी रंका उपस्थित रहेंगे।

# सिंचाई कूप योजना के लाभुकों की राशि निर्गत करने में पदाधिकारी कर रहे हैं घालमेल

कर्ज लेकर काम शुरू किया लाभुक ने , योजना मद के 50 हजार रुपये से अभी तक वंचित हैं लाभुक

बरसात भी सर पर है कच्चा कुआं कहीं ध्वस्त न हो जाये, सोच कर चिंतित हैं ग्रामीण





जितेंद्र यादव

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों की राशि के साथ पदाधिकारीयों के द्वारा खुल्लम खुल्ला मजाक करने का काम किया जा रहा है। योजना मद के 50 हजार की राशि जो उनके खाते में भुगतान होना था, वह अभी तक नहीं हो पाया है। जबकि संबंधित लाभुकों के द्वारा गांव घर में ब्याज पर राशि लेकर और स्थानीय दुकानों से उधार सामग्रियों की खरीदारी कर अपने-अपने कार्य को शुरू कर दिया गया है। इस बीच उनके द्वारा अधिकांश कुओं की 20 से 25 फीट तक की गहराई से लेकर किसी-किसी के द्वारा उसे बांधने तक का भी कार्य शुरू कर दिया गया है। लेकिन उक्त लाभुकों में से किसी भी लाभुकों के खाते में 50000 रुपये की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। लाभुकों को निर्माण कार्य शुरू किये लगभग दो महीना का समय बीत गया, लेकिन अभी तक उक्त राशि को लेकर उन्हें कोई अता पता नहीं चल पाया है। मामले में सोनेहरा पंचायत के लाभुक नीरज सिंह, आदित्य सिंह, डंडई पंचायत के लाभुक जसवंत कुमार, श्रीकांत, राजू मेहता करके पंचायत के लाभुक जमीला बीवी, मौमादिन अंसारी, बसंत सिंह, झोतर पंचायत के लाभुक सुकन भुइयां, रामजनम यादव तसरार पंचायत के लाभुक रंजन पासवान, रमेश यादव, करार हुसैन, भोला ठाकुर, रारो पंचायत के लाभुक कुश पासवान, नागेंद्र सिंह, ललन सिंह, बलराम सिंह, शंकर सिंह, महेंद्र यादव सहित अन्य पंचायत के भी लाभुकों ने बताया कि हम सभी ब्याज पर और गांव के दुकानदारों से उधार सामग्रियों की खरीदारी कर अपने-अपने निर्माण कार्य को शुरू कर दिये हैं। इस बीच हम सभी में से किसी के द्वारा 20 फीट 25 फीट की गहराई तो किसी के द्वारा 35 फीट की गहराई को पूरा कर उसे बांधने तक का भी कार्य अब शुरू कर दिया गया है। लाभुकों ने बताया कि अभी तक हम लोगों के खाते में योजना मद की एक भी रुपये की राशि नहीं आयी है। उन्होंने कहा कि खाते में मिलने वाला योजना मद की 50,000 रुपये की राशि की जानकारी पाकर ही हम सभी ब्याज और दुकानदारों से उधार सामग्रियों की खरीदारी कर अपने-अपने निर्माण कार्य को शुरू किए थे। लेकिन निर्माण कार्य शुरू किए दो महीना का समय अब बीतने लगा बावजूद अभी तक हम लोगों के खाते में उक्त राशि में से एक भी रुपये खाते में नहीं आ पाया है। बताया जाता है कि प्रखंड भर में लगभग 500 बिरसा सिंचाई कूप योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी है। सिंचाइ कूप के सभी लाभुकों के साथ यही हाल बना हुआ है। सभी के सभी 50 हजार की राशि खाते में भुगतान को लेकर टकटकी लगायें बैठे हैं। इधर बरसात भी सर पर है कच्चा कुआं ध्वस्त न हो जाये, चिंता का सबब बना हुआ है।

# आपसी विवाद में तीन दिनों से छात्रों को नहीं मिल रहा मध्याह्न भोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

सगमा। विद्यालय प्रबंधन समिति के बीच चल रहे आपसी विवाद के कारण उत्तक्रमीत मध्य विद्यालय सोनडिहा उतरी में तीन दिनों से मध्यान भोजन बंद प्रखंड प्रमुख के निरीक्षण में हुआ खुलासा। मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के उतरी सोनडीह स्थित मध्य विद्यालय में लगातार तीन दिनों से मध्यान भोजन बंद है इसकी जानकारी मिलने पर प्रखंड प्रमुख अजय साव के द्वारा इसकी जांच की गयी, जिसमे ग्रामीणों द्वारा मिले शिकायत को सही पाया गया। उक्त जानकारी देते हुए प्रमुख अजय साव ने बताया कि उक्त विद्यालय में मध्यान भोजन बंद होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा मिलने के बाद इसकी जांच किया गया, जिसमें 18 जून से 20 जून तक मध्यान भोजन बच्चो को नहीं मिला हैं। साथ ही विद्यालय में अन्य सुविधा का पूर्णतः अभाव पाया गया, जिसमें पानी की समस्या शौचालय में गंदगी पाया गया। इसके बाद प्रमुख के द्वारा बीआरसी को फोन का पदाधिकारियों को विद्याल आने को कहा गया। जब इस संबंध में विद्यालय के प्रधानचार्य ललित राम से बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि प्रबंधन अध्यक्ष संयोजिका के बीच मध्यान भोजन चलाने को लेकर विवाद चल रहा है, इसकी जानकारी बीआरसी सगमा को दिया जा चुका है। इस अवसर पर प्रमुख के द्वारा विभागीय पदाधिकारियों से विचार विमर्श के बाद प्रबंधन समिति को भंग कर दिया गया है। साथ ही प्रबंधन समिति के पुनर्गठन तक विद्यालय के सहायक शिक्षक नंदकिशोर यादव को मध्यान भोजन चलाने का प्रभार दिया गया है। साथ ही प्रमुख अजय साव ने प्रधानाध्यापक ललित राम को कड़ी फटकर लगाते हुए, इसमें सुधार लाने की हिदायत दिया है। इस मौके पर मुख्यरूप से प्रखंड साधन सेवी, कविता संकुल साधन सेवी, शतेंद्र प्रसाद यादव, मध्यान भोजन के प्रखंड प्रभारी अरुण कुमार सहित काफी संख्या मे ग्रामीणों भी उपस्थित थे।



### ब्लैक बोर्ड पर 20 जून की जगह 19 जून लिखा मिला : प्रमुख

इस दौरान प्रखंड प्रमुख ने पढ़ाई कर रहे बच्चों के क्लास में जाकर जायजा लिया, जिसमें शिक्षक के काफी छात्रों के प्रति काफी उदासीनता देखने को मिला। ब्लैक बोर्ड पर दिनांक 20 जून के जगह पर 19 जून देखने को मिला, इसी से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि शिक्षक के द्वारा छात्रों के प्रति पढ़ाने में कितना रूचि रखते हैं। इसी से आप सोच सकते हैं कि शिक्षक विद्यालय में क्या करते हैं। प्रमुख ने इस दौरान शिक्षक को फटकार लगाते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाने में कोताही नहीं करें, वरना किसी भी शिक्षक को बक्शा नहीं जायेंगा।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सारी तैयारी पूरी
# आम और खास सभी एक साथ करेंगे योग

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरी कर ली गयी है। गुरुवार को प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास के दूसरे दिन भी नगर भवन गढ़वा के परिसर में आम और खास सभी लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। पतंजलि योग विस्तारक सुशील केसरी के निर्देशन में योगाभ्यास संपन्न करवाया गया। अग्रिम पंक्ति में आसन और प्राणायाम का प्रदर्शन महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी चंचला सिंह, योग शिक्षिका अंजलि शाश्वत, योग शिक्षक सत्यनारायण दुबे तथा उपकार कुमार आदि के द्वारा किया गया।



प्रोटोकॉल के अनुसार खड़े होकर बैठकर तथा लेट कर आसनों तथा प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। आज के पूर्व अभ्यास में भी अच्छी संख्या में योग साधकों ने भाग लिया। जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी ने सभी नगर वासियों तथा स्कूल के छात्र-छात्राओं से 5:00 बजे पहुंच कर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की।

पूर्व अभ्यास के पश्चात मुख्य सड़क से प्रभात फेरी भी निकाली गयी। पूर्वाभ्यास में नीरज श्रीधर, मुरली मनोहर सिंह, राजेंद्र दुबे, रामदास साहू, प्रदीप केसरी, श्रवण कुमार, गोपाल मिश्रा, इंदु शेखर उपाध्याय सहित अनेक साधकों ने भाग लिया।

# अतिक्रमित भूमि पर जल्द चलेगा बुल्डोजर : सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। बाजार की सरकारी भूमि और अतिक्रमित मुख्य सड़क पर जल्द चलेगा सरकारी बुलडोजर। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि अगले सप्ताह से कांडी बाजार की सरकारी भूमि को अतिक्रमन मुक्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी जायेगी। उन्होंने अंचल अमीन धर्मदेव राम को निर्देश देते हुए कहा है कि आप दो दिनों के अंदर कांडी बाजार की सरकारी भूमि और मुख्य सड़क का सीमांकन कर उसे चिन्हित कर मुझे रिपोर्ट करें।



मालूम हो कि 2021 -22 में तत्कालीन डीसी राजेश कुमार पाठक के निर्देश पर कांडी बाजार की कुल सरकारी भूमि 78 डिसमिल में से 41 डिसमिल जमीन को कार्रवाई कर अतिक्रमण मुक्त किया गया था। लेकिन बाकी 37 डिसमिल जमीन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया। कुछ दिनों तक तो सरकारी भूमि जरूर खाली रहा, लेकिन कुछ महीनों बाद फिर से लोगों का अवैध कब्जा कायम हो गया। सरकारी आंकड़ा को माना जाये तो कभी कांडी बाजार की जमीन का रकबा 4.84 एकड़ था। लेकिन भू माफिया के द्वारा गलत तरीके से अपने कब्जे की जमीन को अवैध तरीके से जमाबंदी करा लिया गया। सरकार कुछ नहीं कर सकी। वर्तमान में सरकार के कागज पर मात्र 78 डिसमिल जमीन चिन्हित है। उधर मुख्य सड़क भी दोनों तरफ से अतिक्रमित है। जिस कारण प्रतिदिन सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। इस सड़क जाम में कभी कभी प्रखंड से लेकर जिला के पदाधिकारी भी घंटो फंसे रहते हैं, लेकिन फिर भी कोई ठोस व स्थायी कार्रवाई करना किसी ने भी जरूरी नही समझा। जिला के प्रायः सभी प्रखंड मुख्यालय को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है लेकिन इकलौता कांडी प्रखंड है जहां आज तक कोई भी पदाधिकारी अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने का हिम्मत नहीं जुटा सका। अब देखना है कि नवपदस्थापित अंचलाधिकारी क्या कर पाते हैं।

## पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने जनता जनार्दन तक अपनी बातों को पहुंचाने और जनता की बातों और उनकी समस्याओं को सुनने के लिए जनसंपर्क सह परिवर्तन यात्रा शुरू किया है। आज गुरुवार को दूसरे दिन भी उन्होंने खुरी पंचायत के नगसिली ग्राम के सभा स्थल से प्रातः 10 बजे उन्होंने जनसम्पर्क अभियान शुरू किया। उन्होंने खुरी पंचायत के गांव नगसीली, खुरी के पाला माट्टी, स्कूल, मंदिर एवं फुलहारा,मशरा, बिलैती खैर पंचायत के ग्राम बिलैतीखैर और चिनिया पंचायत के चिरका टोला में भ्रमण किया। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ दिखी। सभी ने पूर्व मंत्री के सामने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। जनता ने गिरिनाथ सिंह पर भरोसा जताया। जनसम्पर्क अभियान में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में मुख्यरूप से बाबूल सिंह, रामलखन यादव, कैलाश यादव, उमेश सिंह, अताउर मुखिया, दुःखन साव, रमेश, सुनील सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## पेड़ में फांसी के फंदे से लटकता शव बरामद

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनदाग पंचायत के हुरदाग गांव के जंगल में पेड़ से फांसी के फंदे में लटकता हुआ शव को पुलिस ने बरामद किया है। इसकी पहचान नहीं हो सकी है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हेमंत पासवान, बीडीसी जितेंद्र कुमार रवि व पूर्व मुखिया सह झामुमो महिला प्रखंड अध्यक्ष मालती देवी, झामुमो पंचायत अध्यक्ष संतोष ठाकुर, विजय राम और सूचित देवी ने घटना स्थल पर मौजूद थे।

## पेशका बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने की चली मुहिम



मेराल (आजाद सिपाही। प्रशासन द्वारा प्रखंड क्षेत्र के पेशका बाजार में गुरुवार को दिन भर अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। सीओ यशवंत नायक, थाना प्रभारी विष्णु कांत दलबल तथा बुलडोजर के साथ 11:30 बजे पेशका बाजार मे पहुंच कर अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया जो शाम 4:30 बजे तक चला। इस दौरान सरकारी जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाये गये करीब डेढ़ दर्जन दुकानों के शेड और खपरैल घर को बुलडोजर खाली कर दिया गया। बता दें कि पेसका बाजार में सड़क के दोनों और किये गये अतिक्रमण से आवागमन में लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। लोगों की शिकायत पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को हटाने के लिए पूर्व में तीन चार बार नोटिस दिया गया था। परंतु लोग सरकारी नोटिस को नजर अंदाज करते रहे, अंतिम नोटिस देने के बाद प्रशासन द्वारा कड़े कदम उठाते हुए बुलडोजर से अतिक्रमण को हटाया गया। सीओ यशवंत नायक एवं थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि गुरुवार की सुबह में भी लोगों को अतिक्रमण हटाओ अभियान की जानकारी दे दी गई थी ताकि लोग अपने आवश्यक सामान को हटा सकें। अतिक्रमण हटाओ अभियान में एस आई रवि कुमार, एएसआई एन के पांडे, सीआई, राजस्व कर्मचारी सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# सदर अस्पताल प्रबंधक के साथ कथित मारपीट के मामले में चिकित्साकर्मी तथा झामुमो आमने-सामने

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। सदर अस्पताल गढ़वा में मंगलवार शाम को अस्पताल प्रबंधक डॉक्टर सतनारायण के साथ झामुमो नेता तथा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के स्वास्थ्य प्रतिनिधि कंचन साहू के द्वारा मारपीट के मामले में सदर अस्पताल के चिकित्सक तथा स्थानीय झामुमो कार्यकर्ता एक दूसरे के खिलाफ आमने-सामने आ गये हैं।

क्योंकि जहां एक ओर अस्पताल प्रबंधक डॉक्टर सतनारायण ने कंचन साहू के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने तथा मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज कर दी है। वहीं दूसरी ओर गढ़वा जिला झामुमो के नेताओं ने पुलिस अधीक्षक गढ़वा के नाम एक आवेदन उपायुक्त गढ़वा को देकर सदर अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर सतनारायण के ऊपर झूठा मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है।



बताते चलें कि सदर अस्पताल गढ़वा में मंगलवार की शाम लगभग 7:30 बजे स्वास्थ्य प्रतिनिधि कंचन साहू के द्वारा कथित तौर पर अस्पताल प्रबंधक डॉक्टर सतनारायण के साथ मारपीट तथा डॉक्टर सीमा के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया था। इसे लेकर चिकित्सा कर्मियों के बीच तीखा रोष व्याप्त था। लिहाजा चिकित्सा कर्मियों ने बैठक कर उपायुक्त से कंचन साहु पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी तक दे दी है। वहीं दूसरी ओर गढ़वा थाने में डॉ सत्यनारायण द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद झामुमो की ओर से गुरुवार को उपायुक्त गढ़वा को आवेदन दिया गया है। उसमें स्वास्थ्य प्रतिनिधि कंचन साहू के द्वारा सदर अस्पताल से चिकित्सा कर्मियों के गायब होने के कारण मरीजों को हो रही परेशानी को देखते हुए घटना के समय डॉक्टर सतनारायण से चिकित्सकों की ड्यूटी के बारे में जानकारी लेने की बात कही गयी है। इस मामले पर डॉक्टर सतनारायण द्वारा कंचन साहू पर झूठा मुकदमा दर्ज करने की शिकायत की गयी है। उपायुक्त को आवेदन देने वालों में गढ़वा जिला झामुम के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर तथा प्रवक्ता धीरज कुमार समेत आधा दर्जन वरिष्ठ नेताओं का हस्ताक्षर हैं। जिसमें उनके द्वारा उपायुक्त से झूठे मुकदमे के संदर्भ में कार्रवाई की मांग की गयी है।


झारखण्ड सरकार
कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, कोडरमा गृह (कारा) विभाग

अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना।

| क01 | कारा का नाम | मंडल कारा, कोडरमा। |
|---|---|---|
| 2 | विषय | मंडल कारा, कोडरमा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार, खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के कय/आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण (तृतीय त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.07.2024 से 30.09.2024 तक) |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (**Non Refundable**) **Online** स्वीकार की जायेगी। | रूपये 5,000:00 (पॉच हजार) मात्र |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | दिनांक–26.06.2024 से 08.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा **Online Upload** करने की तिथि | दिनांक–26.06.2024 से 08.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (**Sample**) जमा करने की तिथि | दिनांक–09.07.2024 से 11.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7 | अग्रधन राषि (**EMD**) रूपये 2500/– से अधिक होने पर जमा करने की तिथि | 11.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक–12.07.2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में। |

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर केवल **e-tender** के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online** ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थातिप किया जा सकता है। **e-tender** को **Online upload** करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में **Helpline No.9430342752** से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा।

PR.NO.327017 Home, Prison And Disaster Management(24-25):D



झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
उद्यान निदेशालय, झारखण्ड
कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला– 835207

आम सूचना

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0– 12 दिनांक– 17.05.2024 के आलोक में कृशक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन गुमला जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह (FPO)/सहकारी समिति/सखी मण्डल, जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक 10.07.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला में जमा कर सकते हैं।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे0/इकाई/संख्या में)

| क्र0सं0 | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | Dragon Fruit (Kamalam) - Integrated package with drip irrigation and trellis (in ha.) | 3 |
| 2 | Dragon Fruit (Kamalam)- Without integration (in ha.) | 2 |
| 3 | Strawberry (Int. package with drip irrigation & mulching) (in ha.) | 5 |
| 4 | Strawberry - Without integration (in ha.) | 1 |
| 5 | Banana (TC) (Int. package with drip irrigation) (in ha.) | 5 |
| 6 | Banana (TC) - Without integration (in ha.) | 1 |
| 7 | Papaya (Int. package with drip irrigation) (in ha.) | 5 |
| 8 | Papaya -without integration (in ha.) | 1 |
| 9 | Fruit crops other than cost intensive crops using normal spacing integrated package with drip irrigation | 5 |
| 10 | Mango (10x10m) (Rs.25,500/ha) (in ha.) | 30 |
| 11 | Lime (4x4.5) (Rs.54,980/ha) (in ha.) | 8 |
| 12 | Sapota (Rs.45400/ha) (in ha.) | 5 |
| 13 | Guava (6mx6m) (Rs.38340/ha) (in ha.) | 10 |
| 14 | Pomegranate (5.0m × 5.0m) (in ha.) | 5 |
| 15 | Aonla (Rs.40008/ha) (in ha.) | 2 |
| 16 | Bael (Rs.48400/ha) (in ha.) | 2 |
| 17 | Litchi (Rs.28000/ha) (in ha.) | 2 |
| 18 | Jack Fruit (10x10m) (Rs.25,500/ha) (in ha.) | 1 |
| 19 | Vegetable Hybrid (Rs. 50,000/ha) (in ha.) | 60 |
| 20 | Cut Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 1.00 lakh/ha) (in ha.) | 20 |
| 21 | Bulbulous Flowers - Small & marginal farmers (Rs.1.50 lakh/ha) (in ha.) | 20 |
| 22 | Loose Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 40,000/ha) (in ha.) | 20 |
| 23 | Spices (Seed spice and Rhizomatic spices (Rs. 30,000/ha) (in ha.) | 30 |
| 24 | Rejuvenation/ replacement of senile plantation including Canopy management (Rs. 40,000/ha) (in ha.) | 1 |
| 25 | Creation of water resources- Community tanks/on farm ponds/on farm water reservoirs with use of plastic/RCC lining (in Nos.) | 0.516 |
| 26 | Creation of water resources- Water harvesting system for individuals- for storage of water | 5 |
| 27 | Green House N.V.S. - Tubular structure (in Sqm) | 1000 |
| 28 | Plastic Mulching (in Sqm) | 100 |
| 29 | Shadenet (Tubular structure) (in Sqm) | 5000 |
| 30 | Anti Bird/ Anti Hail Nets (in Sqm) | 15000 |
| 31 | Cost of planting material of high value vegetables grown in poly house/shadenet house (in Sqm) | 1000 |
| 32 | Cost of planting material & cultivation of Carnation & Gerbera undeer poly house/shadenet house. (in Sqm) | 1000 |
| 33 | Cost of planting material & cultivation of rose and lilum under poly house/shadenet house (in Sqm) | 1000 |
| 34 | Organic Farming- Vermi compost Units/organic input production- HDPE Vermibed (in Nos) | 30 |
| 35 | Pack house/ on farm collection & storage unit (in Nos) | 15 |
| 36 | PHM- Eveporative/low energy cool chamber (8 MT) | 2 |
| 37 | PHM-Low cost onion storage structure (25 MT) | 6 |
| 38 | Training of farmers- Within the State (in Nos) | 400 |
| 39 | Training of farmers- Outside the state (in Nos) | 50 |
| 40 | Exposure visit of farmers- Outside the state (in Nos) | 50 |
| 41 | Marketing Infrastructure- Static Mobile Vending Cart/ platform with cool chamber (in Nos) | 2 |
| 42 | Seminars conferences, workshops, exhibitions, Kisan Mela- District level (in Nos) | 1 |
| 43 | Information dissemination through publicity, printed literature etc and local advertisements | 2.5 |

नोट :–
1. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षों में जिन लाभुक या उनके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन किया जायेगा।
2. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षों में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. ST, SC, टाना भगत, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) एवं Marginal Farmers का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जायेगा। साथ ही महिला कृशकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. इस योजना का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण जिला एवं राज्य स्तर पर एम0आई0डी0एच0 मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक 10.07.2024 तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
8. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र/ कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 327108 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D

जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 जून, 2024
www.azadsipahi.in


## लातेहार में संचालित योजनाओं को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में पंचायत शाखा से संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में 15 वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। बैठक में विस्तृत रूप से प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला परिषद तथा पंचायत समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत प्राप्त राशि के विरुद्ध किए गए खर्च की समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त को 15वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नियमानुसार राशि खर्च करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह , प्रभारी पदाधिकारी जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मनोज तिवारी व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला समन्वयक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक जुड़े थे।

## सदर अस्पताल में अनुबंध पर चिकित्सा पदाधिकारी का चयन

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, लातेहार की अध्यक्षता में डीएमएफटी अंतर्गत अनुबंध के आधार पर सदर अस्पताल लातेहार में चिकित्सा पदाधिकारी/ विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी की नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के तहत प्राप्त आवेदनों पर अग्रेत्तर कार्रवाई करते हुए चिकित्सा पदाधिकारियों का चयन से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करनें हेतु जिला चयन समिति, (स्वास्थ्य) की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विज्ञापन के आवेदन समर्पित करनें वाले योग्य 02 चिकित्सा पदाधिकारी एवं 03 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों से उनके कार्यों, शैक्षणिक योग्यता आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए दर वार्ता करते हुए विमर्श किया गया। यथाशीघ्र विभागीय दिशा निर्देश और दर वार्ता पर हुए समिति के द्वारा विचार विमर्श एवं चिकित्सकों द्वारा दी गई सहमति के आलोक में डीएमएफटी अंतर्गत सदर अस्पताल लातेहार में अनुबंध के आधार पर चिकित्सा पदाधिकारी/ विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी चयन प्रक्रिया पूर्ण की गयी। इस दौरान आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह ,जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार, डा. अखिलेश्वर प्रसाद, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, डा. सीमा रानी प्रसाद और अन्य उपस्थित थे।

## पांच हजार रुपये घूस लेते पंचायत सेवक गिरफ्तार



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय से पलामू एसीबी की टीम ने 15 वित्त योजना में पांच हजार रुपये घुस लेते पंचायत सेवक को रंगे हांथ गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगढ़ा पंचायत सेवक अर्जुन राम द्वारा 15वीं वित्त के तहत योजना संख्या 57975265 योजना ईट सोलिंग निर्माण में कार्य पूरा होने के बाद भुगतान करने की एवज में वादी से 5000 रुपया घूस मांगा गया था। वादी रिश्वत देकर काम नहीं करवाना चाहता था इसकी लिखित शिकायत उसने पलामू एसीबी से किया था। जिसके बाद पलामू पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा एक टीम गठित कर बालूमाथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे और शिकायतकर्ता को 5000 पंचायत सेवक को देने के लिए दिया। जहां जाल बिछाकर बैठे एसीबी की टीम ने पंचायत सेवक को घुस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। वही एसीबी की टीम द्वारा हुई इस कार्रवाई से प्रखंड और जिले में हड़कंप मच गया।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड कार्यालय के सभागार में समारोह का आयोजन कर स्कूली बच्चे व बच्चियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चंदवा प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद अंचल अधिकारी, उप प्रमुख के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी को शिक्षकों के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने बताया कि सरकार बच्चों के पढ़ाई तथा सुविधा को लेकर हर संभव प्रयास कर रही है। आने वाले समय में झामुमो सरकार की ओर से पठन-पाठन को लेकर बड़ी सुविधा तैयार की जायेगी। इधर उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने कहा कि चंदवा में डिग्री कॉलेज की आवश्यकता है। जिसे लेकर सरकार को बल देने की आवश्यकता है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद अंचल अधिकारी जय शकंर पाठक, झामुमो नेता मनोज चौधरी, अयूब खान राजू उरांव बीइओ जय श्री समेत कई शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहें। कार्यक्रम में लगभग 2004 साइकिल का वितरण किया जायेगा।

## पहली बारिश में कस्तूरबा मध्य विद्यालय प्रांगण बना तालाब



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** यह कोई तालाब नहीं बल्कि कस्तूरबा मध्य विद्यालय का प्रांगण है। जहां थोड़ी सी बारिश में स्कूल का प्रांगण तालाब में तब्दील हो जाता है। अब इसमे सोचने वाली बात है कि किस तरह यहाँ पढ़ने वाली बच्चियां स्कूल के अंदर कैसे जाएगी और कैसे स्कूल से बाहर आएगी। दरअसल जल निकासी के लिए कोई ठोस प्रबंध नही किया गया है। जिसके कारण यहाँ बारिश में प्रांगण जलमग्न हो जाता है। वही इस प्रांगण में एक नाली जरूर बनाया गया है परंतु उसमें ऐसा ढक्कन लगाया गया की पानी नाली में जाता ही नहीं है।

# क्षेत्र की जनता का सर्वांगीण विकास करना प्राथमिकता : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा लोहरदगा नगर क्षेत्र के बक्शीडीपा, रियाडा, छत्तर बगीचा, नवाडीपाड़ा, बीएस कॉलेज में भ्रमण कर स्थानीय जनता से मुलाकात किया। क्षेत्र की जनता से रूबरू होते हुए आम जनता के द्वारा पेयजल, सड़क निर्माण, बिजली निर्माण, बिजली ,राशन कार्ड आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिसपर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारी से संपर्क कर समस्या को दूर किया। हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। मंत्री ने कहा की हमारी प्राथमिकता क्षेत्र की जनता का सर्वांगीण विकास करना है। मैं लोहरदगा की जनता की सुख-दुख का साथी हूं। हर एक समस्याओं का क्रमवार समाधान करने के लिए प्रयासरत हूं। गांवों शहरों सभी क्षेत्रों का भ्रमण कर मैं आम जनता के द्वार तक पहुंच कर उनके समस्याओं का समाधान कर रहा हूं। इसके साथ-साथ सामाजिक विकास के लिए अखड़ा निर्माण, धूमकुडिया भवन निर्माण, पड़हा भवन निर्माण के साथ साथ पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया जा रहा है। विधायक निधि से सड़क का निर्माण, पेयजल की आपूर्ति के लिए सभी पंचायत में चापाकल निर्माण कराया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में पेयजल हेतु खराब पड़े चापाकलों को बनाने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ-साथ प्राथमिकता के आधार पर चापाकल नव निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर हूं। हमारी गठबंधन सरकार समाज के सभी वर्गों का विकास के लिए आने को कार्य कर रही है और झारखंड राज्य का चाहुमुखी विकास हो रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अशोक यादव, पंकज जयसवाल, विशाल डुंगडुंग, सत्यदेव भगत, दीपक जयसवाल, संजय नायक, फुलझरी देवी, असलम अंसारी ,रंजीत नायक, नंदलाल उरांव, करमचंद उरांव, विनोद उरांव, मंजू उरांव,रीना उरांव, जयपाल उरांव आदि उपस्थित थे।

# सभी के सहयोग से करें नशामुक्त राष्ट्र का निर्माण : रीना कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के निदेश पर जिला समाज कल्याण कार्यालय लोहरदगा द्वारा गुरूवार को मादक पदार्थों पर रोक हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि आज समाज में प्रत्येक वर्ग के बच्चे नशा से ग्रसित हैं। समाज कल्याण कार्यालय द्वारा यह कार्यशाला रखी गई है जिसमें आंगनवाड़ी केंद्र की कर्मीगण भी हैं जिनकी पहुंच के प्रत्येक वर्ग तक है। अक्सर पंचायत व प्रखण्ड स्तर में नशा के विरूद्ध अभियान चलाये जाने की बात होती है। इसमें आंगनवाड़ी सेविकाओं की भूमिका बढ़ जाती है। आप अपने-अपने आंगनवाड़ी क्षेत्र में जाएं और नशा से ग्रसित किशोरों व युवाओं को जागरूक करें और नशा छुड़वाएं। जरूरत पड़े तो जनप्रतिनिधियों को भी साथ लें। उन्हें पढ़ने-लिखने व खेलकूद में रूचि लेने के लिए प्रेरित करें। आपके सहयोग से गांव नशा मुक्त बनेगा। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष/ सचिव आदि उपस्थित थे।



### नशा करनेवालों की काउंसलिंग जरूरी : डीडीसी

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि आज बच्चें व किशोर आसानी से नशे की गिरफ्त में आ जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण सोशल मीडिया के जरिये मांदक पदार्थों तक आसानी से पहुंच होना है। लोग असानी से मादक पदार्थों के विक्रेताओं तक पहुंच जा रहे हैं। आज नशा का तरीका भी बहुत एडवांस हो चुका है। ऐसे में बच्चों व किशोरों समेत जो भी नशा करते हैं उनका काउंसलिंग जरूरी है। आंगनवाड़ी केंद्र में आनेवाले बच्चों को खेलकूद व पढ़ाई के जरिये व्यवस्त रखें। जो भी नशा की गिरफ्त में हैं उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। नशा करने से किसी प्रकार का तनाव दूर नहीं होता है, यथ भ्रम है। तनाव व समस्याएं दूर करने के लिए मेहनत करनी पड़ती है।

### लोहरदगाा जिला को नशामुक्त बनाना है : सीता पुष्पा

**लोहरदगा।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने मादक पदार्थो के इस्तेमाल पर रोक के लिए 19 से 26 जून 2024 तक चल रहे अभियान की संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही बताया कि अगर कोई भी नशे की गिरफ्त में है तो इसकी सूचना टॉल फ्री नंबर 112 पर कॉल कर दी जा सकती है। इस अभियान में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षक, स्वयंसेवी संस्थाएं समेत कई संस्थाएं मिल कर कार्य कर रही हैं। हम सभी को अभियान को सफल बनाना है और लोहरदगाा जिला को नशामुक्त बनाना है।

## योग दिवस को पतंजलि महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अवसर पर पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत, किसान समिति एवं महिला योग समिति के तत्वावधान में लोहरदगा जिले में दर्जनों स्थानों पर योग महोत्सव को रूप में मनाया जायेगा। इसके लिए अलग-अलग स्थान पर प्रशिक्षित योग शिक्षक शिक्षिकाएं भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत योग अभ्यास कराये जायेंगे। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के पदाधिकारी सह जिला जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने बताया कि वह खुद व्यवहार न्यायालय प्रांगण में योग दिवस पर योग अभ्यास करेंगे, इसी तरह राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे।

# बिजली विभाग के मनमानी रवैये के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में संयुक्त ग्राम सभा मंच के बैनर तले प्रखंड के सुदूर क्षेत्र लात, हरातू समेत अन्य पंचायतों के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल रहें। इन क्षेत्रों में सात माह बिजली आपूर्ति बाधित रहने समेत बिजली विभाग के विभिन्न समस्याओं व मनमानी रवैया के खिलाफ गुरुवार को रोष पूर्ण प्रदर्शन करते हुई प्रखंड मुख्यालय स्थित बिजली विभाग कार्यालय का घेराव किया। इससे पूर्व गुरुवार सुबह से ही बिजली विभाग के मनमानी रवैया से त्रस्त लात, हरातू व दूसरे पंचायतों के सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। महिला पुरुष ग्रामीण पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में जमा होकर जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में लात, हरातू समेत अन्य गांवों में बिजली विभाग के मनमानी रवैया के खिलाफ नारेबाजी करते हुई रोषपूर्ण जुलूस प्रदर्शन निकाला जो बस स्टैंड बाजार होते हुए बिजली कार्यालय पहुंचकर घेराव में तब्दील हो गया। इसके उपरांत पुलिस बल की उपस्थिति में बिजली विभाग के हेड इलेक्ट्रिशियन वीरेंद्र चौधरी ने जिप सदस्य कन्हाई सिंह व ग्रामीणों से सार्थक वार्ता कर घेराव को खत्म कराया। ग्रामीणों ने अपनी तीन सूत्री मांग पत्र हेड इलेक्ट्रिशियन वीरेंद्र चौधरी को सौंपा। जिसमें सात माह से लात, हरातु समेत अन्य पंचायतों में ठप्प बिजली आपूर्ति को तत्काल चालू करने, प्रखंड के सभी पंचायतों में लचर बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने, हरातू पंचायत का बिजली आपूर्ति चुंगुरु क्षेत्र से जोड़ने आदि शामिल हैं। घेराव कर रहे जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने बिजली विभाग को 20 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए इन क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही है अन्यथा बाध्य होकर बिजली कार्यालय में तालाबंदी किया जायेगा। मौके पर मुखिया पति जनेश्वर सिंह, मुंद्रिका सिंह, राम प्रताप समेत सुदूर पंचायत के काफी संख्या में ग्रामीण बिजली उपभोक्ता शामिल थे।

# हल्की बारिश में छतरबगीचा के मुहल्ले की सड़क बन जाती है तालाब

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा में गुरुवार की दोपहर हुई झमाझम बारिश से जहाँ एक ओर भीषण गर्मी से लोगो को राहत मिली वहीं दूसरी ओर नगर परिषद की गलती का खामियाजा लोगो को भुगतना पड़ रहा है। हम बात कर रहे हैं छत्तर बगीचा की एक गली की। जो कि लगभग 8 फीट चौड़ी और 80 फीट लंबी है। इस गली की सड़क बिल्कुल जर्जर अवस्था में है जिसके निर्माण हेतु यहां के लोग पूर्व में कई बार आवेदन दें चुके हैं। बावजूद इस मुहल्ले में जल निकास की कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की गयी है। थोडी बरसात होने पर भी गली में घुटनों तक पानी भर जाता है तथा आवागमन ठप्प हो जाता है। गली में बिजली के नंगे तार होने की वजह से दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है। मुहल्लेवासियों ने आवेदन के साथ गली के वर्तमान स्थिति का फोटो भी संलग्न किया था। जिसको देखने के बाद नगर परिषद को इस ओर कार्रवाई करने की जरूरत थी लेकिन नगर परिषद ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। मुहल्ले में रह रहे लोग सुरेश कुमार, बसन्त पांडेय, अमर देवघरिया, आनन्द गुप्ता, गौरीश गौरव, सुधाकर त्रिपाठी, कृष्णा गुप्ता, निखिल बर्मन आदि ने बताया कि एक साल पहले से नगर पालिका में आवेदन देकर नाली निर्माण व सड़क निर्माण कार्य की मांग की गयी थी। बावजूद कोई पहल नहीं किया गया जिस कारण आए दिन इस सड़क पर हल्की बारिश में पानी जमा हो जाता है। इस गली के पीसीसी के लिए लोहरदगा नगरपालिका मे 2021 से लगातार आवेदन दिया जा रहा है। अभी वर्तमान के कार्यपालक पदाधिकारी से भी मिलकर समस्याओं से अवगत कराया गया लेकिन किन कारणों से इस गली मे कार्य नही कराया जा रहा है यह समझ से परे है। फिलहाल इस मुहल्ले के लोगो को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## भंडरा के विद्यालयों में सिकल सेल की जांच शुरू



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में विश्व सिकल सेल दिवस पर एनीमिया जागरूकता सह एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरा के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में एनीमिया जांच कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने किया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा की सिकल सेल एक अनुवांशिक रोग है। जिसमें दिन प्रति दिन हिमोग्लोबिन कम होता रहता है। एनीमिया के कारण शरीर में खून बनने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। इससे शरीर में कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा की शून्य से 40 वर्ष के सभी लोगों को सिकल सेल का जांच कराना अनिवार्य है। मौके पर एमपीडब्लू रामकुमार महतो ने कहा की भंडरा प्रखंड में विश्व सिकल सेल दिवस के उपलक्ष्य में चार हजार विद्यार्थियों का जांच किया गया। मौके पर राजेश्वर तिर्की, दिनेश राम, भुवनेश्वर प्रजापति, अंजना साहू, नीता लकड़ा, रीता कुमारी, पूजा बेक, प्रिया रानी, ज्योति हूरहुरिया सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## सुरक्षाकर्मियों का पंजीयन शिविर 24 जून से 29 जुलाई तक होगा आयोजित

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ग्रुप कमांडेंट, सिक्युरिटी एंड इंटेलीजेंस सर्विसेज लिमिटेड, केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र, अनुशासनपुरम, बेलचंपा, गढ़वा (झारखंड) के पत्र के आलोक में एसआइएस द्वारा सुरक्षाकर्मियों के लिए उम्मीदवारों का लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंड परिसर में अलग-अलग तिथियों में पंजीयन शिविर का आयोजन 24 जून से 29 जुलाई 2024 तक निम्नांकित तिथियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक आयोजित किया जायेगा। उक्त जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी,लोहरदगा द्वारा दी गयी। पंजीयन शिविर किस्को प्रखंड परिसर में 24 जून और 22 जुलाई, पेशरार प्रखंड परिसर में 25 जून और 23 जुलाई, कैरो प्रखंड परिसर में 26 जून और 24 जुलाई, भंडरा प्रखंड परिसर में 27 जून एवं 25 जुलाई, सेन्हा प्रखंड परिसर में 28 जून और 26 जुलाई, कूडु प्रखंड परिसर में 29 जून और 27 जुलाई, लोहरदगा प्रखंड परिसर में 01 और 29 जुलाई को आयोजित होगा।

## सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड स्तरीय विधालय खुली चयन प्रतियोगिता सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल मैच का फाइनल गुरुवार 20 जून को कुडु प्रखंड के माराडीह स्थित गांधी मेमोरियल +2 उच्य विधालय स्टेडियम एवं संत बिनोवा भावे स्टेडियम में खेला गया। जिसमे बालक अंडर 17 का विजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेजला एवं उपविजेता +2 मा गांधी मेमोरियल +2 विधालय माराडीह की टीम रही। वहीं बालिका अंडर 17 के विजेता +2 गांधी मेमोरियल विद्यालय माराडीह एवं उपविजेता हाई स्कूल जिंगी रहे। बालक अंडर 15 के विजेता +2 गा०में०वि० माराडीह एवं उपविजेता सुकुमार की टीम रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरविंद कुमारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रवेज शाह शारीरिक शिक्षक विपिन लकड़ा, संतोष कुमार, अंजना खलखो, शिक्षक लाल प्रकाश नाथ शाहदेव, मीना कुमारी, संतोष कुमार, सुदामा चौधरी, संजीव कुमार, सरफराज अहमद, बनवारी लाल, सुशील कुमार, अमृतलाल, जफर आलम, विजय प्रकाश, नरेश यादव की भूमिका रही है।

## सेन्हा में ठाकुर बाड़ी मुहल्ला वासियों के घरों में घुसा बारिश का पानी



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ठाकुर बाड़ी मंदिर सेन्हा से भंडरा तक बन रहे सड़क मे नाली बनने के लिए गड्ढा खोदा गया है। एक तरफ पहले से बने नाली को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण ठाकुर बाड़ी मुहल्ला वासियों के सभी लोगों के घरों मे पानी घुस गया है। सड़क निर्माण कार्य गंगा कंस्ट्रकसन के द्वारा किया जा रहा है। लगभग एक साल से ज्यादा समय से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन न अभी तक सड़क पुरा हुआ है। न नाली ही बन पाया है। कार्य इतना धीमा चल रहा है की लोग अब पारेशान होने लगे है। सड़क के दोनो ओर नाली बना हुआ था। परंतु सड़क निर्माण मे एक तरफ नाली बंद हो गया है। अब मानसून के पहले बारिस होने से लोगों के घरों मे पानी घुसने लगा है। जिसे संतोष महतो,बिकास पाठक,गणेश महतो, चंद्रमोहन पाठक, महाबीर महतो, नर्मदेश्वर पाठक, श्रीधार पाठक, मानन अंसारी साहित अन्य लोगों के घरों मे नाली का पानी घुसने से लोगों ने बाल्टी, लोटा, थाली से घर मे घुस पानी हटाया गया। नली का पानी घर मे घुसने से लोगों के मन मे सड़क निर्माण कर रहे कंपनी के खिलाफ गुस्सा देखा जा सकता है। सड़क निर्माण के लिए समय की कोई समय सीमा नहीं है। कंपनी के मनमानी के करण घरों में पानी घुसने लोगों के घरों मे रखा चावल गेहूं सहित अन्य खाद्य पदार्थ व जरूरत का सामग्री भींग गया है। जिसे खराब होने की संभावना है। ग्रामीणों ने जल्द नाली निर्माण करने की बात कही है, नहीं तो सड़क निर्माण कम्पनी के विरुद्ध लोग सड़क पर उतर कर विरोध के लिए भी तैयार हैं।

## बरवाडीह में दो ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार द्वारा टीम गठित दो ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि ब्राउन शुगर तस्करी की सूचना पर छापामारी टीम द्वारा नीरज कुमार एवम पंकज कुमार साहू दोनो गुमला जिला के रहने वाले ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तारी किया गया है। जो गढ़वा ब्राउन शुगर खरीद कर से गुमला ले जा रहे थे। इस दौरान बरवाडीह में भी ब्राउन शुगर की भी बिक्री करने आए हुए थे। इसी दौरान दोनो को गिरफ्तारी किया गया।दोनों तस्कर गढ़वा से ब्राउन शुगर लेकर बरवाडीह एवं गुमला में सप्लाई करता था। दोनो के पास से 12 ग्राम से ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जिसकी कीमत एक लाख 20 हजार रुपए लगभग बताया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दिया गया मामले में पकड़े गये दोनो आरोपियों ने ब्राउन शुगर तस्करी में संलिप्त अन्य लोगो का नाम भी उजगार किया। जिसकी गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया जा रहा है। जल्द ही इस गिरोह में शामिल लोगो को गिरफ्तार किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 जून, 2024
www.azadsipahi.in
09

## सीएम से मिले भरनो का प्रतिनिधिमंडल



भरनो (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को उनके आवास में मुलाकात कर भरनो के प्रतिनिधि मंडल द्वारा भरनो अंचल में 1985 का हाल सर्वे के आधार पर ऑनलाइन को रद्द करते हुए 1932 खतियान के आधार पर ऑनलाइन कराने की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो, बीस सूत्री अध्यक्ष जॉनसन बड़ा, मुखिया सुकेश उरांव, पूर्व मुखिया मुकेश उरांव, लधुवा उरांव, एतवा उरांव, राजेंद्र कच्छप आदि मौजूद थे।

## ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला शहर में ब्राउन शुगर के कारोबारी के खिलाफ पुलिस लगातार काम कर रही है। वहीं कम उम्र के छात्रों को इसकी लत लगाई जा रही है। शहर से ब्राउन शुगर का नामो निशान मिटाने के लिए पुलिस भी कमर कस कर तैयार है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली कि कुछ युवक फुलवार टोली में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने एक टीम का गठन किया। बुधवार की शाम पुलिस टीम शहर से सटे फुलवार टोली स्थित अमित गोप के घर पहुंच कर छापामारी किया। जहां पर तीन युवक मिले जिनकी तलाशी लेने पर करीब 3.80 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पूछताछ करने पर तीनों ने बताया कि हम लोग ब्राउन शुगर का खरीद बिक्री का काम करते हैं तथा आज भी ब्राउन शुगर कुछ लोगों को बेचे हैं जिसका 16800 रुपया मिला है। जिसे पुलिस ने बरामद किया। वहीं पुलिस ने बताया बरामद किए गए 19 पुडिया ब्राउन शुगर की कीमत करीब 20 हजार है। गिरफ्तार युवकों में शहर के सरना टोली शमशान घाट रोड निवासी 21 वर्षीय अमित कुमार साहू उर्फ.धकडू पिता दिलीप साहू, लोहरदगा रोड आरा मिल के पीछे रहने वाले 24 वर्षीय राहुल कुमार साहू उर्फ. ताऊ पिता बालकिशुन साहू और फुलवार टोली निवासी 21 वर्षीय अमित गोप पिता विनोद गोप शामिल है। वहीं छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव, अंकित राज, सुमन सुरीन, सुमित कुल्लू, संजय मुंडा, प्रवीण टोप्पो और वीरेंद्र गोप शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग सत्र और रैली का होगा आयोजन




सिसई (आजाद सिपाही)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, गुमला द्वारा 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2024 के पूर्व मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पंडरानी में स्वयं और समाज के लिए योग एवं परिवार के लिए योग विषय पर रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही केन्द्र सरकार के 10 वर्ष के कार्यालय के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं आदि पर चर्चा की गई। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने बताया कि संपूर्ण विश्व के लोगों ने योग के महत्व को स्वीकार करते हुए पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2015 को मनाया था। इसी क्रम में 21 जून को सुबह 7 बजे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पंडरानी में रैली एवं योग सत्र का आयोजन किया जायेगा। योग दिवस पर आयोजित परिचर्चा सह योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर वार्डन श्वेता निर्मला मिंज, शिक्षक– शिक्षिकायें, केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान सहित कई लोग मौजूद थे।

## नशामुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रथ रवाना



भरनो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय से नशामुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रथ रवाना किया। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा मादक पदार्थों पर पूर्णत: रोक लगाने के उद्देश्य से पूरे जिले में नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा हैं। इस उद्देश्य से गुरुवार को जागरूकता रथ भरनो पहुंचा। इधर प्रखंड परिसर से अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर और बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। उक्त रथ विभिन्न गावो में घूमकर लोगो को नशापान के खिलाफ जागरूक करेगा। मौके पर सीडीपीओ, बीएओ, सुपरवाइजर सहित प्रखंड कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## नाबालिग से युवक ने किया दुष्कर्म, थाना में प्राथमिकी दर्ज

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म मामले में गुरुवार को गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आरंभ हो गई है। पीड़िता के बयान पर गुमला थाना में आरोपी बसुआ निवासी राजेश लोहरा के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत कांड दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि बीते 16 जून को घर से एक दुकान में सामान लेने गई थी। सामान लेकर लौटने के दौरान किराए के मकान में रहने वाला राजेश लोहरा उसके साथ जबरदस्ती करते हुए अपने किराए के मकान में खींचकर ले गया। विरोध करने पर हाथ को मरोड़ दिया और मारपीट करने लगा। इच्छा के विरुद्ध जबरन शारीरिक संबंध बनाया। जानकारी मिलने के बाद मेरी मां 17 जून की सुबह मुझे घर लेकर आई। उसी रात राजेश मेरे घर आया और गंदी गंदी गाली देने लगा। दरवाजा को लात मारने लगा और गोली मारने की धमकी भी दी। तब से वे लोग भयभीत है। पीड़िता ने राजेश लोहरा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वही पीड़िता का मेडिकल जांच कराया गया। जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

# डीसी पहुंचे रायडीह प्रखंड के नकटीझरिया गांव

## नकटी झरिया के ग्रामीणों ने आजाद सिपाही को दिया धन्यवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। आखिर कार गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र कोब्जा पंचायत स्थित नकटीझरिया ग्राम पहुंच गए। दरअसल आजाद सिपाही की टीम नकटीझरिया गांव पहुंचकर वहां की बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर आधारित खबर न्यूज कवर किया था। साथ में जिला प्रशासन को बताने का प्रयास किया था की रायडीह प्रखंड के ऊर्जा पंचायत स्थित नकटीझरिया और आसपास के तीन चार गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित है और इन गांवों को जोड़ने वाली सड़क आज तक पगदंडी है। न्यूज कवर करने के साथी आजाद सिपाही की टीम ने ग्रामीणों को सुझाव दिया था कि मंगलवार को होने वाले जन शिकायत निवारण अभियान में पहुंचकर उपयुक्त को आवेदन दिया जाए और उनसे मिलकर इस समस्या का समाधान निकालने की फरियाद की जाए। ग्रामीणों ने उपयुक्त से मिलकर आवेदन दिया और फरियाद की। नतीजतन जिले के उपायुक्त कारण सत्यार्थी गुरुवार को नकटीझरिया जैसे दूर दराज के गांव में मोटरसाइकिल से पहुंच गए। उपायुक्त ने उक्त ग्राम का भ्रमण कर वहां के नागरिकों से मुलकात की।



### मोटरसाइकिल से गांव नकटीझरिया तक पहुंचे उपायुक्त

उपायुक्त ने मुख्य सड़क से बाइक के माध्यम से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय की। उपायुक्त ने सड़क की समस्या को देखा एवं उन्होंने आर.ई.ओ. विभाग के सहायक अभियंता को सोमवार तक मुख्य सड़क से उक्त ग्राम तक के लिए पहुंच पथ बनाने हेतु भौतिक परीक्षण करते हुए प्रकलन तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा। उपायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि सड़क निर्माण में थोड़ा वक्त लग सकता है परंतु केवल सड़क के निर्माण होने तक का इंतजार न करें सरकार के अन्य योजनाओं का लाभ लें स्वयं को जागरूक बनाएं एवं अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ायें।

35 परिवारों वाले नकटीझरिया ग्राम में राउटिया एवं नगसिया समुदाय के नागरिक रहते हैं।

**बिजली आपूर्ति के लिए लगेगा सोलर ग्रिड :** बिजली की समस्या के समाधान हेतु उपायुक्त ने उक्त ग्राम में सोलर ग्रिड लगवाने की बात कही, जिसके लिए उन्होंने ग्रामीणों से जगह चिन्हित करने की बात कही। ग्रामीणों ने कहा कि सोलर ग्रेड के लिए भूमि चिन्हित करके संबंधित पदाधिकारी को सूचना दी जायेगी।

**ग्रामीणों को तत्काल जॉब कार्ड :** इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने रोजगार सेवक से आज संध्या तक सभी ग्रामीणों का जॉब कार्ड बनवाने हेतु ऑनलाइन आवेदन भर देने का निर्देश दिया एवं संध्या 6 बजे तक रिपोर्ट की मांग की। इसके साथ ही उपायुक्त ने ग्रामीणों को सरकार के अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को कैंप लगवाते हुए विभिन्न योजनाओं से वहां के ग्रामीणों को जोड़ने का निर्देश दिया।

### एक दिन के अंदर जल योजना तैयार करने के दिये निर्देश

इसी प्रकार पानी की समस्या के समाधान हेतु उपायुक्त ने पी.एच.ई.डी. विभाग के अधिकारियों को उक्त स्थान का दौरा करते हुए पानी की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 1 दिन के अंदर योजना तैयार करते हुए प्राक्लन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने ग्रामीणों से भी एक समूह बनाने का आग्रह किया जिनके द्वारा पानी एवं बिजली के कनेक्शन के पश्चात नियमित देखभाग की जायेगी।

### आजाद सिपाही को दिया धन्यवाद

निकटी झरिया के ग्रामीणों ने उपायुक्त का दिल से स्वागत किया वहीं उन्होंने आजाद सिपाही अखबार की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि आजाद सिपाही अखबार में ग्रामीणों को जागरूक किया जिसके कारण वह उपाय से मिले और उपाय में भी अपना वादा निभाते हुए निफ़्टी झरिया की उन्नति और विकास के लिए तत्काल प्रभाव से निर्णय लिया।

## वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग घायल

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के टोटाम्बी के समीप गुरुवार को सड़क किनारे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति घायल हो गया। सड़क किनारे तड़पता रहा। इस क्रम में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत उर्फ टुनटुन घाघरा से गुमला जा रहे थे। सड़क किनारे तड़पता हुआ बुजुर्ग व्यक्ति को देखा। इसके बाद उन्होंने अपनी वाहन रोका। वही 108 एम्बुलेंस को कॉल कर उक्त घायल बुजुर्ग व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भिजवाया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार उक्त बुजुर्ग व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह घायल हो गया था और सड़क किनारे तड़प रहा था। गुमला जाने के क्रम में कांग्रेस प्रदेश महासचिव की नजर उक्त बुजुर्ग व्यक्ति पर पड़ी। जिसके बाद उन्होंने एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भेजवाया।

# सांसद सुखदेव भगत ने जारी प्रखंड में निकाली आभार यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

जारी। लोकसभा मे बड़ी जीत हासिल करने के बाद गुरुवार को जारी में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत ने अपने कार्यकताओं के साथ आभार यात्रा निकाली। आभार यात्रा जारी प्रखंड क्षेत्र के मेराल,बारडीह,भिखमपुर ,रुद्रपुर,गोबिन्दपुर परसा मे निकाला गया।वहीं आभार यात्रा जारी पहुँचा जहाँ नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत एव उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा परमबीर अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद ग्रामीणों के साथ रूबरू हुए।वहीं सांसद गोबिन्दपुर मे अपने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि जारी प्रखंड में जो भी है मै उसे पूरा करने का कोशिश करूँगा।वही जारी के सभी मीडिया कर्मियों से भी प्रखंड के साथ साथ उन सभी का हाल चाल के बारे में पूछा। आगे कहा कि किसी प्रकार की भी दिक्कत हो तो निःसंकोच हमे फोन करें।मै समस्या का समाधान करने का हर सम्भव प्रयास करूँगा। जिसके बाद आभार यात्रा डुमरी के रजावल पारिस पहुंचा जहां सांसद सुखदेव भगत ने पारिस फादर से मुलाकात किया।जिसके बाद यात्रा चैनपुर के अल्बर्ट एक्का के स्मृति पर माल्यार्पण करते हुए चैनपुर से रवाना हुआ।मौके पर राजनील तिग्गा, जय सिंह, अनिरुद्ध चौबे, फादर ललित मिंज, फादर प्रेम, इन्दवार, फादर फिलमोन एक्का, आलोक साहू,राजेश टोप्पो,जाकिर खान, मोती चौधरी, रिजवान अन्सारी, अर्जून लकड़ा, भालेन मिंज, चाजरेण मिंज सहित आभार यात्रा मे कंग्रेस एवं जेएमएम के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# आंगनबाड़ी सेविका केंद्र न जाकर घर में चलाती हैं दुकान

आजाद सिपाही संवाददाता

कामडारा। कामडारा प्रखंड क्षेत्र के कोन्सा पंचायत गांव लतरा जराटोली में बाल विकास परियोजना में संचालित आंगावडी केंद्र में सेविका मंजु देवी के संचालन पर ग्रामीणों का संदेह, चूंकि सेविका मंजु देवी अपने को गौण कर अपने बेटी को आंगनबाड़ी केंद्र का जिम्मे देकर खुद घर के दुकान का संचालन करती हैं। इधर ग्रामीण बताते हैं कि ये अंगाबड़ी केंद्र जाती ही नहीं है और बेटी को भेज सारा काम को करा देती है। यहां बता दे कि हाल के दिनों में कई ऐसे ही सरकारी शिक्षण संस्थान अथवा सरकार के द्वारा संचालित संस्थानों में ऐसी घटाएं हुई है जो आम है जहां कई तरह के फूड पॉइजनिंग के अलावे कई घटना हो चुकी है जिसका आज भी मामला लापरवाही रहा है और फिर इसी ही लापरवाही की फिर घटना को फिर पुनरावृति की तैयारी दिखाई दे रही है चूंकि ये देखा जा रहा है और ग्रामीण कहते है कि जिम्मा बेटी को पिछले छह महीनों से देकर केंद्र का संचालित करा रही है इस मामले में ग्रामीण में भले विरोध तो है लेकिन कुछ भी शिकायत पर संकोच कर सिर्फ एक ही बात कहते हैं अगर आंगनबाड़ी केंद्र किसी दूसरी महिला के द्वारा संचालित होता तो शायद बच्चों को मिलने वाला पोषाहार समय पर मिलता रहता लेकिन न बच्चों का पता दिखता है न ही सेविका आंगनबाड़ी सेंटर में दिखती है। लेकिन उनकी बेटी के द्वारा सेंटर खोल सारा संचालन करती है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ,सेविका मंजू देवी जो कोनसा पंचायत के लतरा जराटोली गांव में स्थापित आंगाबड़ी केंद्र की सेविका हैं जो हाल के दिनों में मॉडल आंगाबडी केंद्र के रूप में संचालित कर रही है ,लेकिन वो खुद न जाते हुए अपनी बेटियों से संचालन करा रहीं हैं जो एक बड़ी सवाल बना हुआ है।




# पार्किंग का नया नियम व्यापारी हित में सही नहीं : दामोदर कसेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में चेम्बर कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर लोगों ने विचार रखे। रेजगारी के सम्बन्ध में अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बताया की प्रमुख बैंको से बात हुई है एवं फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज को भी रेजगारी उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया गया है। श्रम विभाग द्वारा प्रतिष्ठानों में बाल मजदूरी नहीं करवाने को लेकर जारी सूचना पत्र को प्रत्येक दुकान में लगवाने का निर्णय लिया गया। गुमला चेम्बर विभिन्न समस्याओ को लेकर नियोजन पदाधिकारी के साथ गुमला चेम्बर कार्यालय में चेम्बर के डेलिगेट्स के साथ वातार्लाप का निर्णय हुआ। बाजार तांड की बाउंड्री वाल में अतिरिक्त गेट खोलने की मांग को लेकर उपायुक्त गुमला से मिलकर बात रखी जाएगी। गुमला में नए पार्किंग स्थल चिन्हित करने को लेकर व्यापारियों को हो रही समस्या के विरोध में नगर परिषद से चेंबर डेलिगेट्स मिलकर नियम में बदलाव की मांग रखेगी। टावर चौक काफी छतिग्रस्त हो गया है इसे तोड़कर नये तरीके से बनवाने की मांग उपायुक्त गुमला से की जाएगी। पूर्व अध्यक्ष विनोद केसरी ने गुमला में विद्युत आपूर्ति में सुधार करवाने की मांग चेम्बर अध्यक्ष से की। पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी ने फूड लाइसेंस बनवाने में आ रही परेशानी का मामला उठाया, इस पर फूड इंस्पेक्टर से मिलकर अवगत कराने का निर्णय हुआ। बैठक में अध्यक्ष दामोदर कसेरा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विनोद केसरी, पवन अग्रवाल, दीपक गुप्ता, पदम साबू, हिमांशु केसरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुनीलाल साहू एवं अन्य उपस्थित थे




## आजसू स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जायेगा : बोनीफास कुजूर



चैनपुर (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के बैनर तले 22 जून को आजसू स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकरी नेता सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत और विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर मौजूद रहेंगे। केंद्रीय सचिव बोनीफास कुजूर ने बतलाया कि गुमला विधानसभा क्षेत्र से एक हजार नए युवाओं को आजसू पार्टी के विचारों से जोड़ने का लक्ष्य लिया गया है साथ ही साथ युवा सम्मेलन के रूप में सभी युवाओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। सभी प्रखंडों से हजारों की संख्या में रायडीह प्रखंड के पतराटोली स्टेडियम में यूथ के साथ बैठक रखा गया है, और उसमें झारखंड को किस–किस ने बलिदान दिया है उसका विजुअल वीडियो जारी किया जायेगा। जिसमें झारखंड को अलग राज्य बनाने में, झारखंड की आबरू को बचाने में, झारखंड के किसानों के लिए अलग लड़ाई लड़ना विद्यार्थियों के लिए आवाज उठाना और मुंहतोड़ जवाब देना। आजसू पार्टी किस तरह संघर्ष और बलिदान करते हुए आज पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाया। उसको बताने के लिए और वर्तमान दौर में झारखंड में गर्मी का जो डिग्री प्रतिशत जिस तरह से बढ़ रहा है उसको देखते हुए हर विधानसभा में 100 पौधा लगाने का निर्णय आजसू पार्टी ने लिया हैं।

## बसिया में मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन



बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन बीपीओ अनुपम कुमार के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस गुरुगोष्ठी कुल नामांकन, किताब का ऑनलाइन इंट्री, टोला टैगिंग पर चर्चा की गयी। पोशाक के लिये डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। दिव्यांग बच्चो का शिविर 4 जुलाई को प्रखंड संसाधन केंद्र में आयोजित की जायेगी जिसमे बाहर से आये डॉक्टर की टीम द्वारा चेक किया जायेगा। आगामी 22 जून को सुब्रतो कप अंडर 17 बालक बालिका और अंडर 15 बालक संत जोसेफ हाई स्कूल कोनबीर नवाटोली मैदान में किया जायेगा। बीपीओ द्वारा उपस्थित सभी शिक्षकों को एसएमसी 100 प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही 60 साल से अधिक उम्र के रसोईया को हटाने का निर्देश भी दिया गया है।

## एनीमिया के प्रति जागरूकता को लेकर बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली



बसिया (आजाद सिपाही)। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में 'विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस' के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विद्यालय के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा सात और आठ के छात्रों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय था 'हमारा स्वास्थ्य, हमारी जिम्मेदारी'। छात्रों ने अपनी कल्पनाशीलता के आधार पर सुंदर–सुंदर पोस्टर का निर्माण किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 46 छात्रों ने भाग लिया। निर्णायकों की टोली द्वारा घोषित परिणाम में प्रिंस जोएल तोपनो ने प्रथम, ओम उरांव ने द्वितीय तथा रोहित उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जायेगा।

## बीडीओ ने अबुआ आवास निर्माण का किया निरीक्षण



सिसई (आजाद सिपाही)। अबुआ आवास योजना कार्य को लेकर बीडीओ रमेश कुमार यादव ने गुरुवार को सभी आवास पर्यवेक्षक, पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक, सहित आवास कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक और आवास प्रगति को लेकर क्षेत्र भ्रमण किया। बैठक में अबुआ आवास योजना के निर्गत प्रथम किस्त की राशि वाले लाभुकों की भौतिक स्थिति की समीक्षा के साथ बीडीओ ने वैसे लाभुक जिनका जियो टैग किया गया था। लेकिन आचार संहिता लागू हो जाने के कारण प्रथम किस्त की राशि लाभुकों के खाते में भेजा नहीं गया था। उन सभी लाभुकों का भुगतान की प्रक्रिया पुरी करने और सभी का दस्तावेजीकरण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने के साथ निर्माण कार्य जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने भुरसो पंचायत के विभिन्न गांवों में चल रहे आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और लाभुकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। इस मौके पर आवास समन्वयक आलोक कुमार मिश्रा, रोजगार सेवक देवमोहन साहु, सीताराम सिंह, सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## पुलिस ने फरार अभियुक्त जेंगा उरांव के घर चिपकाया इश्तिहार



भरनो (आजाद सिपाही)। ढोल नगाड़ा के साथ पुलिस ने भरनो थाना कांड संख्या 48/ 23 के फरार अभियुक्त जिला परिषद सदस्य जेंगा उरांव के घर चिपकाया इश्तिहार मामला अल्पसंख्यक छात्रवृति घोटाला का है। गुरुवार को थानेदार अरविंद कुमार, एसआइ मंटू चौधरी,एस आई विजय लकड़ा सहित भरनो थाना के पुलिस कर्मी ढोल नगाड़ा के साथ अभियुक्त के घर और प्रखंड कार्यालय में इश्तहार चिपकाया। अभियुक्त को 15 जुलाई तक न्यायालय में हाजिर होने का आदेश है ।

## तेज आंधी से हुए घर के नुकसान को लेकर सौंपा आवेदन

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के चुंदरी पंचायत में तेज आंधी बारिश से हुए घर के नुकसान को लेकर दो ग्रामीणों ने गुरुवार को घाघरा अंचल कार्यालय में आवेदन सौंपा। दिए गए आवेदन में ग्रामीण भूलो देवी और दुलैर देवी ने बताया कि विगत 18 जून को शाम 7 :00 बजे तेज आंधी के कारण घर में लगे अल्बेस्टर हवा में उड़कर जा गिरा और टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। इस तेज आंधी बारिश से दुलैर देवी ने 45 हजार रुपए की आर्थिक नुकसान बताया। जबकि भूलो देवी ने लगभग 60 हजार का आर्थिक नुकसान की बात आवेदन के माध्यम से बताया है। वही दोनों पीड़िता ने उचित मुआवजा की मांग अंचल प्रशासन से की है।

### निर्माण कार्यों पर जनता रखे नजर, गड़बड़ी होने पर करे शिकायतः विधायक

# 47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होगी हुसैनाबाद-हरिहरगंज विस की 29 सड़कें

## फरवरी में मिली थी प्रशासनिक स्वीकृति, चुनाव की वजह से नहीं निकल पायी थी निविदा

आजाद सिपाही संवाददाता


विधायक कमलेश कुमार सिंह।

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह की अनुसंशा पर फरवरी 2024 में स्वीकृत हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा की 29 ग्रामीण सड़कों के जीर्णोद्धार की निविदा डाल्टनगंज ग्रामीण कार्य विभाग ने निकाल दिया है। इन सड़को का निर्माण हो जाने से अधिकांश गांव की सड़क समस्या का समाधान हो जाएगा। गुरुवार को विधायक ने कहा कि पूर्व में 60 से अधिक सड़कों में कुछ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि कुछ का काम प्रगति पर है। कहा कि 29 ग्रामीण सड़कों की निविदा के बाद अधिकांश गांव की समस्या दूर हो जायेगी। बताया कि 29 सड़कों में हैदरनगर की सात, हुसैनाबाद की छह, मोहम्मदगंज की दो, पिपरा की पांच व हरिहरगंज की आठ सड़के शामिल है। सभी पथों का विशेष जीर्णोद्धार किया जाना है। इन पर करीब 47 करोड़ रुपए खर्च होंगे। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि विकास के कार्यो पर जनता निगाह रखे। कहीं गड़बड़ी होती है तो बताएं। कार्रवाई की जाएगी। इन सड़कों का निर्माण हो जाने से क्षेत्र की अधिकांश गांव की सड़क की समस्या का समाधान हो जाएगा। जो सड़के बची हुई है उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में जो सड़के बनी थी उनका किसी जनप्रतिनिधि ने रख रखाव तक नहीं किया। दोबारा उन सड़कों को भी दुरुस्त कराना पड़ा। उन्होंने कहा कि वे जनता से जो वादा करते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। जात पात और संप्रदाय की राजनीति से अलग वह विकास की राजनीति में विश्वाश रखते हैं। जनता की अदालत पर वह हमेशा भरोसा करते हैं।

# योगाभ्यास आज, शामिल होंगे सांसद वीडी राम

## कलाकृतियों से दिया योग दिवस मनाने का संदेश

- 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर सीबीसी डाल्टनगंज की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन
- विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली, करें योग रहें निरोग का दिया नारा
- रंगोली, पेंटिंग्स एवं भाषण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया जाएगा पुरस्कृत



### अंबेडकर पार्क में सुबह पांच बजे से होगा मुख्य कार्यक्रम

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को योग युवा पलामू के सहयोग से केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय अंबेडकर पार्क में प्रातः पांच से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में योग युवा पलामू के संरक्षक योग प्रशिक्षक पवन पुरुषार्थी की ओर से कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जाएगा। योगाभ्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विष्णु दयाल राम भी उपस्थित रहेंगे। योगाभ्यास कार्यक्रम के बाद रंगोली, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज की ओर से 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को आम जनों और विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रंगोली, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन स्थानीय गिरवर प्लस टू उच्च विद्यालय में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली भी निकाली और 'करें योग रहें निरोग' का नारा भी दिया। इससे पहले क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने विद्यार्थियों को इस वर्ष की थीम 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही यौगिक क्रियाओं से होने वाले फायदों की जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्य नीरज कुमार द्विवेदी, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे। नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# घर-घर जाकर बीएलओ सर्वे करें और लोगों का नाम जोड़ें व हटायें : बीडीओ



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को बीडीओ मधु कुमारी की अध्यक्षता में बीएलओ सुपरवाइजरों की बैठक हुई। जिसमें जिन मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र है और उसका नाम सूची से हट गया है उनको जोड़ने और सभी लोगों का घर-घर जाकर सर्वे कर नाम जोड़ने और हटाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। साथ ही बीएलओ सुपरवाइजर को घर-घर जाकर सर्वे कर सत्यापन करना है। इस मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर पंकज कुमार सिंह, धीरेंद्र तिवारी, भीमपदो रविदास, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार तिवारी, क्षत्रपति शिवाय किस्कू, कालीचरण कुमार, माधव चंद्र सूत्रधार, बीएलओ ममता देवी, रीता देवी, सरोज देवी, संगीता देवी, चांदना राउत, मीतू बाउरी और सावित्री बाउरी आदि उपस्थित थे।

# निषाद समाज के लोगों ने सांसद विडी राम को दी बधाई और शुभकामनायें

निषाद समाज ने सांसद से मिलकर अपनी मांगों को रखा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** निषाद समाज के लोगों ने मेदिनीनगर आवास पर पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार चुने गये सांसद वीडी राम को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर बधाई और शुभकामनाएं दी। निषाद समाज के सामाजिक संगठन महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान सांसद महोदय के समक्ष कई सामाजिक समस्याओं को रखा गया था। उन्होंने आश्वस्त किया था कि हम फिर से चुनाव जीत कर आयेंगे, तो निश्चित तौर पर निषाद समाज के लोगों के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। निषाद समाज के मुख्य मांगों में से गढ़वा-पलामू के जिला मुख्यालय में निषाद सामुदायिक भवन का निर्माण कराना है, जिससे कई कार्यक्रम करने में सहूलियत होगी और अनाथ बच्चों को रहकर पढ़ने की व्यवस्था होगी। वहीं चिरपरिचित मांग तोलरा स्टेशन के पश्चिम मल्लाह टोली गांव के रेल फाटक को रेल अंडर ब्रिज का निर्माण हमारी प्राथमिकता होगी। क्योंकि अभी तक ट्रेन से कटकर कई लोगों की जान जा चुकी है। डॉ कुलदेव चौधरी नें सांसद वीडी राम से अपनी बात रखी। मौके पर महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव चौधरी, गढ़वा जिला अध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष संतोष चौधरी, भिखही पूर्व मुखिया नंदू चौधरी, अधिवक्ता बचनदेव चौधरी, युवा जिला सचिव सकेंद्र कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य रटू चौधरी, रामधनी संतोष चौधरी आदि उपस्थित थे।

# लेखिका अरुंधति व शेख शौकत हुसैन के खिलाफ दर्ज मुकदमे रद्द करने की मांग




**धनबाद (आजाद सिपाही)। भाकपा माले के देशव्यापी कार्यक्रम के तहत गुरुवार को लेखिका अरुंधति रॉय और शेख शौकत हुसेन के खिलाफ यूएपीए के तहत दर्ज मुकदमे को रद्द करने की मांग को लेकर माले की धनबाद जिला ईकाई की ओर से रणधीर वर्मा चौक पर प्रतिवाद दिवस मनाया गया। इस दौरान दमनकारी कानूनों को खत्म करों, सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करो आदि नारेबाजी की गयी। वक्ताओं ने कहा कि 2024 के चुनाव में भाजपा को देश की जनता पूरी तरह नकार चुकी है। जैसे-तैसे केंद्र में फिर से मोदी सरकार बनी है। बावजूद इसके तानाशाही जारी हैं। अभिव्यक्ति की आजादी को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी की मांग है कि अरुंधति रॉय एवं शेख शौकत हुसेन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमें को रद्द किया जाए। इस मौके पर जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, नगर सचिव नकुलदेव सिंह, दिलीप राम, अजरानी निशानी, सरोज देवी, संदीप कौशल, दिनेश दास, रंजीत दास, यमुना शर्मा, बीआर सिंह, एसपी साहू, शुकदेव हरि, अजय प्रजापति, मोनाज अख्तर, ज्ञानोदय गोर्की, वीरभगत गोविन्दपुरी, राहुल कुमार, अशोक दास, सीताराम कुंभकार, अभिषेक कुमार आदि थे।**

# नगर निगम शहर की प्यास बुझाने में विफलः आशीष



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पानी मांगे पलामू, हमे हमारा पानी दो, पानी हमारा अधिकार है के नारों के साथ आज युवाओं की टोली 'पानी यात्रा' के नवें दिन गुरुवार को मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शांतिपूरी, सुदना पश्चिमी, रेलवे क्रॉसइंग एरिया में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान युवाओं ने जलसंरक्षण व पैधारोपण के लिए नगरवासियों को जागरूक भी किया। 'पानी यात्रा' का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि एक ऐसी भयावह स्थिति कि कल्पना कीजिए जब आपके आसपास हर जगह पीने का पानी सूख चुका है। ऐसे में आपका जीवन यापन कहां तक संभव रह जाएगा। कुछ यही हाल हो गया है हमारे नगर निगम क्षेत्र मेदिनीनगर का। जहां लगभग घरों के पेयजल स्त्रोत सूख चुके हैं। त्राहिमाम मचा हुआ है। नगर निगम द्वारा जो टैंकर से पानी वितरण की तत्कालीन व्यवस्था की गई है वह भी फेल है। कहा कि जो पदाधिकारी या कर्मी हमारे शहरवासियों के हिस्से का पानी निगलेगा हम उसका हिसाब किताब कर लेंगे। हमारा शहर पेयजल समस्या के एक भयावह दौर से गुजर रहा है जहां लगभग लोग पेयजल को लेकर कष्ट में है। ऐसे में कुछ लोग मदद की जगह अपनी रोटी सेंकने में लगे है, जिसे हमलोग नहीं चलने देंगे। अब हम शहरवासियों को भी सचेत होकर पेयजल संरक्षण और पौधारोपण पर गंभीरता से सोचना होगा। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त से मिलकर हम टैंकर वितरण में अनियमीतता, टैंकरों की संख्या में वृद्धि, पाइपलाइन कनेक्टिविटी के कॉस्ट, पानी सप्लाई, सेकंड फेज की स्थिति और हमारे शहर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के संपूर्ण उपचार पर वार्ता करेंगे। इस मौके पर साहेबजी नामधारी, दीपक प्रसाद, संदीप प्रसाद, दिलीप गिरी, शशांक सुमन, राजेश रंजन, मुन्ना दूबे, सोनू पांडेय,आकाश विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, नवनीत मेहता, सूरज सिंह, शेखर सिंह, अमित सिंह, प्रभात सिंह , रौशन पाठक, रिशु दूबे, गोलू दूबे, गोलू मेहता, धीरू मेहता उपस्थित थे।

# टुंडी का मजदूर चेन्नई में छह महीने से लापता, परिजनों ने घर वापसी की लगायी गुहार

जेबीकेएसएस बरवाअड्डा जोन की टीम ने लिया संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिले के टुंडी थाना अंतर्गत राजाभिटा पंचायत के ताराटांड़ निवासी सखीचंद महतो अपने प्रवासी मजदूर बेटे लालू महतो (28) के लापता होने की शिकायत स्थानीय टुंडी थाना, बरवाअड्डा के घटना स्थल पौषक और जिला प्रशासन आदि से करते हुए बेटे के सकुशल घर वापसी की गुहार लगायी थी। आरोप है कि संभावित जगहों पर गुहार लगाने के बावजूद पिछले छह महीने से चेन्नई में लापता बेटे की घर वापसी कराने को लेकर कहीं से कोई मदद नहीं मिली। मजदूर लालू महतो के पिता और परिजनों ने शिकायत की है कि स्थानीय थाने की पुलिस रिश्वत लेकर आरोपियों को बचा रही है। जबकि आरोपित उन्हें खुलेआम चुनैती दे रहे हैं कि उनका बेचा घर नहीं लौट सकेगा। बतातें चलें कि पेशे से मजदूर लालू महतो के परीजन बेहद गरीब किसान परिवार से हैं। किसी तरह खेती व दिहाड़ी मजदूरी कर अपने बेटे को चेन्नई से घर वापसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पीड़ित के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। परीजनों ने कहा कि उनका बेटा लालू महतो रंग पेंट पुताई का काम कर अपना घर चलाता था। स्थानीय गांव के ठिकेदार बिचौलियों ने अच्छा वेतन का लालच देकर उसे अपने चंगुल में फंसा लिया और धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के भेलाटांड़ खटाल के पास ले गये। वहां से घर भी आने नहीं दिया। वहीं से उसे गायब कर चेन्नई ले जाया गया। अब लालू महतो का मोबाइल फोन भी बंद है। परिजन विगत छह महीने से धनबाद से लेकर बरवाअड्डा तक की पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से बेटे को बरामद करने व घर वापस लाने में मदद की गुहार लगाई, लेकिन अब तक कहीं से कोई मदद नहीं मिली। उधर, ग्रामीणों से सूचना मिलते ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बरवाअड्डा जोन की टीम ने संज्ञान लेकर लालू महतो के सकुशल घर वापसी के लिए पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो द्वारा टुंडी और बरवाअड्डा थाना के अलावा धनबाद जिला प्रशासन और झारखंड राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष एवं चेन्नई के प्रवासी नियंत्रण कक्ष के पदाधिकारियों से संपर्क कर लालू के सकुशल घर वापसी की मांग की है। कहा कि 24 घंटे के अंदर प्रवासी मजदूर लालू महतो को पता लगा कर सकुशल घर वापसी नहीं करवाया गया तो इसकी पूरी जवाबदेही जिला प्रशासन, राज्य स्तरीय प्रवासी नियंत्रण कक्ष के पदाधिकारियों की होगी। उनका संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगा। मौके पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छोटा टाइगर छोटू रजक, धनबाद जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रेम रजक, केंद्रीय सचिव युवा मोर्चा पप्पु पहाड़ी महतो, बरवाअड्डा जोन प्रवक्ता नीरज शर्मा, टुंडी प्रखंड अध्यक्ष युवा मोर्चा भागीरथ महतो, मनोज महतो और सोनू महतो आदि उपस्थित थे।

# प्रेरणा परमार्थ के प्रधान संत का मुंबई में देहावसान, अनुयायियों में शोक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महान कर्मयोगी संत सुधीर भैया जी का मुंबई में असमय देहावसान हो गया। इसकी सूचना गुरुवार अहले सुबह मिलते ही उनके प्रयागराज स्थित प्रेरणा परमार्थ आश्रम के पलामू और गढ़वा सहित देशभर में फैले अनुयायियों में शोक की लहर दौड़ गयी। स्थानीय नप के रेहला में लगभग 52 वर्ष पहले सेंगर (क्षत्रिय) परिवार में जन्मे सुधीर भैया जी बाल्यकाल से ही धर्मानुरागी साधक रहे थे। किशोरावस्था आते-आते वे काशी स्थित सर्वेश्वरी समूह धार्मिक पंथ से जुड़कर आदि गुरु किना राम व अघोरेश्वर भगवान राम के आदर्शो और सेवाभाव को जीवन का सार बना लिया। बाद में उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में प्रेरणा परमार्थ आश्रम की नींव रखकर मानव सेवा और उत्थान को जीवन पर्यंत पालन में अहर्निश लगे रहे। इसके बाद उन्होंने मानव कल्याण और अभावग्रस्त मानव के उन्नयन को लेकर देशभर में अमरकंटक, महुआडांड सहित कई दूर दराज स्थानों पर आश्रम की शाखाएं स्थापित की। इनके जरिए निरक्षर को साक्षर बनाने, उनके जीवनस्तर को उठाने, सैकड़ो निर्धन कन्याओं के हाथ पीले करने जैसे जनकल्याणकारी व पीड़ित मानवता की सेवा कार्यक्रम को निरंतर संचालित करने का बीड़ा उठाया। इधर संत सुधीर के रेहला स्थित पैतृक आवास पर सुबह से शोक संवेदना जतानेवाले गढ़वा-पलामू के सैकड़ो खास और आम शिष्यों का तांता लगा रहा। प्रयागराज आश्रम के हवाले से मिली खबर के आलोक में रेहला बेलचंपा से बड़ी संख्या में प्रेरणार्थी, संत परंपरा के अनुसार चिरनिद्रा में लीन सुधीर भैया जी की प्रयागराज आश्रम में होनेवाले समाधि कार्यक्रम में हिस्सा लेने देर शाम रवाना हो गए हैं। इनमें फरटीया के चांसलर और क्षेत्रीय इकाई प्रमुख दिनेश सिंह, विधायक भानु प्रताप देहाती, पूर्व विस प्रत्याशी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह आदि शामिल हैं।

## स्पोर्ट्स



**बीसीसीआइ ने 2024-25 को लिए घरेलू सीजन का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसकी शुरुआत सितंबर महीने में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से होगी। उसके बाद बांग्लादेश से ही तीन टी-20 मैच भी खेलेगी।**

### बीसीसीआइ का 2024-25 के लिए घरेलू सीजन का शेड्यूल जारी

# सितंबर में बांग्लादेश से दो टेस्ट व तीन टी-20 मैचों की सीरीज, न्यूजीलैंड-इंग्लिश टीम भी करेगी दौरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने 2024-25 के लिए घरेलू सीजन का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसकी शुरूआत सितंबर महीने में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से होगी। उसके बाद भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। भारत और बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर को चेन्नई में खेला जाएगा। जबकि दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा। वहीं तीन टी-20 मैचों की सीरीज का पहला मैच धर्मशाला, दूसरा दिल्ली और तीसरा हैदराबाद में खेला जाएगा।

### अक्टूबर में न्यूजीलैंड टीम आयेगी दौरे पर

बांग्लादेश के बाद अक्टूबर में न्यूजीलैंड की टीम भारतीय दौरे पर आएगी। इस दौरान तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। पहला टेस्ट मैच में 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में खेला जाएगा। उसके बाद दूसरा पुणे और तीसरा मुंबई में खेला जाएगा।

### 2025 की शुरुआत में इंग्लिश टीम करेगी भारत का दौरा



**साल 2025 के शुरूआत में ही इंग्लिश टीम टी-20 और वनडे सीरीज खेलने के लिए आयेगी। इस दौरान 5 इंग्लैंड की टीम 5 टी-20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी।**

# पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने की आत्महत्या जय शाह-अनिल कुंबले ने दी श्रद्धांजलि

जॉनसन ने रणजी में लिए थे 10 विकेट , फिर टीम इंडिया में आए, दो टेस्ट मैच खेले

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन (52) का गुरुवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। उन्होंने अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। जॉनसन ने 1996 में भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने तीन विकेट लिए थे। जॉनसन ने कर्नाटक की ओर से 39 फर्स्ट क्लास क्रिकेट मैच खेले। इसमें उन्होंने 125 विकेट लिए। उन्होंने चार बार 5 विकेट लिए। जॉनसन सबसे तेज भारतीय गेंदबाजों में से एक थे। 1995-96 के रणजी ट्रॉफी सीजन के दौरान उन्होंने केरल के खिलाफ 152 रन देकर 10 विकेट लिए। इस कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली। बतातें चलें कि डेविड ने 1996 में नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में अपना टेस्ट डेब्यू किया। ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के दौरान वे माइकल स्लेटर को आउट करने में सफल रहे। दाएं हाथ के गेंदबाज साउथ अफ्रीका दौरे का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्हें केवल पहले टेस्ट में खेलने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने हर्शल गिब्स और ब्रायन मैकमिलन के विकेट लिए। उधर, बीसीसीआइए के सचिव जय शाह ने एक्स पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि खेल में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। वहीं, पूर्व भारतीय लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने लिखा कि मेरे क्रिकेट साथी डेविड जॉनसन के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 जून, 2024
www.azadsipahi.in
11

# महिला ने पति के खिलाफ दर्ज कराया मारपीट का मामला, जांच के लिए घर पहुंची पुलिस को मिले 80 कारतूस



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक (नगर) अजीत कुमार ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में संवाददाता सम्मेलन किया, जिसमें उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) दीपक कुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर एसपी ने बताया कि सरायढेला थाना क्षेत्र के स्टील गेट की रहने वाली स्वाती कुमारी ने अपने पति राहुल कुमार सिंह पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस स्टील गेट स्थित अनन्या अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 402 में पहुंची जहां स्वाती रहती है। पुलिस ने उसके घर का गेट खुलवाया तो स्वाती रोते ने हुए अपने पति राहुल पर मारपीट करने और आभूषण चोरी करने का आरोप लगाया। उसने कहा कि संभवतः आभूषण राहुल की अलमीरा में हो सकती है, जिसकी चाभी वह खुद रखता है। इसके बाद पुलिस ने राहुल को समझा बुझा कर उसी से अरमीरा का दरवाजा खुलवाया। पर दरवाजा खोलते ही राहुल अरमीरा में एक छोटा बैग छिपाने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उससे बैग में रखे सामान के बारे में पूछा तो वह वहां से भागने की कोशिश करने लगा। पर वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद बैग खोला गया तो उसमें 80 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इस बाबत सरायढेला थाना कांड संख्या 139/024 के तहत बुधवार को भादवि की धारा-25 (1-एए) शस्त्र अधिनियम अंकित किया गया। इस मौके पर सरायढेला थाना प्रभारी फगुनी पासवान, पुअनि नितेश कुमार मिश्रा, पुअनि फुलजेन्सिया टोप्पनो आदि उपस्थित थे।

## एकतरफा कार्रवाई ना करे पुलिसः बिरंची नारायण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विकास नगर में विगत दिनों हुई घटना के पीड़ितों से बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने मुलाकात की। जहां पीड़ितों ने विधायक के समक्ष पूरी घटना विस्तार से बताया। पीड़ित परिवार ने कहा कि पुलिस हमारे दो लोगों को उठाकर ले गयी, जबकि मुस्लिम समुदाय के लोगों को खुला छोड़ दिया है। वे सभी आकर रात में धमकी दे रहे हैं। इस पर बोकारो विधायक ने आरोप लगाया कि उक्त घटना सरकार के संरक्षण में घटित हुआ लग र हा है। जब पुलिस दोषियों को जेल भेज रही तो मुस्लिम समुदाय के लोगों को क्यों खुला छोड़ा जा रहा है। इस तरह एक तरफा कार्रवाई कर पुलिस विशेष समुदाय का मनोबल बढ़ा रही है। अगर दोनों पक्ष दोषी है तो दोनों तरफ से गिरफ्तारी होनी चाहिए। ऐसा नहीं करने पर मैं भी सड़क पर उतरकर सरकार और प्रसाशन के विरुद्ध आंदोलन को बाध्य होऊंगा। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के बोकारो महानगर अध्यक्ष संतोष कुमार, जिला महामंत्री संजय त्यागी, महेंद्र राय, बोकारो नगर अध्यक्ष अनिल सिंह, अमित सिंह, मंजीत सिंह, गोलू उपाध्याय और अजय रजक आदि थे।

### मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सरकार-प्रशासन संकल्पितः डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं जिला जनसंपर्क कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत न्यू टाउन हॉल में गुरुवार को जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसकी शुरूआत डीसी माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजित कुमार, डालसा के डॉ कुमार विमलेंदु आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सभी बच्चों को पीपीटी के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारियां दी गई। साथ ही डीसी और सिटी एसपी समेत अन्य पदाधिकारियों व विभिन्न विद्यालय से आए छात्र-छात्राओं ने मादक पदार्थों के विरुद्ध न्यू टाउन हॉल में हस्ताक्षर अभियान के लिए लगाये गए हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर संकल्प लिया कि जीवन में हर तरह के नशा से दूर रहेंगें। साथ ही समाज के अन्य लोगों को इसके प्रति जागरूक करेंगे। वहीं, डीसी ने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार में शामिल तस्करों और उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि समाज विशेषकर किशोर एवं युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में शिक्षकों की भूमिका अहम हो जाती है। सभी शिक्षक विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा दे एवं उनपर ध्यान भी दें, क्योंकि इस उम्र में बच्चे अक्सर नयी चीजों की तरफ आकर्षित होते हैं। डीसी ने कहा कि प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेंसियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जो भी बच्चे नशे के आदि हैं उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है। उधर, सिटी एसपी अजित कुमार ने कहा कि इस अभियान में जिला प्रशासन के अलावा समाज के नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के माता-पिता एवं शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें साथ साथ अपने आस पड़ोस के बच्चों पर भी नजर रखें। ताकि आपके बच्चों के साथ साथ समाज के बच्चों को भी नशा एवं मादक पदार्थों से दूर रखा जाए। कार्यशाला में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त संतोषिणी मुर्मू, डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती आदि उपस्थित थे।



जिला स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन करती डीसी माधवी मिश्री व अन्य।

# अनुकंपा के आधार पर 28 लोगों की नियुक्ति की अनुशंसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्थापना समिति एवं जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। जिला स्थापना समिति की बैठक में कुल 06 लोगों के निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति का निर्णय लिया गया। वहीं अनुकंपा समिति की बैठक में अनुकंपा के आधार पर कुल 28 व्यक्तियों के प्रस्ताव पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई। इस क्रम में डीसी ने आवेदक द्वारा प्राप्त आवेदन, अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, जाति, आवासीय, चरित्र प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी ली। साथ ही उनकी एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्त पदों की भी जानकारी ली। इस दौरान स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी निर्देश दिया गया। सभी आहर्ता पूर्ण करने और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर कुल 28 मामलों पर सुनवाई करते हुए आवेदकों की अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई। अनुकंपा समिति द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से 8, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से तीन, सिविल सर्जन कार्यालय से तीन, समाहरणालय से चार, बीआईटी सिंदरी से तीन, पीएचईडी से दो, सहयोग समिति से एक, एसएसपी कार्यालय से एक, अग्निशमन कार्यालय से एक, पथ प्रमंडल से एक प्रस्ताव पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई। बैठक में डीडीसी सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी आदि थे।



## हिंसा का समाज में कोई स्थान नहीं : कुमार अमित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने सेक्टर-1 स्थित विकास नगर में गुरुवार को बैठक कर दोनो पक्षों से शांति की अपील की। दो दिन पहले भर्रा बस्ती और विकास नगर के निवासियों के बीच हुए हिंसक झड़प को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कुमार अमित ने कहा कि किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। हर हाल में समाज में कानून का ही शासन होना चाहिए। दोनों पक्षों के शआंति पूर्वक बैठक कर वार्ता करने से ही समस्याओं का समाधान संभव है। हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। ना ही समाज में उसका कोई स्थान होना चाहिए। कुमार अमित ने पुलिस पदाधिकारियों को फोन कर इस मामले का निपटारा करने को कहा। कहा कि एकतरफा कार्रवाई से समाज में पुलिस प्रशासन के प्रति असंतोष उत्पन्न होगा। बैठक में सुमित कुमार, लालबाबू, भोलन शाह, कमलेश राम, कंचन गुप्ता, जीतेन्द्र राम, अमरेश सिंह, राम स्वरूप, छोटू राय, सच्चिदानंद सिंह, संजय यादव, दीपक, सत्येन्द्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा**

**पशु आपूर्तिकर्ताओं की सूचीबद्धता हेतु आम सूचना**

राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच दुधारू पशुओं का वितरण दुधारू पशु मेला आयोजित कर कोडरमा जिला में किया जाना है। उक्त मेला में दुधारू पशुओं की आपूर्ति सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं के माध्यम से ही किया जाना है। कोडरमा जिला में दुधारू पशु आपूर्त्ति किये जाने हेतु सूचीबद्धता के लिए कोडरमा जिले के इच्छुक पशु आपूर्तिकर्त्तागण जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा (मेघा डेयरी परिसर, लोकाई, कोडरमा) से आवेदन–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्धारित अर्हताएँ पूर्ण करने के उपरांत ही सूचीबद्धता हेतु आवेदन–पत्र गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची को अग्रसारित किया जा सकेगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.327026 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25):D

**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**
संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला – 835207

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री त्रिलोचन सिंह, उद्यान सेवक, प्रखण्ड उद्यान नर्सरी, गुमला दिनांक 09.02.2024 से आज तक बिना किसी सूचना के कार्यालय एवं मुख्यालय से अनुपस्थित हैं।

श्री सिंह को निदेश है कि विज्ञप्ति प्रकाशित तिथि के 10 (दस) दिनों के अन्दर आप स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड सेवा संहिता के सूसंगत नियमानुसार कारवाई की जायेगी।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
गुमला

PR 327101 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D

# आज योगाभ्यास, शामिल होंगे विधायक मथुरा महतो

**10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर सीबीसी धनबाद की ओर से पेंटिग, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन**
**- पेंटिंग-निबंध प्रतियोगिताओं के विजेता किए जायेंगें पुरस्कृत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद/तोपचांची।** केंद्रीय संचार ब्यूरो धनबाद की ओर से 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को आम जनों व विद्यार्थियों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन तोपचांची प्रखंड स्थित मदईडीह के विनोद बिहारी महतो महिला इंटर कॉलेज में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने विद्यार्थियों को इस वर्ष की थीम 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' और परिवार के साथ योग' के बारे में जानकारी दी। साथ ही अंतराष्ट्रीय योग दिवस कैसे 2015 से पूरे विश्व में मनाया जाने लगा उसपर चर्चा की। इस दिन प्री पब्लिसिटी कार्यक्रम के मौके पर प्राचार्य उत्तम कुमार महतो, सीबीसी धनबाद के तकनीकी सहायक राजकिशोर पासवान सहित महाविद्यालय के शिक्षक प्रो धिरजु महतो, प्रो वानेशवर टुडू, प्रो सरिता गुप्ता, प्रो राजेश कुमार महतो, प्रो बलदेव प्रसाद महतो, प्रो मुकेश महतो, प्रो शंकर महतो, प्रो चोलाराम महतो, प्रो ओम प्रकाश महतो, अनिल रजवार, शिवा महतो, इकबाल अंसारी, आरती देवी, भिखनी देवी आदि की प्रमुख भूमिका रही। उधर, पेंटिग प्रतियोगिता में दीपाली कुमारी को प्रथम स्थान मिला। जबकि निबंध प्रतियोगिता की विजेता अंतरा कुमारी रही। उधर, शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। योगाभ्यास के बाद रंगोली, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### बोकारो डीडीसी ने किया कसमार का निरीक्षण

# अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लायें: डीडीसी



**कसमार (आजाद सिपाही)।** बोकारो डीडीसी संदीप कुमार ने गुरुवार को कसमार प्रखंड का दौरा कर यहां चल रहे अबुआ आवास योजना, मनरेगा कूप, बागवानी आदि संचालित योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कसमार के बीडीओ अनिल कुमार को निर्देश दिया कि जितने भी अबुआ आवास चयनित हैं, कार्य तेज गति से की जाय, ताकि काम समय पर पूरा हो सके। उन्होंने बागवानी के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि बागवानी का उपयुक्त मौसम बरसात ही होता है। आने वाले एक-दो महीने में ही सारे लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश की जानी चाहिए। डीडीसी ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जितने भी कूप प्रखंड में खोदे जा रहे हैं 15 जुन तक सभी कूपों की जुड़ाई कर बांधने का काम पूरा किया गया है। अगर कुछ में कार्य बाकी है तो उसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए। बरसात जाने से कूपों में मिट्टी धंस जाने की संभावना अधिक हो जाती है, जिस कारण खर्च और परेशानी बढ़ जाती है। इनके अलावा चल रहे विभिन्न योजनाओं पर भी निर्देश दिया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
SOIL INVESTIGATION DIVISION,
ADVANCE PLANNING,
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,
RANCHI**
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda, Ranchi-834002

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-06/2024-25
1st Call**
e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/06/2024-25 Date:-19.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Reconstruction/ Widening & Strengthening of Road from Pakha More to Dantar including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Chatra in the State of Jharkhand. (Tentative length 09k.m.)*Empanelled consultant with RCD under category-I I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 09 k.m. |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee. Tender fee will be recivedthrough online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 15,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Perothen Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 22.06.2024,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 29.06.2024 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 29.06.2024 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 01.07.2024 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance PlanningRCD, Ranchi Mob-9905660677. |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
(Ravi Shankar Pravakar)
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi.

PR.NO.327039 Road(24-25):D

**कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा**

**अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03/2024–25**

दिनांक 19.06.2024

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित्त आयोग | | | | | | |
| 1 | 15 | अरघोती नदी के दोनो साईड के पुल का मरम्मति एवं रंगरोगन का कार्य एवं दो हाईमास्क लाईट क अधिष्ठापन एवं श्मशान शेड का निर्माण कार्य | 1576600.00 | 31550.00 | 5000.00 | 03 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | | 24-06-2024 (10:00 AM) | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | | 02-07-2024 (05:00 PM) | |
| C | Date of opening Tender | | | | 03-07-2024 (11:00 AM) | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | | |
| E | Helpline No. | | | +91-6204691550 | | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 327001 Urban Development(24-25)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**
अति अल्प कालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/1/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज पंचायत तासु में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चाया में चाहरदीवारी निर्माण कार्य। | 2303900 | 46500 | 5000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज पंचायत तासु में राजकीय प्राथमिक विद्यालय जानी में चाहरदीवारी निर्माण कार्य। | 1411900 | 28500 | 2500 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 29.06.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –02.07.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR 326962 Rural Development(24-25)D

### मुख्यमंत्री को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया

# सरकारी योजनाओं को सही ढंग से जनता तक पहुंचायें : मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्य सचिव संजय कुमार सिंह, निदेशक सरोज कुमार सामल और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गुरुवार को राज्य अतिथि गृह में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की और उन्हें विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। चर्चा में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया, जैसे कि विभाग में रिक्तियों को भरना, पत्रकारों के कल्याण के लिए किये गये उपाय, बजटीय प्रावधान, जिला स्तर के कार्यालयों को मजबूत करना, सोशल मीडिया आदि। जनता की सरकार और जनता के मुख्यमंत्री के रूप में प्रतिनिधित्व करने वाली नयी सरकार में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सरकार के विभिन्न विकास कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने को महत्व दिया और उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अपने पेशेवर कौशल को बढ़ाने की सलाह दी ।



मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने पर जोर दिया. इस बैठक में निदेशक (वाणिज्यिक) सुरेंद्र नाथ परिडा, अतिरिक्त निदेशक संतोष कुमार दास, संयुक्त निदेशक गुरबीर सिंह, वित्तीय सलाहकार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सूरमा पाढ़ी बनीं ओड़िशा विधानसभा की नयी अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रणपुर के विधायक सूरमा पाढ़ी ओड़िशा विधानसभा की नयी अध्यक्ष बनीं। सूरमा पाढ़ी को सर्वसम्मति से वाचस्पति चुना गया है। इसकी घोषणा कार्यवाहक वाचस्पति रणेंद्र प्रताप स्वाइं ने की। विधानसभा अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री समेत सभी दलों के विधायकों ने उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सुरमा पाढ़ी को वाचस्पति बनाने का प्रस्ताव सदन में रखा था, जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। सूरमा पाढ़ी 2004 में विधायक चुने गये और मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने कहा कि अब वह वाचस्पति के तौर पर भी जिम्मेदारी संभालेंगे।

# नीट के साथ समझौता नहीं होगा : शिक्षा मंत्री प्रधान

### एनटीए के लिए हाई लेवल कमेटी गठित होगी, जो इसे और बेहतर बनाने के लिए सिफारिश देगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नीट एग्जाम विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट एग्जाम के साथ समझौता नहीं होगा। एग्जाम को जीरो एरर बनाया जायेगा। एनटीए के लिए हाई लेवल कमेटी गठित होगी, जो इसको और बेहतर करने के लिए सुझाव देगी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि कमेटी में टेक्नोक्रेट्स, साइंटिस्ट्स, एकेडमिशियन, साइकोलॉजिस्ट बैकग्राउंड के लोगों को मिलाकर सरकार कमेटी बनायेगी। जल्द ही इसे नोटिफाई किया जायेगा। ये कमेटी एनटीए के स्ट्रक्चर, फंक्शनिंग, एग्जाम प्रोसेस, ट्रांसपेरेंसी, ट्रांसफर और डेटा, सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को और इंप्रूव करने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के संबंध में हमें बिहार सरकार की ओर से लगातार संपर्क में हैं और पटना से हमें कुछ जानकारी भी आ रही है। आज भी कुछ चर्चा हुई है। पटना पुलिस के पास कुछ जानकारी आयी जो सबसे सामने भी है। डिटेल्ड रिपोर्ट जल्द भारत सरकार को भेजेंगे।



#### नीट यूजी काउंसलिंग पर रोक से सुप्रीम कोर्ट ने फिर किया इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नीट यूजी काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि आखिरी सुनवाई के बाद परीक्षा कैंसिल होती है, तो काउंसलिंग भी कैंसिल हो जायेगी। इससे पहले 11 जून को भी सुप्रीम कोर्ट ने यह अपील खारिज की थी। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा रद्द करने की मांग वाली नयी याचिका पर भी सुनवाई हुई। यह अर्जी 49 स्टूडेंट्स और स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआइ) ने लगायी थी। इस पर अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। याचिकाकर्ताओं ने एग्जाम में 620 से ज्यादा स्कोर वाले स्टूडेंट्स का बैकग्राउंड चेक करने और फोरेंसिक जांच करने की मांग की है।

वहीं, पेपर लीक के आरोप की सीबीआइ जांच की भी मांग की है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान, कलकत्ता और बॉम्बे हाइकोर्ट में नीट यूजी केस में दायर याचिकाओं को क्लब कर दिया है। अब इन पर सुप्रीम कोर्ट में 8 जुलाई को सुनवाई होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने यह मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एसवीएन भट्टी की वेकेशन बेंच कर रही है।

## जम्मू में चिनाब ब्रिज पर ट्रेन का ट्रायल हुआ

**श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** जम्मू में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च ब्रिज पर 20 जून को ट्रेन का ट्रायल रन हुआ। इससे पहले 16 जून को ब्रिज पर इलेक्ट्रिक इंजन का ट्रायल हुआ था। यह ब्रिज संगलदान और रियासी के बीच रेलवे लाइन का हिस्सा है। इस रूट पर 30 जून से ट्रेन ऑपरेट करेगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 16 जून को बताया था कि जम्मू के रामबन में संगलदान और रियासी के बीच ट्रेन का पहला ट्रायल रन पूरा हुआ है। यह ट्रेन चिनाब ब्रिज से होकर गुजरेगी, जो कि दुनिया का सबसे ऊंचा स्टील आर्च ब्रिज है। अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस सफल परीक्षण की जानकारी दी। चिनाब ब्रिज पेरिस के एफिल टावर से भी ऊंचा है।

# श्रीमंदिर का रत्न भंडार खोलने पर फैसला नहीं हुआ : पृथ्वीराज हरिचंदन

- गलत जानकारी देनेवाला एएसआइ अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने बुधवार को एएसआइ के अधीक्षक द्वारा 8 जुलाई को पुरी श्रीमंदिर का रत्न भंडार के खुलने के बारे में किये गये दावों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि 8 जुलाई को श्रीमंदिर का रत्न भंडार के खुलने के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हरिचंदन ने कहा की एएसआइ ने इस मामले पर टिप्पणी की और अपनी गलती को छिपाने के लिए भ्रम पैदा किया। उन्होंने एएसआइ अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी। मामले की जांच के बाद रत्न भंडार खोलने का निर्णय लिया जायेगा।



सूचना मुताबिक बुधवार को एएसआइ अधीक्षक डी बी गड़नायक ने बताया कि पूरी महाप्रभु श्रीजगन्नाथ का रत्न भंडार 8 जुलाई को खोला जायेगा। डीबी गड़नायक ने कहा कि मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा था कि 8 जुलाई को निरीक्षण किया जायेगा और कोर कमेटी और तकनीकी समिति की मौजूदगी में रत्न भंडार खोला जायेगा। उन्होंने कहा कि 2018 की रिपोर्ट के अनुसार निरीक्षण किया गया था और दरारें देखी गयी थीं, लेजर स्कैनिंग में बाहरी दीवार और जोड़ों में दरारें पायी गयी थीं। इन दरारों से बारिश का पानी अंदर आ सकता है। बाद में गड़नायक ने फिर स्पष्ट किया कि रत्नभंडार को कब खोलना है, इस पर ओड़िशा सरकार निर्णय लेगी और एएसआइ संरक्षण कार्य के लिए तैयार है।

# अंकुरा अस्पताल में एंडोमेट्रियोसिस और जटिल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंकुरा हॉस्पिटल इन भुवनेश्वर ने डॉ जीएसएस मोहपात्रा, निदेशक, एडवांस्ड लैप्रोस्कोपी और एंडोमेट्रियोसिस, अंकुरा महिला एवं बाल देखभाल अस्पताल भुवनेश्वर के नेतृत्व में हाल ही में एक अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र का अनावरण किया है, जो एंडोमेट्रियोसिस और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के लिए उन्नत स्त्री रोग संबंधी देखभाल प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह नयी सुविधा नवीनतम तकनीक से सुसज्जित है और अत्यधिक कुशल स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा संचालित है, जो रोगियों को क्षेत्र में शीर्ष-स्तरीय चिकित्सा देखभाल तक पहुंच प्रदान करती है। इस उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन अंकुरा अस्पताल की महिला स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और जटिल स्त्री रोग संबंधी स्थितियों को सटीकता और विशेषज्ञता के साथ संबोधित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एंडोमेट्रियोसिस दुनिया भर में लाखों महिलाओं को प्रभावित करता है, और अंकुरा अस्पताल में उपलब्ध उन्नत उपचार इस स्थिति से पीड़ित रोगियों को राहत और जीवन की बेहतर गुणवत्ता प्रदान करने का वादा करते हैं।

एंडोमेट्रियोसिस एक्सीशन के एक बेहद कुशल विशेषज्ञ डॉ जीएसएस मोहपात्रा इस असाधारण विभाग का नेतृत्व करेंगे। फ्रांस के बोर्डो में उन्नत एंडोमेट्रियोसिस तकनीकों में प्रशिक्षित, वे दा विंची प्लेटफॉर्म पर सौम्य सर्जरी के लिए ओडिशा के अग्रणी रोबोटिक सर्जन हैं। डॉ मोहपात्रा ने ओड़िशा की पहली vNOTES सर्जरी भी सफलतापूर्वक की है, जो हिस्टेरेक्टॉमी जैसी जटिल प्रक्रियाओं के लिए प्राकृतिक योनि उद्घाटन का उपयोग करने वाला एक अत्याधुनिक तरीका है। यह न्यूनतम आक्रामक तकनीक चीरों और टांकों की आवश्यकता को समाप्त करती है, जिससे तेजी से रिकवरी होती है और सर्जिकल उपचार की आवश्यकता वाले स्त्री रोग संबंधी मुद्दों के लिए एक उन्नत समाधान प्रदान करती है।



अंकुरा महिला एवं बाल देखभाल अस्पताल, भुवनेश्वर के एडवांस्ड लेप्रोस्कोपी एवं एंडोमेट्रियोसिस के निदेशक डॉ जीएसएस महापात्रा ने कहा कि महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करती हैं और एंडोमेट्रियोसिस जैसी गंभीर स्थिति से चुपचाप पीड़ित रहती हैं। यह स्थिति गर्भाशय के बाहर गर्भाशय की परत के समान ऊतक विकसित होने के कारण दर्द, भारी मासिक धर्म और बांझपन का कारण बनती है। जागरूकता की कमी के कारण दुनिया भर में कई महिलाओं में एंडोमेट्रियोसिस का निदान नहीं हो पाया है। एंडोमेट्रियोसिस के लिए नए उपचार, जिसमें न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी और उन्नत तकनीक शामिल हैं, प्रभावित लोगों के लिए आशा की किरण हैं। ये उपचार कम कट और निशान के साथ तेजी से ठीक होने की अनुमति देते हैं। उच्च-रिजॉल्यूशन तकनीक वाली उन्नत लेप्रोस्कोपिक सर्जरी डॉक्टरों को जटिल सर्जरी को सटीकता के साथ करने में मदद करती है।

अंकुरा अस्पताल में अपनी घोषणा के दौरान डॉ जीएसएस महापात्रा ने एडवांस्ड लैप्रोस्कोपी और एंडोमेट्रियोसिस के निदेशक के रूप में काम करने की अपनी मंशा व्यक्त की। उन्होंने इस निर्णय के पीछे दो मुख्य प्रेरणाओं पर जोर दिया। सबसे पहले, उनका उद्देश्य अंकुरा अस्पताल में उपलब्ध असाधारण सुविधाओं को प्रदर्शित करना था, विशेष रूप से मां और बच्चे की देखभाल के क्षेत्र में। पानी के भीतर जन्म देने जैसी अभिनव सेवाओं से लेकर दुनिया भर के प्रमुख शहरों में उपलब्ध बेहतरीन सुविधाओं तक, अस्पताल का लक्ष्य फोटोशूट और बेबी शॉवर जैसी सेवाओं के माध्यम से माताओं को एक यादगार अनुभव प्रदान करना है। ये अग्रणी सुविधाएँ ओडिशा और भुवनेश्वर में अद्वितीय हैं, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि अस्पताल में कदम रखने के क्षण से हर मां की यात्रा असाधारण से कम नहीं है।

दूसरे डॉ महापात्रा ने केंद्र को एंडोमेट्रियोसिस और उन्नत स्त्री रोग संबंधी लेप्रोस्कोपी सेवाओं के लिए एक प्रमुख केंद्र में बदलने के अपने लक्ष्य को रेखांकित किया। एंडोमेट्रियोसिस द्वारा उत्पन्न चुनौतियों को पहचानते हुए - महिलाओं के जीवन के कई पहलुओं को प्रभावित करने वाली एक दर्दनाक स्थिति - उन्होंने अंकुरा अस्पताल में व्यापक देखभाल और 3 डी लेप्रोस्कोपी जैसे उन्नत उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप समग्र समाधान प्रदान करके, वह अंकुरा अस्पताल को एंडोमेट्रियोसिस के लिए विशेषज्ञ देखभाल चाहने वालों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनने की कल्पना करते हैं।

अंकुरा सबसे तेजी से बढ़ते अस्पतालों में से एक है जो एक दशक से भी अधिक समय से महिलाओं और बच्चों के लिए विशिष्ट और उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान कर रहा है। पूरे भारत में मौजूदगी के साथ, अंकुरा और 9M by अंकुरा के तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में फैले 14 विश्व स्तरीय केंद्र हैं। महिलाओं के लिए उनके विशेष सेटअप ने देश के विभिन्न हिस्सों में कई महिलाओं और बच्चों को लाभान्वित किया है। उनके पास समग्र और पूर्ण प्रसवपूर्व से प्रसवोत्तर देखभाल के साथ सबसे अच्छी प्रसव सुविधाएं हैं और गर्भवती महिलाओं के लिए प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक, आहार विशेषज्ञ और स्तनपान सलाहकार जैसी सुविधाएं भी हैं।

## 6 राज्यों की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव में इवीएम में गड़बड़ी की जांच के आदेश

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** चुनाव आयोग ने 6 राज्यों की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव में इवीएम में गड़बड़ी की जांच के आदेश दिये हैं। इनमें हरियाणा-तमिलनाडु की दो-दो सीटें शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की एक-एक सीटें हैं। 8 सीटों में से भाजपा को 3 और कांग्रेस को 2 सीटों में जीत मिली थी। वहीं, 3 सीटें अन्य पार्टियों के खाते में गयीं। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में इवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आये थे। इनमें इवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गयी थी। आयोग अब इन 8 सीटों के 92 पोलिंग स्टेशनों पर इस्तेमाल हुई इवीएम की जांच करेगा। इसके अलावा आयोग ने आंध्र प्रदेश और ओड़िशा की 3 विधानसभा सीटों की इवीएम की भी जांच के आदेश जिये हैं। आयोग यहां के 26 पोलिंग स्टेशन पर इवीएम में गड़बड़ी की जांच करेगा। यह पहली बार है कि चुनाव आयोग ने इवीएम चेक कराने को लेकर गाइडलाइन जारी की है। 4 जून को काउंटिंग से पहले 1 जून को आयोग की ओर से यह गाइडलाइन आयी थी।







# बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस लैग और फ्लाई ऐश के माध्यम से ओड़िशा की मिट्टी को बेहतर बनाने के लिए टाटा स्टील और आइसीएआर-एनआरआइ की योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** टाटा स्टील ने राज्य में एक स्थायी कृषि पहल को लागू करने के लिए ओडिशा सरकार के साथ हाथ मिलाया है। सहयोग का उद्देश्य ओड़िशा में अम्लीय मिट्टी को पुनः प्राप्त करने के लिए मिट्टी के संशोधन के रूप में बुनियादी ऑक्सीजन फर्नेस (एलडी) स्लैग और फ्लाई ऐश जैसे औद्योगिक कचरे का उपयोग करना है। एलडी स्लैग की पहली खेप 18 जून को ढेंकनाल जिले में टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) संयंत्र से रवाना की गयी थी।

इस आयोजित कार्यक्रम में कटक स्थित राष्ट्रीय अनाज अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ मनीष देवनाथ, टाटा स्टील आइबीएमडी प्रमुख आलोक रंजन, टीएसएम के अन्य अधिकारियों में पर्यावरण प्रमुख अनुप श्रीवास्तव, कॉर्पोरेट रिलेशन प्रमुख नृसिंह चरण महापात्र, आइबीएमडी संचालन प्रमुख सुनील कुमार राउत, पर्यावरण प्रमुख संजीव कुमार पाल, वरिष्ठ पर्यावरण अधिकारी संतोष पाटजोशी, आईबीएमडी अधिकारी सुशुभन घोषाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



इस पहल पर टाटा स्टील की सराहना करते हुए रमेश कुमार एक्का, वरिष्ठ पर्यावरण इंजीनियर और क्षेत्रीय अधिकारी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अंगुल, ओडिशा ने कहा कि फ्लाई ऐश और एलडी स्लैग जैसे बड़े पैमाने पर उत्पन्न औद्योगिक ठोस कचरे का उपयोग लौह और इस्पात क्षेत्रों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

हालांकि, टाटा स्टील ने ढेंकनाल, अंगुल और जाजपुर जिलों में ऐसे औद्योगिक कचरे के साथ अम्लीय मिट्टी के सुधार पर ओडिशा सरकार और आइसीएआर-एनआरआरआइ के सहयोग से एक अच्छी पहल की है। औद्योगिक ठोस अपशिष्ट के उपयोग की दिशा में ऐसी वैज्ञानिक पहल के लिए मेरी शुभकामनाएं।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**